यूएई पहुंचे पीएम मोदी, गार्ड ऑफ ऑनर... 12

नजीरगंज में शावकों के साथ घूम रहे मादा तेंदुआ... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 123
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
बुधवार | 14 फरवरी, 2024

फरीदाबाद में रोके गए किसान

किसान संगठनों के दिल्ली कूच आह्वान के मद्देनजर पुलिस ने जिले के बॉर्डर एरिया गदपुरी टोल प्लाजा, सीकरी, झाड़ सेतली, खोरी व मांगर के नाकों पर पुलिस ने सोमवार रात से ही बैरिकेडिंग लगाई हुई थी। एक दिन पहले ही जिले के भाकियू नेताओं ने दिल्ली कूच करने की चेतावनी दी थी। मंगलवार सुबह मोहना से भाकियू नेता करीब 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर सवार करीब 400 कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लिए निकले। गदपुरी टोल के पास नाके पर भारी संख्या में मौजूद पुलिस फोर्स ने उन्हें रोक लिया।

सिंघु बॉर्डर पर पैदल चलने को मजूबर आमजन

सिंघु बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े इंतेजाम होने की वजह से वाहनों की रफ्तार थम गई है। चेकिंग के साथ ही वाहनों को आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं दिल्ली पुलिस के साथ सुरक्षाबलों के जवान बॉर्डर पर तैनात हैं। लोग पांच से छह किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं।

जींद में भी बवाल

नरवाना के साथ लगती पंजाब सीमा पर भी पुलिस व किसानों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। पंजाब की तरफ बॉर्डर पर पुलिस ने सड़क के बीच में कीलें गाड़ी गई थी। किसान इन्हें निकालने लगे तो पुलिस ने आसू गैस के गोले छोड़ने शुरू कर दिए और वाटर कैनन का भी प्रयोग किया गया। हरियाणा के जींद में भी बवाल शुरू हो गया है।

शांति भंग नहीं होने देंगे

किसानों के विरोध प्रदर्शन पर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने सवाल उठाए हैं। विज ने कहा कि किसान केंद्र सरकार से बात करना चाहते थे, लेकिन केंद्र के अधिकारी यहां बात करने आए हैं। दो बार बातचीत हो चुकी है और आगे भी बातचीत से इनकार नहीं कर रहे हैं फिर भी वे दिल्ली जाने पर अड़े हुए हैं...वे दिल्ली क्यों जाना चाहते हैं? ऐसा लगता है कि उनका कोई और मकसद है...हम शांति भंग नहीं होने देंगे। उन्हें अपना कॉल वापस लेना चाहिए।

हरियाणा पुलिस का बयान

शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों द्वारा हरियाणा पुलिस पर पथराव किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। उपद्रव फैलाने की अनुमति किसी को नहीं है, ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

दिल्ली जाने के लिए अड़े किसानः पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई, रबर की गोलियों से कई प्रदर्शनकारी घायल

किसानों का 'बॉर्डर' पर हंगामा

- हरियाणा के गृहमंत्री बोले, ऐसा लगता है किसानों का अलग मकसद है
- शंभू बॉर्डर पर बवाल में डीएसपी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल, किसानों को भी आई चोटें
- पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर 5 हजार से ज्यादा किसान पहुंचे
- शंभू बॉर्डर पर फ्लाईओवर पर प्रदर्शनकारियों ने सेफ्टी बैरियर तोड़े

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पंजाब से किसान मंगलवार 13 फरवरी को दिल्ली चलो मार्च के लिए निकल चुके हैं। दिल्ली के आसपास के बॉर्डर पर किसानों को रोकने के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश गई तो पुलिस ने ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े। हरियाणा में कई जगहों पर किसानों ने बैरिकेड हटा दिए। पंजाब के एक किसान ने बताया कि हम सुई से हथौड़ा तक सब लेकर चले हैं। हमारे पास पर्याप्त डीजल और पत्थर तोड़ने के औजार भी हैं। हम गांव से 6 महीने का राशन लेकर चले हैं। आंदोलन को देखते हुए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। हरियाणा के 7 और राजस्थान के 3 जिलों में इंटरनेट बंद है। 15 जिलों में धारा 144 लागू है। हरियाणा और दिल्ली का सिंघु-टीकरी बॉर्डर, यूपी से जुड़ा गाजीपुर बॉर्डर सील हैं। दिल्ली में भी कड़ी बैरिकेडिंग है। यहां एक महीने के लिए धारा 144 भी लागू कर दी गई है। भीड़ जुटने और ट्रैक्टर्स की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने कहा- सरकार किसानों की मांगों को लेकर सीरियस नहीं है। उनके मन में खोट है। वह सिर्फ टाइम पास करना चाहती है। हम सरकार के प्रस्ताव पर विचार करेंगे, लेकिन आंदोलन पर कायम हैं। चंडीगढ़ में 12 फरवरी की रात किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के बीच साढ़े 5 घंटे मीटिंग चली। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून और कर्ज माफी पर सहमति नहीं बन पाई थी।

पथराव में 12 किसान और डीएसपी समेत 6 पुलिस के जवान घायल

शंभू बॉर्डर पर झड़प में 12 से अधिक किसान घायल हुए हैं। इन्हें आंसू गैस के गोले या रबड़ की बुलेट लगी हैं। वहीं अंबाला के डीएसपी समेत 6 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा- किसानों-आम लोगों के अपने-अपने अधिकार

- पंजाब-हरियाणा के किसानों के दिल्ली जाने से रोकने और प्रदर्शन के खिलाफ दायर 2 याचिकाओं पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया और जस्टिस लपिता बनर्जी की बैंच ने यह सुनवाई की।
- इस दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि मौलिक अधिकारों में संतुलन होना चाहिए। किसानों और आम लोगों के अपने अधिकार हैं। सरकारों को इस मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 15 फरवरी को होगी।
- इससे पहले सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से पूछा कि उन्होंने किसानों का रास्ता क्यों रोका?, वह सिर्फ आपके रास्ते से गुजर रहे हैं। इस पर हरियाणा सरकार ने कहा कि किसानों ने प्रदर्शन के लिए दिल्ली सरकार से परमिशन नहीं ली है।

नोएडा दिल्ली बॉर्डर पर जाम

अपनी मांगों को लेकर दिल्ली खोज करने वाले किसानों को रोकने के लिए दिल्ली नोएडा बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती और बेरिकेडिंग के कारण जाम की स्थिति बनी रही। इसका असर नोएडा में व्यापक रूप से देखने को मिला। एडीसीपी मनीष मिश्रा का कहना है की पंजाब, राजस्थान, हरियाणा समेत यूपी के किसान भी काफी संख्या में दिल्ली कूच की सूचना है। एहतियात के तौर पर नोएडा और दिल्ली के बीच पुलिस सख्ती से जांच कर रही है। चिल्ला बॉर्डर, डीएनडी और कालिंदी कुंज बॉर्डर पर वाहनों के अधिक दवाब के कारण कई किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। संदिग्ध वाहनों की सख्ती से छानबीन कर दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है। एक कारण दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रैफिक काफी धीमी गति से चल रही है।

सीमा पर पुलिस का पहरा, सड़क पर रेंग रहे वाहन

किसानों का काफिला पंजाब से दिल्ली की तरफ कूच करते ही दिल्ली पुलिस ने दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर पर मंगलवार दोपहर 12 बजे वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है। एंबुलेंस समेत आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है। दिल्ली-गुरुग्राम और दिल्ली-फरीदाबाद बॉर्डर पर भी पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी गई है। दिल्ली-यूपी के गाजीपुर व चिल्ली बॉर्डर पर सख्त निगरानी है। दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, प्रदर्शन जारी रहेगा

पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव सरवण सिंह पंधेर ने कहा- शंभू बॉर्डर पर 10 हजार लोग जमा हैं। हरियाणा सरकार रोकने की कोशिश कर रही है। हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। हम कुछ भी नहीं कर रहे, लेकिन ड्रोन से आंसू गैस के गोले फेंके जा रहे हैं। जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं

किसानों के मुताबिक, शंभू बॉर्डर पर पुलिस की तरफ से रबर की गोलियां चलाई जा रही हैं। कई किसान गोली लगने से घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि, रबर की गोलियां चलाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, कुछ किसानों का कहना है पुलिस एक्सपायरी डेट के आंसू गैस के गोले उन पर दाग रही है। गोलों पर साल 2018 तक की डेट है।

गुरुग्राम-दिल्ली बॉर्डर पर जाम के चलते बैरिकेडिंग हटाई

किसानों के दिल्ली चलो मार्च के चलते गुरुग्राम-दिल्ली बॉर्डर पर लंबा जाम लग गया। गुरुग्राम पुलिस ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से बात कर बैरिकेडिंग हटवा दी। फिलहाल बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग बंद कर दी गई है। धीरे-धीरे वाहन निकलना शुरू हो गए हैं। शंभू बॉर्डर पर किसानों ने बैरिकेड हटाने की कोशिश की। ट्रैक्टर के जरिए बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की जा रही है। हरियाणा पुलिस लगातार आंसू गैस के गोले दाग रही है। बॉर्डर पर धुएं की चादर बन गई है।

किसान आंदोलनः अखिलेश यादव बोले, किसानों पर आंसू गैस के गोलों की बौछार, ये कैसा अमृतकाल... धिक्कार है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। दिल्ली की तरफ जा रहे किसानों के जत्थे पर पुलिस द्वारा आंसू गैस छोड़ने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की है और कहा कि ये कैसा अमृतकाल है जब किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। धिक्कार है...। उन्होंने कहा कि जो कुछ हो रहा है और जिस प्रकार की खबरें आ रही हैं कि आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। किसानों को रोकने के लिए और आंदोलन खत्म करने के लिए कीलों के साथ-साथ दीवारें तक खड़ी की गई। प्रशासन के माध्यम से सरकार जो कर सकती थी कर रही है। दिल्ली की सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। ये वही सरकार के लोग हैं जिन्होंने किसानों से कहा कि उनकी आय दोगुनी हो जाएगी, फसल की कीमत मिलेगी, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी इन्हीं मांगों को लेकर किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया था। इस दौरान 700 किसानों की जान चली गई थी। ये सरकार चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकरकिसानों के वोट तो लेना चाहती है लेकिन उनकी बातों को नहीं मानना चाहती है। आने वाले चुनाव में जनता उनको सबक सिखाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मुनाफा कमाने वालों से मिली हुई है।

अन्याय की स्थिति में देशभर के किसान उनके साथ, सरकार सुने बातः राकेश टिकैत

जन एक्सप्रेस। मेरठ। किसानों का दिल्ली कूच रोकने के लिए केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच तनातनी जारी है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी पर बात नहीं बनने के बाद मंगलवार को किसानों ने दिल्ली मार्च शुरू कर दिया। बॉर्डर पर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। पंजाब-हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। अंबाला के शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी वाले कानून की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के लिए किसान दिल्ली आ रहे हैं। इसी बीच भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने इसे लेकर अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह मार्च (किसान) यूनियन द्वारा बुलाया गया है, लेकिन किसी भी अन्याय की स्थिति में देश भर के किसान हरियाणा-पंजाब के किसानों के साथ हैं। वे अपना पक्ष रखने आ रहे हैं और सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए! उन सभी के मुद्दे एक हैं। कर्ज माफी, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करना और एमएसपी के लिए कानून बनाना। उन्होंने कहा कि हमसे न किसान दूर है, न ही दिल्ली दूर है। किसान यदि अपनी बात कहना चाहते हैं, तो सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए। वहीं किसानों के दिल्ली चलो मार्च के बारे में पत्रकारों के सवाल पर भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि अलग अलग राज्यों के किसानों की अलग-अलग मांगे हैं, लेकिन सवाल है कि क्या किसान हमेशा आंदोलन पर रहेगा या रास्तों को जाम करने, मार्च या दिल्ली कूच पर ही रहेगा?

कानपुर एक्सप्रेस

कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

रिपोर्ट सभी ऐसे मंदिर हैं जिनको जिले के जिलाधिकारी या स्थानीय लोगों के द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार रखरखाव और सौंदर्यीकरण की जरूरत है

75 जिलों के 300 से ज्यादा मंदिरों को संवारा जाएगा

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

- योगी सरकार ने प्रदेश भर में अपने-अपने क्षेत्र में आस्था का केंद्र मंदिरों के रखरखाव के लिए बड़ा निर्णय लिया है
- छोटे-बड़े मंदिरों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण पर 150 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है सरकार
- पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के द्वारा कंस्ट्रक्शन एजेंसी को सौंपी जा रही है

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश भर में अपने-अपने क्षेत्र में आस्था का केंद्र मंदिरों के रखरखाव के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब सरकार छोटे मंदिरों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण के काम में भी दिलचस्पी दिखा रही है। ताकि पर्यटन के क्षेत्र में यूपी का तेजी से विकास हो सके। सरकार प्रदेश के 75 जिलों के 300 से ज्यादा छोटे-बड़े मंदिरों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण पर 150 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। इसके लिए प्रदेश के ऐसे मंदिर जिनको जिले के जिलाधिकारी या स्थानीय लोगों के द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार रखरखाव और सौंदर्यीकरण की जरूरत है, उसकी सूची को योगी सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के द्वारा कंस्ट्रक्शन एजेंसी को सौंपी जा रही है। इसमें आने वाले पूरे खर्च का ब्योरा तैयार कराया जा रहा है।

इन मंदिरों का होगा कायाकल्प

इसमें आगरा के बटेश्वर धाम मंदिर, फिरोजाबाद का रुपाणी देवी मंदिर, अलीगढ़ का अमानी बाबा मंदिर, एटा का कैलाश मंदिर, हाथरस का तारागढ़ मंदिर, मैनपुरी का लालपुरी मंदिर, मथुरा का लक्ष्मी मंदिर, अयोध्या का हाथी राम बाबा मंदिर, अंबेडकर नगर का शिव बाबा मंदिर, बाराबंकी का महादेव मंदिर, अमेठी का राम-जानकी मंदिर, गोंडा का झाली धाम मंदिर, बहराइच का बाबा बिहारी दास मंदिर, बलरामपुर का मां पाटेश्वरी देवी मंदिर के साथ गोरखपुर का झारखंडी मंदिर शामिल है।

सौंदर्यीकरण के अभाव में बदहाल हो चुके मंदिर पर फोकस

ऐसे मंदिर जो नवीकरण या सौंदर्यीकरण के अभाव में बदहाल हो गए हैं, उन पर 50 लाख रुपये हर मंदिर के हिसाब से बजट जारी किया जा रहा है। इनमें से कई मंदिर ऐसे हैं, जो सदियों पुराने हैं और पिछली सरकारों की अनदेखी और मरम्मत के अभाव में बदहाल हो गए हैं।

मंदिरों के नवीकरण के लिए 50 लाख से 2 करोड़ रुपए तक आवंटित

योगी सरकार इन मंदिरों के नवीकरण और सौंदर्यीकरण के जरिए प्रदेश की संस्कृति को सहेजने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। सरकार की तरफ से इन मंदिरों के नवीकरण के लिए 50 लाख से 2 करोड़ रुपए तक की राशि आवंटित की गई है। जबकि, बड़े मंदिरों के लिए इससे भी ज्यादा राशि का आवंटन किया गया है।

मंदिरों की पुरानी संरचना को फिर से तैयार कराया जाएगा

ये सभी वह मंदिर हैं जिनका पुनर्निर्माण या नवीकरण कराया जा रहा है। इन मंदिरों के अस्तित्व और वैभव को बचाने के लिए यूपी की योगी सरकार की तरफ से यह प्रयास किया जा रहा है। इन मंदिरों की पुरानी संरचना को फिर से तैयार करने के साथ इसके भीतर के काम और चारदीवारी के निर्माण का भी काम कराया जा रहा है। इन मंदिरों को सड़कों और हाइवे से जोड़ने का भी काम किया जा रहा है।

डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर की ब्रीफिंग

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में ब्रीफिंग कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 17 एवं 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। जिसमें जनपद में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम पाली में 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक होगी। जिसमें 7 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इसके अलावा तीन उड़न दस्ता टीम भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में है। इस केन्द्र के परीक्षार्थी समय से पहुंचकर प्रवेश ले ताकि परीक्षा में शामिल होने पर कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने अभी समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को जनपद में सकुशल संपन्न कराया है। इस तरह से आप सभी लोग परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाएं कर लें। उन्होंने सम्बन्धित एजेंसी से कहा कि सीसीटीवी कैमरा, फ्लेस्टिंग, परीक्षार्थियों की फोटोग्राफी आदि के लिए मैनपावर की व्यवस्था करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी से कहा कि कोषागार में डबल लाक पर प्रश्न पत्र रखवाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र में रहकर जो पुलिस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए निर्देशिका शासन द्वारा दी गई है, उसी के अनुसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, अंतरिक्षक आदि जो परीक्षा में कर्मचारी, अधिकारी लगाए गए हैं, उसकी बैठक परीक्षा से पूर्व अनिवार्य रूप से कराए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापको से कहा कि परीक्षा केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, परीक्षार्थियों के बैग आदि इलेक्ट्रॉनिक सामान रखने की व्यवस्था अलग से कराए। वाहनों के लिए रेलवे तथा परिवहन विभाग व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसमें सभी थानाध्यक्ष भी सतर्क रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल व सुचितापूर्ण संपन्न कराना कराएं। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि अपने परीक्षा केन्द्रों पर सावधानी पूर्वक प्रश्न पत्र लाने एवं ले जाने के लिए सतर्क दृष्टि से जो वाहन जाएगा, उसी के साथ चलकर परीक्षा केन्द्रों तक जाएंगे तथा दोनों पालियां की परीक्षा समाप्त होने पर उसे कोषागार में लाकर उत्तर पुस्तिकाएं डबल लाक पर जमा कराएंगे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न संपन्न कराना है। सभी परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अंदर अगर कोई बात होती है तो उसके जिम्मेदार केन्द्र व्यवस्थापक होंगे एवं परीक्षा केन्द्र के गेट के पास अगर कोई समस्या आती है तो सम्बन्धित तैनात पुलिस अधिकारी एवं उसके बाहर अगर कोई समस्या आती है तो सम्बन्धित थानाध्यक्ष जिम्मेदार होगा। अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि परीक्षा में जो अधिकारी लगाए गए हैं, उसका एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, जो परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश शासन द्वारा दिया गया है उसको ग्रुप में डाला जाए।

ज्ञानवापी में नमाज पर रोक लगाने की किया मांग, दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

काशी नगरी में स्थित ज्ञानवापी परिसर में चल रही नमाज को बंद कराये जाने के साथ ही परिसर को हिंदुओं को सौंपने की मांग को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रांतीय महामंत्री मनोज त्रिवेदी की अगुवाई में पदाधिकारी हाथों में तख्तियां लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। तत्पश्चात पीएम को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि वर्ष 1669 में औरंगजेब ने भगवान शिव की नगरी काशी में ज्ञानवापी परिसर स्थित मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया था। पिछले दिनों ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट व अनेकों साक्ष्यों के अनुसार ज्ञानवापी में अष्टकोणीय मंदिर, श्रृंगार मंडप, ज्ञान मंडप, ऐश्वर्य मंडप मूर्ति, शिवलिंग, स्वास्तिक, शंख घंटा आदि के निशान मिले हैं। न्यायालय ने व्यास तहखाने में माता श्रृंगार की पूजा अर्चना का अधिकार दिया है। मांग किया कि एएसआई सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ज्ञानवापी में मुसलमानों द्वारा पढ़ी जा रही नमाज को बंद कराकर परिसर को हिंदुओं को सौंपा जाय।

जिससे वहां भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा सके। इस मौके पर राम गोपाल शुक्ला, स्वामी राम आसरे आर्य, गजेंद्र मौर्य, पुष्पा, नीलम यादव, शशिकांत मिश्र, श्रवण कुमार, करन सिंह पटेल, राजाराम मौर्य, डा. प्रमोद कुमार पांडेय, रमाशंकर शुक्ल, संगीता गुप्ता, निरंजना श्रीवास्तव, स्वामी दयानंद बाबा, अर्जुन प्रसाद भी मौजूद रहे।

सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/बांदा। झांसी -मिर्जापुर हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक सवार युवक घुस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा निवासी अनिल कोटार्य (24) पुत्र बाबूलाल बदौसा के फतेहगंज तिराहे में स्थित चुन्नू बक्सा वाले के यहां बक्शा एवं टंकी बनाने का कार्य करता था सोमवार को दुकान मालिक चुन्नू की बाइक लेकर अतर्रा थाना क्षेत्र के खम्हौरा गांव निमंत्रण में गया था। रात को निमंत्रण में शामिल होने के बाद वह वापस बदौसा आ रहा था। तभी थाने के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक घुस गई। जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

15 फरवरी से होगा दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के मकसद से जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम कराने जा रहा है। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास, उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का 15 एवं 16 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में प्रातः 10 बजे से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में मिलेट्स, मोटा अनाज से सम्बन्धित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभागों के स्टाल, प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभागीय तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

ग्रामोदय महोत्सव में संपन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न ग्रामोदय महोत्सव 2024 के अंतर्गत सांस्कृतिक, बौद्धिक, ललित कला, खेल, उन्नत पशु प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा के साथ प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। विद्यार्थियो ने आपस में खूब खुशियां बांटी। इस अवसर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा, कुलसचिव नीरजा नामदेव, संयोजक ग्रामोदय महोत्सव प्रो नंद लाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रतियोगितायें

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागी विद्यार्थियों की घोषणा करते हुए सांस्कृतिक प्रतियोगिता संयोजक डॉ आर के पांडेय ने बताया कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी कृषि रहा, दूसरा स्थान आईटीईपी के उड़िया लोक नृत्य को और तीसरा स्थान राजस्थानी घूमर नृत्य बीएससी कृषि को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार एकल नृत्य में दीपांति का बीएससी, बीएड की छात्रा ने प्रथम स्थान और दूसरा स्थान सुधांशु शुक्ला एमए योगा के छात्र तथा आकांक्षा त्रिपाठी बीएससी विज्ञान वर्ग की छात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल गायन की स्पर्धा में बीपीए संगीत की छात्रा अंजली वर्मा ने प्रथम स्थान तथा वैभव श्रीवास्तव बीकॉम एवं अतुल सिंह बीपीए ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान स्वाति मिश्रा बीएससी गणित एवं प्रियांशु ताम्रकार बीएससी कृषि ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। समूह गान की प्रतियोगिता में बीएससी समूह विज्ञान वर्ग के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान अर्चना चौबे एवं पुष्पांजलि शुक्ला समूह बीपीए संगीत की छात्राओं ने प्राप्त किया, तीसरा स्थान प्रबंधन संकाय के वैभव श्रीवास्तव एवं अंजलि द्विवेदी (समूह) बीकॉम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नृत्य नाटिका के क्रम में शिखा पांडेय बीएससी कृषि समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान आईटीपी के छात्रों ने प्राप्त किया तथा तीसरा स्थान एकांकी नाटक (शिक्षा) पर आधारित नाट्य प्रस्तुति कर प्राप्त किया। मूक अभिनय के क्रम में बी टेक की छात्रा शांभवी सिंह गौर ने प्राप्त किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्रा विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत इस प्रकार की गतिविधियों में भावभीनी प्रस्तुतियां कर दर्शक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामोदय महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित प्रतिनिधि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का सफल संचालन डॉ आर के पांडेय ने किया।

उन्नत पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता

उन्नत पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागी जनों की घोषणा करते हुए डॉ उमेश कुमार शुक्ला ने बताया कि भैस की प्रतियोगिता में राम लाल को प्रथम, भैरव प्रसाद को द्वितीय, सुखदइया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गाय की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मे शिव प्रसाद, द्वितीय स्थान मे पार्वती, तृतीय स्थान में संजय तिवारी रहें। सान्त्वना पुरस्कार के लिए ज्ञानेंद्र चयनित हुए। बकरी प्रतियोगिता में प्रथम रहे ओमकार यादव, द्वितीय रहे योगेन्द्र, तृतीय रहे उदयभान मिश्रा और सांत्वना पुरस्कार के लिए भूरा वर्मा चयनित हुए।

ललित कला प्रतियोगितायें

ललित कला प्रतियोगिताओ के परिणामों की घोषणा करते हुए डॉ अभय कुमार वर्मा ने बताया कि कोलाज प्रतियोगिता में अरुण (बी एफए) प्रथम, वैष्णवी श्रीवास्तव (बीटेक) द्वितीय, अंकित (बीएफए) तृतीय स्थान पर रहे। कार्टून मे रमेश कुमार(एम एफए) प्रथम, दीपेंद्र मंडल (बीएफए) द्वितीय, त्रिषा त्रिपाठी (बीएफए) तृतीय रही। ऑन द स्पॉट पेंटिंग में रेनू देवी (बीएफए) प्रथम, लवलीन (बीएफए) द्वितीय, रेनू तिवारी (बीएफए) तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर में आयुषी पाण्डेय (बीएफए) प्रथम, वैष्णवी श्रीवास्तव (बी टेक) द्वितीय, शांभवी सिंह गौर (बी टेक) तृतीय रही। मूर्तिकला मे साहिबा वार्ना (एम एफए)प्रथम, सतीश (एमएफए) द्वितीय, शिवफूल (एमएफए) तृतीय स्थान पर रहे। फोटोग्राफी में तरुण मौर्य (बीएफए) प्रथम, राखी सोनी (बीएफए) द्वितीय, लक्ष्य सिंह (बीएफए) तृतीय पर रहे। रंगोली में श्रेया अग्रवाल (बीएफए) प्रथम, चंदा देवी (बी एफए) द्वितीय, रेनू (बीएफए) तृतीय स्थान पर रहीं।

बौद्धिक प्रतियोगितायें

बौद्धिक प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागी जनों की घोषणा करते हुए डॉ राम मूर्ति त्रिपाठी ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता हिंदी में हर्षिता बी एस सी प्रथम, आकांछा त्रिपाठी बी एस सी द्वितीय, पूर्णिमा शुक्ला तृतीय और अंग्रेजी भाषा में वर्तिका शुक्ला एम एस सी प्रथम, मानसी गोयल बी टेक द्वितीय, प्रतीक्षा मिश्रा बी टेक तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता हिंदी माध्यम में साक्षी शुक्ला बी एस सी प्रथम, वैदेही शुक्ला बी एस सी द्वितीय, शिवानी द्विवेदी बी एस सी तृतीय स्थान और अंग्रेजी माध्यम में मानसी गोयल बी टेक प्रथम, रूखमणी शुक्ला बी टेक द्वितीय, ख्याति सिंह बी एस सी तृतीय स्थान पर रही।

हत्या के मामले में जेल में बंद दो आरोपियों की जमानत निरस्त

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

हत्या और साक्ष्य मिटाने के मामले में सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दो आरोपियों की जमानत खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 11 नवम्बर 2023 को जय सिंह ने मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका बेटा मोहित सिंह घर से बाहर गया था। रात 9 बजे वह लालता रोड के पटेल ढाबा के पास देखा गया था। वहां से वह घर आने के लिए निकला था। दूसरे दिन जानकारी हुई कि उसके बेटे मोहित को बाइक से टक्कर मारने के बाद कुछ लोगों ने रोका और मारपीट की। इसके दूसरे दिन मोहित का शव चित्रवार गांव की सीमा में मिला था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके बेटे को लाठी डण्डे से घायल करने के बाद गला घोटकर हत्या की गयी है। इस मामले में शनि, रोहित, गुड्डू, शिवप्रकाश उर्फ राजा, ओम प्रकाश उर्फ सुग्गन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृतक के शरीर में चोटें थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में बंद आरोपी ओम प्रकाश उर्फ सुग्गन व शिव प्रकाश उर्फ राजा ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/बांदा। सरकारी एंबुलेस में नार्मल डिलेवरी होने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे तत्काल जिला महिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी संगीता (35) पत्नी रामइच्छा सोमवार की सुबह प्रसव पीड़ा से परेशान थी। घर वाले 102 एंबुलेस से उसे जिला महिला अस्पताल ला रहे थे। तभी खुरहंड के पास संगीता को प्रसव पीड़ा होने लगी। एंबुलेस चालक ने सड़क किनारे वाहन को खड़ा कर नार्मल डिलेवरी कराई। संगीता ने पुत्र को जन्म दिया। संगीता को जिला महिला अस्पताल लाया जा रहा था। तभी रास्ते में उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। घरवालो ने उसे महिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

ओलावृष्टि से बांदा के सैकड़ों गांवों में तबाही

50 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक के गिरे ओले, हजारों बीघे की फसल चौपट

जन एक्सप्रेस। बांदा

अचानक हुई ओलावृष्टि से बांदा जिले के हजारों किसान हाहाकार कर उठे हैं। हजारों एकड जमीन में बोई गई फसलें ओलों की मार से जमीदोज हो गई हैं। ओलावृष्टि का सबसे घातक असर बांदा के कालिंजर, सढा, फतेहगंज, पुकारी, करतल आदि इलाके में गेहूं, चना, मसूर, अरहर, मटर, सरसो, अलसी आदि की फसलें खेत में ही गिरकर नष्ट हो गयी हैं।

सोमवार की रात करीब दो बजे और मंगलवार की सुबह आठ बजे भीषण ओलावृष्टि हुई है। रात में सूखे ओले पडे तो मंगलवार की सुबह वर्षा के साथ 50 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक के ओले गिरे। ओलों की मार से मकानों के खपरैल और पेडों की पत्तियां तक टूटकर नीचे गिर गई। कालिंजर इलाके के आनन्दपुर, नौहाई, देवहाई, धनेसुरपुरवा, गरेंही, गाडा, छीछन छतभरा, सढा, रामगंज, ढोलबजा, गोरेमऊ, कहला, रक्सी, छतैनी आदि करीब 200 ग्रामों में ओलावृष्टि के कारण किसान पूरी तरह तबाह हो गये हैं। खेतों में लहलहाती हुई फसलें जमीदोज होकर खेत में ही गिर गई हैं। पौधों का एक भी बेरवा साबुत नहीं बचा है। सढा गांव के किसान सूर्यप्रकाश, रामदीन, कल्लू, ब्रजमोहन, राकेश, दिनेश कुमार, संतोष, कृष्णमोहन आदि ने बताया है कि रात में हुई ओलावृष्टि बहुत भीषण थी। पूरा गांव नींद के आगोश में था। अचानक मकानों के खपरैल टूट टूटकर नीचे गिरने लगे। बाहर निकलकर देखा तो 50 ग्राम से लेकर 500 ग्राम के पत्थर आसमान से बरस रहे थे। पेडों की डालियां ओलों की मार से टूट टूटकर गिर रही थी। चारो तरफ ओले बिछे हुये पडे थे। सुबह लोग खेतों की तरफ दौडे तो कई किसान खेतों में बेहोश होकर गिर पडे। फसलों की हालत देखी नहीं जा रही थी। कुछ देर के बाद मंगलवार की सुबह आठ बजे पानी के साथ फिर से ओलावृष्टि होने लगी। रही सही कसर इस बार पूरी हो गई। किसी के भी खेत में साबुत फसलें नहीं दिखाई दी। ऐसा ही हाल रक्सी, कहला, गोरेमऊ आदि ग्रामों का भी है। लोगों ने इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दी है। बांदा के कालिंजर इलाके के गांवों के लोग नरैनी तहसील पहुंचकर अधिकारियों को ओलावृष्टि की तबाही बताई। अधिकारियों ने भरोसा दिया है कि नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को राहत पहुंचाई जायेगी।

निपुण भारत मिशन के तहत विद्यालयों को ए श्रेणी में लायें: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। बांदा

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट के महर्षि बामदेव सभागार में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत एनएटी परीक्षा 2024 में सी डी ई ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यालयों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने विद्यालय को निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत ए श्रेणी में लायें, इसके लिए बेहतर शैक्षिक रणनीति तैयार करें। उन्होंने बताया कि जनपद के 1100 विद्यालय निपुण श्रेणी में आये हैं। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाकर विद्यालयों को ए श्रेणी में लाने के लिए आगामी मार्च, 2024 में होने वाली परीक्षा में विद्यालयों को निपुण बनायें। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निर्देश दिये कि सी डी एवं ई प्राप्त बच्चों के परिणाम के अनुसार चिन्हित कर उनकी पढाई करायी जाए तथा बच्चों की विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति रहे। उन्होंने टीचर लर्निंग मैटेरियल का बेहतर रूप से उपयोग करने एवं खेल गतिविधि से पढाई कराये जाने तथा बच्चों के साथ लगावपूर्ण एवं आत्मीय व्यवहार अपनाने के सुझाव दिये।

उन्होंने निर्देश दिये कि पीटीएम मीटिंग का नियमित रूप से आयोजन किया जाए तथा बच्चों को ग्रह कार्य करने हेतु अवश्य दिया जाए तथा इसकी नियमित रूप से चेकिंग कर निगरानी की जाए। सप्ताह में दो दिन बुद्धवार एवं शनिवार को बच्चों को पढाये गये कोर्स का रिवीजन अवश्य कराया जाए। शिक्षक डायरी प्रत्येक बच्चे बनायी जाए और प्रथम घण्टा बच्चों के खेल हेतु रखने के साथ उन्हें अनुशासन में रहने की आदत डाली जाए। कार्यशाला में उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों के सहयोग से शिक्षा के स्तर में सुधार आया है, इसको और आगे तक ले जाने के लिए सभी अध्यापकों एवं प्रधानाध्यापकों को विशेष ध्यान देते हुए अपने विद्यालय को निपुण बनाने में सभी बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को देखते हुए कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

बच्चों को पीटने के बाद युवक ने जहर खाकर जान दी

जन एक्सप्रेस। बांदा

नशे में बच्चो की पिटाई करने के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के देवरार गांव निवासी कुलदीप (32) पुत्र बच्चा ने सोमवार की दोपहर नशे की हालत में घर आया। उसने पहले अपने बच्चो की पिटाई किया। इसके बाद कुलदीप ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी संतना को जानकारी हुई। उसे तत्काल सीएचसी नरैनी ले जाया गया। जहां डॉक्टरो ने हालत नाजुक बताकर उसे रानी दुर्गावती मेंडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के साले नीरज ने बताया कि कुलदीप अपने पिता की इकलौती संतान था। उसके पिता की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। वह किसान करता था नशे का आदी था। बच्चो को पीटने के बाद कुलदीप ने जहर खा लिया।

फिरौती के लिए अपहरण की घटना का 6 घण्टे में अनावरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या में संलिप्त 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

बीती 12 फरवरी को वादी मन्जू देवी पत्नी राजधर ने थाना रैपुरा में अपने पुत्र सुधांशु (16) के बीती 10 फरवरी को सांयकाल से गायब होने एवं 12 फरवरी की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहृत के पिता राजधर के मोबाइल पर फोन करके सुधांशु के उसके कब्जे में होने की बात कही। पुनः लगभग एक घण्टे के बाद अपहृत के पिता के फोन पर 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग एवं न देने पर लड़के को जान से मारने की धमकी दी गयी। इसके बाद अपहृत के पिता ने स्वयं बाहर होने के कारण अपनी पत्नी को फोन के जरिए घटना के विषय में जानकारी दी और रैपुरा थाना में रिपोर्ट करने के लिए कहा। जिसके बाद अपहृत की माँ के तहरीर पर थाना रैपुरा में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष रैपुरा, प्रभारी निरीक्षक कर्वी व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सभी टीमों का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी राजापुर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा किया गया।

विवेचना के दौरान फिरौती माँगने में प्रयुक्त मोबाइल नम्बर के धारक का विवरण प्राप्त कर सिम धारक दद्दू पटेल को पूंछताछ की गयी। जिसमें उसने बताया कि यह सिम दो दिवस पूर्व चोरी हो गयी थी। जब दद्दू पटेल को फिरौती माँगने वाले अपचारी की कॉल सुनाई गयी तो कॉल करने वाले व्यक्ति की आवाज सुनकर उसकी पहचान विनय पटेल के रुप में की। पुलिस टीम ने विनय पटेल निवासी ग्राम बरौनी तीर को त्वरित गिरफ्तार करके सम्पूर्ण घटना क्रम का खुलासा किया। आरोपी विनय पटेल ने बताया कि प्रिन्स पटेल निवासी चैखडा ददरी माफी तथा 1 अन्य आरोपी के साथ मिलकर फिरौती के लिए अपहरण की योजना बनाई थी। बाल अपचारी ने बताया कि अपहृत के पिता गुटका व्यवसायी है एवं प्रतिदिन दो-ढाई लाख रुपये कमाते है। इस पर विश्वास करते हुए लालचवस यह घटना कारित की है।

पुलिस टीम ने फिरौती मांगने वाले मोबाइल नम्बर के माध्यम से व सर्विलांस की सहायता सेघटना में सम्मलित आरोपियों को गिरफ्तारी की गयी। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल, दो सिम, घटना में प्रयुक्त पत्थर खून, आलूद, बाल लगा, गला कसने में प्रयुक्त आरोपी विनय कुमार का मफलर बरामद किया है।

एसपी उदय शंकर सिंह ने अपराध समीक्षा करते हुये अपराध नियंत्रण का सुनाया फरमान

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कहा कि अपराधियों को चिन्हित कर जेल की सलाखों के पीछे भेज जाय। रात्रि गश्त तेज किया जाय। अपराधों पर अंकुश न लगा पाने वाले थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों पर कार्यवाही किया जाएगा। उन्होने जनवरी माह में सराहनीय कार्य करने वाले 17 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपराध समीक्षा बैठक की अध्यक्षता एसपी उदय शंकर सिंह ने किया। बैठक में सभी सर्किल के सीओ के अलावा सभी थानों के प्रभारी व थानाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। एसपी ने बारी-बारी से कानून व्यवस्था की समीक्षा किया। तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के संबंध में सार्थक व प्रभावी कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाय। अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम करें। जिससे समाज में अराजकतत्वों को सिर उठाने का मौका न मिले। उन्होने कहा कि सभी थाना प्रभारी लंबित पड़ी विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र करें। इस कार्य में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने-अपने क्षेत्रों में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाये। किसी भी सूरत में अवैध कच्ची शराब का निर्माण व तस्करी नहीं होनी चाहिए। उन्होने कहा कि युवाओं में नशे की लत को रोकने के लिए भी अभियान चलाये। बैठक के पश्चात सैनिक सम्मेलन का आयोजन भी हुआ। जिसमें पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। एसपी ने जनवरी माह में सराहनीय कार्य करने वाले 17 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके कार्यों की प्रशंसा किया। इस मौके पर एडीएम के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, समस्त शाखा प्रभारी सहित के अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। | लखनऊ। बुधवार। 14 फरवरी 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनांक 14 फरवरी, 2024 को स्थानीय स्तर पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.6 (+1.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 12.0 (+2.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 91 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 60 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

कानपुर कमिश्नरेट में सालों से लंबित पड़े हैं साइबर फ्रॉड के मामले

पीड़ितों का दावा, साइबर सेल और पुलिस के पास चक्कर लगाते-लगाते पत्थर का हो गया है दिल, विवेचना अधिकारी सिर्फ करते हैं टरकाने का काम

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। शहर में साइबर लुटेरों का शिकार हुई जनता अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई का पैसा गवाने के बाद कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की साइबर सेल और पुलिस थानों के चक्कर इस आशा के साथ सालों से काट रही है कि कभी तो वह दिन आएगा जब उसकी गाढ़ी मेहनत की कमाई का पैसा पुलिस वापस दिलाएगी और आरोपी पकड़े जाएंगे, लेकिन वास्तविकता में वर्षों पहले दर्ज हुए साइबर फ्रॉड के मामलों में जिनमें ऑनलाइन पैसे उड़ाकर ठगी की गई है उन मामलों में लगभग 99 प्रतिशत मामले अभी भी लंबित हैं, अगर कुछ लोगों का पैसा वापस आया है तो उनमें से ज्यादातर मामले ऐसे हैं जिसमें पीड़ित ने अपने पैसों का इंश्योरेंस करवा रखा था जिस कारण फाइनल रिपोर्ट लगने के बाद उसे इंश्योरेंस कंपनी ने उसे हड़पे गए पैसों को वापस कर दिया है, ज्ञातव्य हो कि जन एक्सप्रेस अखबार के नेशनल हेड कमलेश फाइटर के पास दर्जनों पीड़ितों ने आग्रह किया और कहा कि जन एक्सप्रेस की अगुवाई में इन साइबर अपराधियों के द्वारा किए गए कांडो की पोल खोल दी जाए, जिसके बाद से जन एक्सप्रेस ने जब अपनी पड़ताल आरंभ कर दी थी, पड़ताल में सामने निकलकर आया कि कानपुर पुलिस मुकदमे तो दर्ज कर लेती है लेकिन पुलिस और साइबर सेल की टीम पीड़ितों का ना ही तो पैसा वापस करा पाती हैं और ना ही आरोपियों को दबोच पाती हैं।

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

चार माह के अंदर कुल साइबर फॉड के 214 मुकदमे दर्ज

जन एक्सप्रेस की टीम ने बीते वर्ष 2023 मई ,जून, जुलाई ,अगस्त, में दर्ज हुए मुकदमों की पड़ताल कर पीड़ितों से कार्रवाई के संबंध में बीती 13 जनवरी के अंक में बड़ा खुलासा करते हुए पीड़ितों का दर्द बयां किया था और यह भी बताया था कि इन चार माह के अंदर कुल साइबर फ्रॉड के 214 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिनमें 145 मामले ऑनलाइन धोखाधड़ी साइबर फ्रॉड किए थे जिसमें लोगों की गाढ़ी कमाई का पैसा हड़पा गया है, आज के अंक में जन एक्सप्रेस वर्ष 2023 के जनवरी-फरवरी मार्च अप्रैल माह का साइबर फ्रॉड़ों के द्वारा किए गए फ्रॉड का विवरण आम जनमानस के साथ-साथ जो जिम्मेदार अधिकारी हैं और सरकारी तंत्र है उसके सामने लाने जा रहा है, जन एक्सप्रेस का उद्देश्य सरकार और पुलिस विभाग छवि धूमिल करने का कतई नहीं है लेकिन जन एक्सप्रेस की जिम्मेदारी है कि अगर आम जनमानस को न्याय नहीं मिल पा रहा है तो उसे सामने लाया जाए जिससे सरकार और जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान लेकर जनता का उत्पीड़न खत्म करा सकें।

जनवरी-फरवरी-मार्च-अप्रैल में मुकदमा दर्ज कराने वाले 66 पीड़ित बोले, नहीं हुई कोई कार्रवाई

2023 के जनवरी,फरवरी, मार्च, अप्रैल, माह में कुल 4 महिने में आई टी एक्ट की लगभग 131 फिर दर्ज हुई हैं, जिनमें साइबर फ्रॉड की लगभग 66 एफआईआर दर्ज हुई हैं। और वहीं 62 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने बताया कि उनके मुकदमों में उनका पैसा वापस नहीं मिला, और ना ही कोई कार्यवाही हुई है।

इंश्योरेंस कंपनी ने दिलाया पैसा

थाना नजीराबाद नेहरू नगर में रहने वाले नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी करके साइबर फ्रॉड के द्वारा पैसा हड़प लिया गया था, उन्होंने थाना नजीराबाद में 11 मार्च 2023 को मुकदमा दर्ज कराया था, मुकदमे की विवेचना के बाद उन्हें पैसा इंश्योरेंस कंपनी से मिल गया है।

> मामले की समीक्षा करूंगा, जो भी लंबित मामले हैं उनका वैधानिक तरीके से निस्तारण कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा।
> आशीष श्रीवास्तव
> -डी.सी.पी. क्राइम
> कानपुर कमिश्नरेट पुलिस

मुकदमा दर्ज कराने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई

थाना अनवरगंज क्षेत्र स्थित बांसमंडी में निवास करने वाले असद हुसैन पुत्र श्री इरफान हुसैन ने बताया कि दिनांक 12/12/22 को उनके पास एक कॉल आया जिसने खुद को एक्सीस बैंक का एम्पलाई बताया और अपना नाम अमीत बताया और कहा कि रिवार्ड प्वाइंट को रिंडीम करो जिसके बाद उसने एक मैसेज भेजा जिसको खोलते ही एक्सीस बैंक कि एप्प खुल गई उसके कुछ देर बाद असद के क्रेडिट कार्ड से 91167.19/- रुपए निकलने का मैसेज आया उसके बाद 29900/- रूपये निकलने का मैसेज तत्काल आया बैंक में जाके शिकायत कि और अपना कार्ड ब्लाक कराया उसके बाद साईबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई जिसमें तुरन्त कार्यवाही करते हुई उनका 29900/- रूपया वापस करा दिया और बाकी रकम के लिये स्न्न्ढ्ढ.क्रदर्ज करने को बोला गया, उन्होंने बताया कि 9 जनवरी 2023 को थाना अनवरगंज में मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन उसके बाद कुछ भी वापस नहीं मिला है।

बिसलेरी की डीलरशिप के नाम पर की गई लाखों की ठगी

पी ल्लाक गोविन्द नगर निवासी सन्नी चावला पुत्र अशोक चावला ने बताया कि उनका व्यवसाय के सिलसिले में अक्सर फेसबुक व ऑनलाइन कार्य होता है। दिनांक 18/1/2023 को फेसबुक पर आयुष गुप्ता नाम के शख्स द्वारा बिसलेरी का एड दिया गया जिस पर उनके द्वारा आयुष गुप्ता से प्रपत्र बिसलेरी डीलरसिप का ऑनलाइन मगाँया गया और फार्म भरकर 37524 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर एकाउन्ट में ट्रासफर कर दिये तथा पुन: आयुष गुप्ता से बात किया तो आयुष गुप्ता ने कहा की आपकी डीलरसिप पक्की हो गयी है मुझे जितना माल चाहिये है उतना पैसा मेरे एकाउन्ट में भेजिये उन्होंने वार्ता के क्रम में 5,00,000/- रूपये (पाँच लाख रूपये) आयुष गुप्ता के एकाउन्ट मुम्बई महाराष्ट्र बैक का नाम सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया उपरोक्त में ट्रान्सफर कर दिया दिनांक 22/1/2023 को पैसा ट्रान्सफर करने के बाद जब आयुष गुप्ता से बात किया तो आयुष गुप्ता ने कहा मुझे 2 लाख रूपये और दीजिये और मेरी टीम विजिट पर जा रही है। दो लाख रूपया और देगे तभी विजिट होगी और डीलरसिप फाइनल होगी इस बात को जानने के बाद सन्नी लगा की उनके साथ ऑनलाइन धोखधडी हो गयी है। सन्नी चावला ने थाना गोविंद नगर में 25 जनवरी 2023 को मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन मामला जस का तस है।

यूट्यूब के लिंक शेयर करने के नाम पर की गई ठगी

थाना रावतपुर क्षेत्र के आवास विकास में निवास करने वाले त्रिवेद्र तिवारी ने बताया कि 22 जनवरी 2023 से वाट्स एप पर एक संदेश आया जिसमे संदेशकर्ता द्वारा खुद को का कर्मचारी बताया गया तथा तमाम लुभावने प्रस्ताव बताये गये जो इस प्रकार है, कि Youtube के विडियो लाइक करने पर प्रति विडियो 50 रुपये दिये जायेगे। जिसके भुगतान के लिए उन्होंने मुझसे मेरी बैंक अकाउट डीटेल मांगी तथा मेरे द्वारा बैंक अकाउट डीटेल शेयर करने पर 150 रूपये प्राप्त हुए इसके पश्चात उनने मुझसे एक Telegram ग्रुप मे जुडने का लिंक दिया, जिसमे जुड़ने के बाद उन्होंने उन्हें एक लुभावनी इन्वेस्टमेंट स्कीम से अवगत कराया तथा इतना ही नही उसमे बोनस देने का झासा भी दिया, जिसमे उन्होंने 1000/- रूपये का इनवेस्टमेंट किया जिसके रिटर्न मे उन्हें 1300/- रूपये मिले फिर उन्हें अधिक धनराशि निवेश करने पर अधिक मुनाफा होने का प्रलोभन दिया जिसके पश्चात उनके UPI द्वारा उनके अकांउट मे 3000 रूपये का भुगतान किया गया जिसके बाद श्री तिवारी से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई, जब उन्हें पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हो गई है तो उन्होंने थाना रावतपुर में 31जनवरी 2023 को मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन आज तक साइबर सेल और थाने के चक्कर लगाकर थक गए हैं कुछ नहीं हुआ।

पिछले वर्ष मार्च महीने में चकेरी में मुकदमा दर्ज कराया था, अभी तक कुछ नहीं हुआ

थाना चकेरी क्षेत्र के आनन्द नगर जगईपुरवा निवासी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि 19 फ़रवरी 2023 को उनके मोबाइल पर एक लिंक आया जिसमें PAN UPDATE के लिए कहा गया लिंक http//shrtco, te/ks Buyy था उसको क्लिक करने के बाद उनके खाते से 3,43,899 तीन किस्तों में पाँच मिनट के अंदर कट गए, उन्होंने थाना चकेरी में 21 मार्च 2023 को मुकदमा दर्ज कराया था। कई इंस्पेक्टर बदल गए लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

ईस्ट जोन

जनवरी फ़रवरी मार्च अप्रैल माह में आई टी एक्ट के 39 मुकदमें दर्ज हुए।जिसमें साइबर फ्रॉड के 16 मुकदमें दर्ज है। जिसमें 16 लोगों का कहना है कि कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

साउथ जोन

जनवरी फ़रवरी मार्च अप्रैल माह में आईटी एक्ट के 30 मुकदमें दर्ज हुए। जिसमें साइबर फ्रॉड के 22 मुकदमें दर्ज है।20 लोगों का कहना है कि कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

वेस्ट जोन

जनवरी फ़रवरी मार्च अप्रैल माह में आई टी एक्ट के 28 मुकदमें दर्ज हुए। जिसमें साइबर फ्रॉड के 8 मुकदमें दर्ज है। 8 लोगों का कहना है कि कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

सेंट्रल जोन

जनवरी फ़रवरी मार्च अप्रैल माह में आईटी एक्ट के 34 मुकदमें दर्ज हुए। जिसमें साइबर फ्रॉड के 20 मुकदमें दर्ज है। 18 लोगों का कहना है कि कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

अपराधी तो पकड़े गए लेकिन पैसा वापस नहीं मिला

सेवाग्राम कॉलोनी निवासी वीरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके एस0बी0आई0 दादा नगर इण्डस्ट्रियल एरिया शाखा में संचालित खाते से 23/03/2023 को पेटीएम के द्वारा किसी अंजान व्यक्ति मोहम्मद कैफ के खाते में हैक करके कुल रुपया 72700? कई बार में निकाले गये फिर दिनांक 6/4/2023 को 95020? कई बार मे निकाले गये। पता करने पर ज्ञात हुआ कि पूरा पैसा मोहम्मद कैफ के द्वारा ही निकाले गये हैं, मोहम्मद कैफ डिप्टी पड़ाव चौराहे के पास नेशनल कैफे के नाम से कैफे संचालित करते हैं जिनका मो0नं0 पेटीएम में दर्ज था। इसी तरह विनोद कुमार गुप्ता के खाते में भी 11340? कई बार मे निकाले गये हैं,तथा विनय कुमार शुक्ला और आयुष सिंह के खाते में भी 2-2 रूपये की निकासी की गयी है। जो कि उनके द्वारा नहीं किया गया था। पीड़ीत ने अप्रैल माह में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी पकड़े गए लेकिन पैसा अभी तक नहीं मिला है।


कानपुर कमिश्नरेट की हाईटेक पुलिस साइबर अपराधियों के सामने फेल

दिन प्रतिदिन जनता साइबर लुटेरों का हो रही शिकार, कई माह और साल बीत जाने के बाद भी आरोपियों को पकड़ना तो दूर पुलिस पैसा वापस कराने में साबित हो रही नाकाम

2023 के मई, जून, जुलाई, अगस्त माह में साइबर अपराधियों के 145 लोग हुए शिकार

जन एक्सप्रेस व्यूइंग रिपोर्ट

अधिकारी और पुलिस समेत अधिकारी वर्ग भी हो रहा है इनका शिकार

पुलिस आरोपियों को पकड़ने और रिकवरी कराने में पूरी तरह से फेल

बिहार के जमालपुर और पश्चिम बंगाल में साइबर अपराधी हैं सक्रिय

साइबर और पुलिस की टेक्नोलॉजी से हकार कदम आगे हैं साइबर अपराधी

साइबर की जानकारी में फंसते दोनों के साइबर अपराधी

सेंट्रल जोन में दर्ज मामले: 02 06 / 03 02 / 02 04 / 02 01 / 02 03 / 01 01 / 01 02

साउथ जोन में दर्ज मामले: 01 10 / 01 07 / 09 02 / 02 02 / 02 02 / 01

ईस्ट जोन में दर्ज मामले: 06 05 / 01 17 / 02 03 / 01

वेस्ट जोन में दर्ज मामले: 07 02 / 08 16 / 01 01 / 02 01 / 01

किस तरह हो रहे फ्रॉड

साइबर अपराधियों ने ओटीपी पूछ कर बैंक खाते से रुपए उड़ा लिए अचानक से ही अकाउंट से पैसा निकल गया अचानक से व्हाट्सएप पर ऑफर आया कि आप हमारे यूट्यूब लिंक को लाइक और सब्सक्राइब कराएं आपको पैसे मिलेंगे और पता चला कि उनके अकाउंट से रुपए उड़ा लिए गए कई लोगों से तो पतंजलि योगपीठ के नाम पर भी ऑनलाइन ऑनलाइन ठगी हो गई किसी ने रेंट पर फोन करके घर मांगा और फिर ऐसा बातों में उलझाया की लाखों रुपए अकाउंट से उड़ा लिए कुछ लोगों ने तो लिंक को टच किया और उनके खाते से रुपए उड़ गए कुछ लोगों को तो फोन आया कि वह उनका मिलने वाला है उसके घर के लोग अस्पताल में भर्ती हैं ऑनलाइन रुपया ट्रांसफर कर दें और वह लोग ठगी का शिकार हो गए क्रेडिट कार्ड रखने वालों के भी साइबर ठगों ने लाखों उड़ा लिए हैं



खाकीधारी को भी साइबर अपराधियों ने नहीं छोड़ा

थाना ककवन में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत रहे कृष्णकान्त यादव पुत्र स्व0 बसन्ता प्रसाद दिनांक 23/03/2023 समय 2.55 क्क्रू को जब वह थाना ककवन के कस्बा क्षेत्र में मौजूद थे। उनके दूरभाष पर समय 2.55 पीएम पर एक मो0नं0 से फोन आया और बताया कि मैं आप के पिता का दोस्त बोल रहा हूँ। उसने कहा कि अपना फोन पे नम्बर बताइये उन्होंने बता दिया कि जिस नम्बर पर आप काल किये है मैं उसी नम्बर से फोन पे चलाता हूँ। फिर कुछ देर बात उनके खाते से 95000 रु0 कट गये जिसका विवरण निम्न प्रकार है। 15000 रु0 समय 3.08 बजे, 30000 रु0 समय 3.18 बजे, 30000 रु0 समय 3.21 बजे 20000 रु0 समय 3.29 बजे कट गया। काफी पैसा कटने के बाद तब ज्ञात हुआ कि उनके साथ ठगी हो गयी है। थाना ककवन में 25 मार्च 2023 को मुकदमा दर्ज कराया गया था मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

> मेरा मुक़दमा रेल बाज़ार थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0023/2023 है फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमे 100000रूपए के करीब का फ्रॉड एटीएम कार्ड के जरिए हुआ है। जिसमें अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
> -विजय कुमार गुप्ता

> मेरा मुक़दमा जाजमऊ थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0032/2023 है। फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमे 45000 रूपए के करीब का फ्रॉड G pay, phone pay के जरिए हुआ है। जिसमें पुलिस अभी मेरा पैसा नहीं दिला पाई है।
> -समरीन खातून

> मेरा मुक़दमा हरबंश मोहाल थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0016/2023 है। फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था । जिसमे 82299 रूपए के करीब का फ्रॉड ICICI क्रेडिट कार्ड के जरिए हुआ है। जिसमें अभी तक मुझे कोई पैसा नहीं मिला है।
> -सौरभ राठौर

> मेरा मुक़दमा चकेरी थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0088/2023 है। फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमे 48000,48000 रूपए का दो बार फ्रॉड housing.com के जरिए हुआ है। जिसमें अभी तक मुझे कोई पैसा नहीं मिला है।
> -देवेंद्र सिंह चंदेल

> मेरा मुक़दमा चकेरी थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0089/2023 है। फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमे 6000 रूपए का फ्रॉड आधार कार्ड के जरिए हुआ है। जिसमें अभी तक मुझे कोई पैसा नहीं मिला है।
> -किशन लाल जायसवाल

> मेरा मुक़दमा चकेरी थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0100/2023 है। फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमे 79688 रूपए का फ्रॉड क्रेडिट कार्ड के जरिए हुआ है। जिसमें पूरा पैसा इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मिल गया है।
> -देवेंद्र अगरवाल

> मेरा मुक़दमा कोतवाली थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0014/2023 है। जनवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमे 30000 रूपए का फ्रॉड शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुआ है। जिसमें अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
> -मुकेश माहेश्वरी

> मेरा मुक़दमा नौबस्ता थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0023/2023 है। जनवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमे 13,600 रूपए का फ्रॉड फेक क्क्रकोड पर पेमेंट करने से हुआ है। जिसमें अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
> -यशराज साईलस

> मेरा मुक़दमा गोविंद नगर थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0013/2023 है। जनवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमे 24,999 रूपए का फ्रॉड खाते से पैसे कटने से हुआ है। जिसमें अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
> -विजय वाला शर्मा

> मेरा मुक़दमा गोविंद नगर थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0014/2023 है। जनवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमे 14730 रूपए का फ्रॉड क्रेडिट कार्ड के नाम पर हुआ है। जिसमें गोविंद नगर पुलिस द्वारा कंप्लेंट क्लोज कर दी गई हैं। लेकिन कोई पैसा अभी तक नहीं मिला है।
> -अपर्णा पांडेय

> मेरा मुक़दमा कल्याणपुर थाने में दर्ज है जिसकी एफआईआर संख्या 0004/2023 है। जनवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमे 48000 व 30000 रूपए का ऑनलाइन फ्रॉड क्रेडिट कार्ड के माध्यम से हुआ हैं। जिसमे पूरा पैसा इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मिल गया है।
> -मोहन कुमार मिश्रा

> मेरा मुक़दमा रावतपुर थाने में दर्ज है। जिसकी एफआईआर संख्या 0047/2023 है। फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमे 89999 रूपए का ऑनलाइन फ्रॉड हुआ हैं। जिसमे अभी तक पुलिस की तरफ़ से कोई कार्यवाही नहीं हुई है।
> -नन्दलाल

> मेरा मुक़दमा रावतपुर थाने में दर्ज है। जिसकी एफआईआर संख्या 0056/2023 है। फ़रवरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमे 95013 रूपए का ऑनलाइन फ्रॉड श्चड्ड4ह्लद्ब के जरिए हुआ हैं। जिसमे अभी तक पुलिस की तरफ़ से कोई कार्यवाही नहीं हुई है।
> -अविनाश कुमार शुक्ला

पुलिस की सूझबूझ से महीने भर में तीन ब्लाइंड केस सुलझे

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

जिले के तीन ब्लाइंड केसेज में पुलिस की सही तफ्तीश से निर्दोष जेल जाने से बच गए हैं। इत्तेफाक से तीनों ही मामले लंभुआ सर्किल से जुड़े हैं। जहां एक महीने के अंदर मर्डर के दो और जानलेवा हमले के एक मामले में सर्किल सीओ और उनकी टीम को बड़ी सफलता मिली।

17 जनवरी को लंभुआ सर्किल क्षेत्र के दुबेपुर में कथित विक्रांत वर्मा की मौत का मामला सामने आया। पुलिस जांच कर रही थी लेकिन परिवार और जनप्रतिनिधि पुलिस पर दबाव बनाते रहे। अंततः पांचवें दिन अज्ञात के विरुद्ध मर्डर का केस दर्ज हुआ। स्थानीय थाना और क्राइम ब्रांच टीम ने 25वें दिन ऐसा खुलासा किया कि जिस परिवार ने बेटे की चिता जलाकर तेहरवीं तक मना डाला उसे जब बेटे के गिरफ्तार होने की खबर मिली तो उनके भी पैरों तले जमीन खिसक गई। विक्रांत के साथ पुलिस ने कासगंज के तुमरिया निवासी शक्तिमान और अनुज साहू को हरियाणा के पानीपत से 9 फरवरी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में विक्रांत ने पुलिस को बताया कि नौ लाख कर्ज और प्रेमी को पाने के लिए उसने मौत की साजिश रखी। अपने स्थान पर दूबेपुर सीएचसी के संविदा ड्राइवर द्वारिकानाथ शुक्ला को शराब पिलाकर दोस्तों के साथ मिलकर जलाकर मार डाला था।

तीनों अब जेल में हैं। चांदा थाना क्षेत्र के सिहौली के पास 31 जनवरी की रात प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत रामगंज निवासी सुशील यादव की हत्या हुई। दो जिले के मध्य का मामला था। मृतक के बड़े भाई अनिल यादव ने सुसराल वालों के विरुद्ध केस दर्ज कराया। लेकिन सीओ सर्किल ने मामले को सूंघ लिया। दरअस्ल मृतक गांजा तस्करी के कारोबार में लिप्त था। पुलिस ने इसी पहलू पर जांच किया और 6 फरवरी को आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत लखनूडीह निवासी सौरभ कुमार सरोज को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला गांजा तस्करी में लेन-देन में सुशील और सौरभ में विवाद हुआ था जिसको लेकर घटना अंजाम पाई थी। वही 9 फरवरी को चांदा थाना क्षेत्र के रजवाड़े रामपुर फ्लाई ओवर के पास अंबेडकरनगर के भीटी थाना अंतर्गत बनगांव निवासी सत्य नारायण गौड़ को गोली मारने का मामला सामने आया। पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मानकर जांच शुरू किया। 12 फरवरी को पुलिस ने सत्य नारायण उसके साथी अनिल व बलवंत को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अंबेडकरनगर पुलिस के क्राइम रजिस्टर और वहां के सीसीटीवी से पुलिस ने कंफर्म किया कि घटना मुकदमें सुलह करने के लिए दबाव बनाने को लेकर घटित की गई, जिन आरोपियों को सत्य प्रकाश ने नामजद किया वे सभी घटना के दिन अंबेडकरनगर में ही पाए गए। इस तरह तीनों मामलों में पुलिस की सूझबूझ से बेगुनाह जेल जाने से बच गए।

इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे जिले के खिलाड़ी

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन सुल्तानपुर के तत्वाधान में इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल चैंपियनशिप में जनपद के आयुषी यादव,अनुभव मिश्रा, अरशद आलम हिमेश मिश्रा, कपिल यादव प्रतिभाग करेंगे एसोसिएशन के सचिव अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉक्टर बाबा दिन चौधरी ने बताया कि 16 से 18 फरवरी 2024 तक अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रतिभाग लेंगे तथा बताया कि सभी खिलाड़ी अपने अभ्यास का प्रदर्शन करेंगे तो जरूर मेडल जीत कर इस जनपद को गौरवान्वित करेंगे। एसोसिएशन कार्यालय से सभी चयनित खिलाड़ियों को बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अहिमाने के मैनेजर रंजीत कुमार वह सहायक मैनेजर संजय यादव ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया टीम सुल्तानपुर से आज ही लखनऊ के लिए प्रस्थान हुई लखनऊ से आज रात साबरमती एक्सप्रेस से अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेगी इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश कुमार एमजीएस इंटर कॉलेज प्रवक्ता, महेश कुमार व अन्य खेल प्रेमी राम अवतार वर्मा, पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आर बी पांडे, सत्यवीर यादव, अवधेश मिश्रा, चंदेश यादव, टीम कोच महेंद्र प्रताप ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी

न्यू स्टैंडर्ड अकादमी के बच्चों ने जेईई मेन-2024 (सेशन-1) में फिर लहराया सफलता का परचम

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स द्वारा संचालित न्यू स्टैंडर्ड एकेडमी रायबरेली के बच्चों ने जेईई मेन-2024 (सेशन-1) के घोषित परिणाम में एक बार फिर से अपनी सफलता का परचम लहराकर अपना व अपने माता-पिता और एकेडमी का नाम रोशन किया।

इस परीक्षा में संस्था के अंश प्रताप सिंह ने (97.928 पर्सेंटाइल), अंकित यादव ने (97.023 पर्सेंटाइल), सुमित कुमार बाजपेई ने (95.370 पर्सेंटाइल), नैतिक श्रीवास्तव ने (93.711 पर्सेंटाइल), देवेश श्रीवास्तव ने (92.901 पर्सेंटाइल), अनुराग त्रिपाठी ने (92.682 पर्सेंटाइल) अंक प्राप्त किये। बच्चों द्वारा प्राप्त की गई इस उपलब्धि पर इंस्टिट्यूट्स के संस्थापक प्रबन्धक डॉ. शशिकान्त शर्मा, संयुक्त प्रबन्धिका डॉ. रश्मि शर्मा, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं एकेडमी इंचार्ज नितिन सिंह ने परीक्षा में सफल बच्चों को पुष्पमाला पहनाकर मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर संस्थापक प्रबन्धक डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य प्राप्त करने का इरादा पक्का हो तो मार्ग में आयी कोई भी बाधा कामयाबी हासिल करने में बाधक नहीं बन सकती।

संघर्ष और समर्पण से सफलता अवश्य मिलती है। यह सब आपकी कड़ी मेहनत और आपके टीचर्स के सहयोग से ही सम्भव हो पाया है। हम ईश्वर से आप सभी के उज्ज्वल भविष्य और सफलता के पथ पर सदैव अग्रसर रहने की कामना करते हैं।

इस अवसर पर एकेडमी शिक्षक अरविन्द कुमार, संतोष सिंह, सुरेन्द्र गोयल, राहुल भरद्वाज, संजय बिन्द ने स्टूडेन्ट्स को उनकी सफलता हेतु बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

अखंड भारत के लिए चाइना के मानसरोवर और पीओके पर करेंगे कब्जा: मो. ताहिर

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। पूर्व सांसद व इसौली विधायक ताहिर खान संविधान जागरूकता गोष्ठी में शामिल हुए। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा हमको अफगानिस्तान पर कब्जा करना हो, हमको पीओके पर कब्जा हो या जरूरत पड़ी हमको तो चाइना के मानसरोवर पर कब्जा करना होगा तो हम अखंड भारत के लिए करेंगे।

विधायक ने कहा चंद्र गुप्त मौर्य के सपने को अगर साकार करना है तो एक नदी में अगर बकरी पानी पीती थी, एक भेड़ पानी पीती थी तो वही एक शेर पानी पीता था। हमें वो अखंड भारत बनाना है। इस विधानसभा के लिए हमने कई मुद्दे उठाए। उसी में हमने सम्राट अशोक जी की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग किया है। उन्होंने कहा गोमती नदी बहती है यहां, ये दरिया बनकर किसी को डुबाने से बेहतर है जरिया बनकर बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाते हुए उत्तर प्रदेश और भारत को बचाया जाए। हमें सबका विकास करना है, सबको समायोजित करना है। उन्होंने ये भी कहा इसी इसौली से मैं 16-17 दिन में चुनाव जीता हूं। मैं 88 से मांग रहा था 87 से अखिलेश यादव ने टिकट दिया। 17 दिन में 70 हजार लोग, धन्य है इसौली की जनता।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

17 व 18 फरवरी को जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

जन एक्सप्रेस । अमेठी

पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों,सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा सत्रह व अठारह को जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। ये परीक्षा केंद्र राजीव गांधी पॉलिटेक्निक कॉलेज मुसाफिरखाना, महिला महाविद्यालय मुसाफिरखाना, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, गर्ल्स इंटर कॉलेज गौरीगंज, मनीषी महाविद्यालय गौरीगंज, गर्ल्स इंटर कॉलेज परसावां अमेठी, राजर्षि असलदेव कॉलेज पीपरपुर तथा आरआर पीजी कॉलेज अमेठी हैं। परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली 10 से 12 तथा द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक होंगी। जिसमें कुल 15168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा में लगे सभी केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य समस्त व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुरक्षित कर ली जाए।ताकि परीक्षा के दिन किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा की परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, कैमरा तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। एआरएम रोडवेज व स्टेशन अधीक्षक को परीक्षार्थियों के आने-जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास एम्बुलेंस की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। अधीक्षण अभियंता विद्युत को परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा की परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में पुलिसअधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस भर्ती का आयोजन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने शहर की प्रमुख सड़कों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बनने वाली सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड नं0 27 के अन्तर्गत डिग्री कालेज चौराहा पुलिस लाइन चौकी के सामने से मीरा मलिक नर्सिंग होम होते हुए विकास प्राधिकरण के सामने से शुक्ला पेट्रोल पम्प के सामने जेल रोड तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड के निर्माण कार्य,वार्ड नं0 28 के अन्तर्गत बिन्दावन नगर (शालीमार पैलेस) में रायबरेली एवं परशदेपुर सम्पर्क मार्ग से रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण, वार्ड नं0 20 के अन्तर्गत पुलिस लाइन चौराहा एवं जेलरोड सम्पर्क मार्ग से पाल आटा चक्की होते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ए0टी0एम0 के सामने तक इण्टरलाकिंग व चुनाई के कार्य सहित अन्य का निरीक्षण किया।

चर्चित सिंगर का संदिग्ध अवस्था में कमरे के अंदर लटकता मिला शव

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

चर्चित सिंगर व अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। घर के कमरे में उसका शव लटकता हुआ पाया गया है। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर घटना के कारणों का पता लगाना शुरू कर दिया है। कोतवाली नगर के सीताकुंड स्थित मोहल्ले में मंगलवार को गायिका एवं अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मल्लिका राजपूत का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटकता पाया गया। बेटी की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा है। मोहल्ले के लोग आकर मल्लिका की मां को सांत्वना दे रहे हैं। इस बीच कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायत नामा भर कर शव को पोस्टमार्टम में भिजवाया है। मल्लिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि हम लोग लेटे हुए थे। पता नहीं चला। पहले दरवाजा बंद की हुई थी। उसके बाद दरवाजा खोलकर चिपका दी। और लाइट जल रही थी। हम तीन चक्कर लगाए दरवाजा नहीं खोले। आखिर में लौटे और खिड़की से झांके तो देखे खड़ी है। दरवाजे में हम टक्कर मारे तो देखे बिटिया हमारी लटकी थी। हम अपने पति को बुलाए लड़कों को बुलाए लेकिन जान जा चुकी थी। कोई ऐसी बात नहीं थी। हमसे ही थोड़ी बहुत बात हुई थी। वो बराबर होता रहता था। इस पूरी घटना पर कोतवाली नगर प्रभारी श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया तो मामला सुसाइड का ही लग रहा है। पीएम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट हो पाएगा। उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

हसनपुर रियासत पर प्रॉपटी बंटवारे को लेकर छिड़ी जंग, डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। कभी लोगों का फैसला करने वाली हसनपुर स्टेट में आज खुद रार शुरू हो गई है। प्रॉपटी बंटवारे को लेकर छिड़ गई है। राजा कुंवर महमूद अली पर उनके ही परिवार ने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। वही राजा ने भी खुद की हत्या कराए जाने की आशंका जाहिर की है। दोनों ही पक्ष डीएम से मिला और न्याय की गुहार लगाया है। मामला बंधुआकला थाना अंतर्गत हसनपुर गांव में हसनपुर रियासत का है। रियासत से जुड़ी तिलअत जहां का कहना है कि हमारा पूरा मकान वक्फ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि मैं 8 नवंबर 2023 को जियारत (दर्शन) को गई तो एसओ बंधुआकला को एप्लीकेशन देकर गई थी कि मेरे घर का ताला टूट सकता है। मेरे जाने के 10 दिन बाद ही मेरा ताला टूट गया। जबकि एसओ ने हमसे कहा था आप जाइए मैं पुलिस भेजकर दिखवाता रहूंगा।

ऊंचाहार परियोजना ने मनाया अपना स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली

देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी में सम्मिलित होने के बाद ऊंचाहार परियोजना की 32 वर्षों की गौरव गाथा न केवल ऐतिहासिक दस्तावेज है बल्कि पुराने विद्युत ग्रह को नवीनीकृत करके आधुनिकतम तकनीक के प्रयोग से गुणवत्तापूर्ण सतत विद्युत उत्पादन करके अन्य विद्युत ग्रहों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी गाथा है। उक्त विचार परियोजना के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई ने स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में व्यक्त किए।

श्री देसाई ने कहा कि 13 फरवरी 1992 को एनटीपीसी परिवार में शामिल होने के बाद ऊंचाहार परियोजना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। विद्युत उत्पादन के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन, पर्यावरण संरक्षण, राख-सदुपयोग, नैगम सामाजिक दायित्व एवं अन्य क्षेत्रों में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए एनटीपीसी कंपनी के श्रेष्ठतम विद्युत परियोजनाओं में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही है। समारोह में महाप्रबंधक ने एनटीपीसी का ध्वज फहराया तथा परियोजना के उत्थान में निरंतर योगदान देने वाले यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा अन्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। सभी ने मिलकर केक काटा तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा किया।

इसके साथ ही हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले प्रतिभागियों को भी राजभाषा सहयोग सम्मान व विश्व हिंदी दिवस प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा सहित एनटीपीसी के अन्य विभागाध्यक्ष, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण तथा कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 12:30 hrs
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 12:40 hrs
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 12:50 hrs
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 13:00 hrs
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 13:10 hrs
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 13:20 hrs
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	14207-SLR-F2-PBH-DLI-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 13:30 hrs
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.02.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.02.2024 at 12:00 hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.02.2024 at 13:40 hrs
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

470/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ऐसे शिक्षण संस्थानों से ग़रीब, असहाय बच्चों को अच्छी और प्रभावशाली शिक्षा मिलती है: अतुल सिंह

जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली

विधानसभा ऊंचाहार के रोहनिया ब्लाक के सरायं इश्तियाक़ में फुलवारी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे विद्यालय चलाना बड़ी बात होती है, विद्यालय में साफ़-सफाई व अनुशासन देखकर बहुत अच्छा लगा।

ऐसे शिक्षण संस्थानों से ग़रीब, असहाय बच्चों को अच्छी और प्रभावशाली शिक्षा मिलती है। श्री सिंह ने कहा कि इस स्कूल के लिए जो भी आवश्यक होगा हम सब मिलकर करेंगे एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। श्री सिंह ने कहा कि हम सबका प्रयास होना चाहिए कि क्षेत्र के सक्षम लोग विद्यालय की हर संभव मदद करें। इससे पहले विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद रेहान ने मुख्य अतिथि अतुल सिंह का माला पहनाकर एवं विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाकर स्वागत किया।कई भाव विभोर कर देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन अश्वनी ओझा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से से वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सिंह, राम दत्त पांडेय, युवा नेता सुनील पाण्डेय, रती पाल सरोज, गोलू अग्रहरि, मो. अफ़रोज़, रज्जन पांडेय, राम बहादुर यादव, शिवकरन पटेल, वीरेंद मिश्रा, अरविंद तिवारी, राजेश सिंह, कल्लू नेता, शिवकरन यादव आदि बड़ी संख्या में अध्यापकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य टीम ने लगाया शिविर, 168 मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क़िलाबाज़ार द्वारा नगर के अहियापुर स्थित जूनियर प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं सास, बेटा, बहू सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन सभासद गुड़िया सोनकर ने किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषि सिंह के नेतृत्व मे स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर में लगभग 168 मरीजों का जांच कर दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही 36 आयुष्मान कार्ड बनाये। इस मौके पर सास, बेटा, बहू सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें नव विवाहित दंपति, एक वर्ष के अंदर उच्च जोखिम वाली गर्भवती, परिवार नियोजन का कोई साधन नहीं अपनाने वाले दंपति, तीन या उससे ज्यादा बच्चों वाले दंपति, ऐसे आदर्श दंपति जिनका पहला बच्चा विवाह के दो वर्ष बाद हुआ हो, दूसरे बच्चे में कम से कम तीन वर्ष का अंतराल रखने वाले आदर्श दंपतियों ने शामिल होकर अपने अनुभव साझा किए। दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन का स्थाई साधन अपनाने वाले और कोई साधन न अपनाने वाले दंपतियों ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने अनुभव साझा किए।

इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सास, बेटा, बहू सम्मेलन का उद्देश्य सास, बहू और बेटा के मध्य समन्वय और संवाद के माध्यम से परिवार नियोजन को। लेकर बेहतर माहौल बनाना है जिससे वह प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति अपनी अवधारणाओं, व्यवहार एवं विश्वास में बदलाव ला सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश मामलों में देखा गया है कि परिवार नियोजन को लेकर पुरुष का निर्णय सर्वोपरि होता है।

इसलिए इस आयोजन में पुरुष की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बेटे का प्रतिभाग करना आवश्यक है। जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पांडेय द्वारा बताया गया कि शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में शहरी गरीबों को ध्यान में रखकर उनके घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वस्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है जिसके अंतर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आउटरीच गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं साथ ही शहरी आशा कार्यकर्ता के द्वारा भी स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर जाकर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान दो नव विवाहित दंपति को शगुन किट भेंट की गईं। आदर्श सास बहू बेटा को पुरस्कृत किया गया।

सम्मेलन के दौरान रमेश तिवारी, शहरी समन्वयक विनय पांडेय परिवार नियोजन विशेषज्ञ कमलेश कुमार, परिवार नियोजन मैनेजर हिमांशु श्रीवास्तव, यूनिसेफ से अंकुर कुमार, फार्मासिस्ट अतुल पटेल, लैब असिस्टेंट अमित वर्मा, स्टाफ नर्स आकांक्षा शुक्ला एएनएम नेहा कश्यप, नेहा सिंह, रीतू कश्यप, सुरिता वर्मा एवं समस्त आशा पुष्पा, पूनम, देवश्री, ललिता, स्नेहप्रिया, प्रीति मौर्या, शैलजा, चंद्रावती, रेनू गुप्ता, सविता मौर्या एवं आंगनबाडी सुनीता मौर्या, सोनिया, प्रतिभा साथ ही सहायिका सपना, मालती, शुशीला आदि लोग उपस्थित रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । बुधवार । 14 फरवरी 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	23°C	14°C
कानपुर	24°C	14°C
देहरादून	19°C	10°C
नई दिल्ली	21°C	11°C

सीएम योगी ने जीबीसी 4.0 की तैयारियों पर की समीक्षा बैठक, जमीन पर उतरेंगे 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा की। विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी ने विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए जीबीसी-4.0 के सफल आयोजन के लिए निम्न दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 10-12 फरवरी, 2023 को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है। 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से ?39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 1.10 करोड़ नौकरी/रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आगामी 19-21 फरवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होने जा रहा है। पहले दिन 19 फरवरी को प्रधानमंत्री जी द्वारा एक साथ ?10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की गरिमामयी उपस्थिति होगी। देश के ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश का यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। ऐसे में समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबन्ध कर लिए जाएं। वर्ष 2018 में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के बाद जब पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी, ?60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ था। आज 06 वर्ष बाद जीबीसीञ्चढ्ढङ्क में एक साथ ?10 लाख 11 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के ग्राउंड ब्रेकिंग की तैयारी है। यह ट्रांसफॉर्मेशन, यह बदलाव, यही स्पीड नए उत्तर प्रदेश की पहचान है। जीबीसी@IV में 500 करोड़ से अधिक की 262 परियोजनाएं सम्मिलित हैं, जबकि ?100-500 करोड़ तक 889 औद्योगिक परियोजनाएँ जमीन पर उतरेंगी। महत्वपूर्ण यह भी कि सभी 75 जनपद इससे लाभान्वित होंगे। 3500 से अधिक इन्वेस्टर्स इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। विशिष्ट समारोह में अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णतः अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ जनों, उद्यमियों, निवेशकों आदि गणमान्य जनों की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

जीबीसी के पूर्व युवाओं के बीच इस मुद्दे पर करें संवाद

उन्होंने निर्देश दिया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पूर्व सेवानिवृत्त आईएएस/आईपीएस/आईएफएस अधिकारियों, कुलपतिगणों के सहयोग से विभिन्न विश्वविद्यालयों/कॉलेजों में युवाओं के साथ इन्वेस्टर्स समिट की उपयोगिता, महत्ता, प्रभाव के बारे में संवाद का अभिनव प्रयास किया गया था। इससे अच्छा संदेश गया। जागरूकता बढ़ी। जीआईएस से हमारे युवाओं का जुड़ाव बढ़ा। इस बार जीबीसी के पूर्व 16-17 फरवरी के बीच ऐसे प्रयास करने चाहिए।

सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाये

जीबीसी@IV के दृष्टिगत पूरी राजधानी को सजाया जाए। स्वच्छता का परिवेश हो। स्पाइरल लाइट लगाएं। टैक्सी स्टैण्ड/होर्डिंग आदि व्यवस्थित रखें। शहीद पथ पर सीसीटीवी फंक्शनल रहें। पूरे वीवीआईपी रूट का सीसीटीवी कवरेज हो। अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी की जाए। मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री के संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाये। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानों के छात्रों को आमंत्रित करें

उन्होंने कहा कि 20 और 21 फरवरी को विभिन्न विषयों पर सेक्टोरल सेशन आयोजित होने हैं। ज्ञानार्जन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी इस समारोह में विभिन्न तकनीकी, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानों के छात्रों को आमंत्रित करें। उनके आवागमन की समुचित व्यवस्था की जाए। सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्रीगण के नेतृत्व में अपने सम्बंधित विभागों को प्राप्त हर एक औद्योगिक निवेश प्रस्ताव की तत्काल समीक्षा करें।

जागरूकता के अभाव में एनीमिया की शिकार हो रही हैं महिलाएँ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारत विकास परिषद, महिला एवं बाल विकास प्रकल्प, कृष्णा नगर शाखा द्वारा, राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर , महिलाओ के लिए एनीमिया जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य एनीमिया के बारे में जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ हिमांगी दुबे, सीनियर कंसलटेंट , अजंता हॉस्पिटल ने महिलाओ को एनीमिया के कारण, लक्षण एवं उससे बचाव के बारे में जागरूक करने हेतु कहा कि एनीमिया एक गंभीर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जो विशेष रूप से छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करती है। एनीमिया पोषण संबंधी कमियों, विशेष रूप से आयरन की कमी के कारण होता है, और इसका इलाज आहार में बदलाव और पूरक आहार से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एनीमिया बीमारी का शुरुआती लक्षण थकान, कमज़ोरी, त्वचा का पीलापन दिल की धड़कन में बदलाव, सांस लेने में तकलीफ़, चक्कर आना, सीने में दर्द, हाथों और पैरों का ठंडा होना, सिरदर्द आदि है, ऐसे लक्षण दिखते ही चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। साथ ही अधिकांश घरों में उपलब्ध खाद्य पदार्थों से अपेक्षित पोषण कैसे प्राप्त कर सकते है इस बारे में विस्तार से चर्चा की। जहां उन्होंने यह भी बोला की एनीमिया होने की मुख्य वजह शरीर में हीमोग्लोबिन का कम उत्पादन है। हीमोग्लोबिन रेड ब्लड सेल्स का हिस्सा है, जो शरीर में आक्सीजन का संचार करता है। खान-पान में पोषक तत्वों का प्रयोग में अधिकांश महिलाएं लापरवाही करती हैं। इस वजह से एनीमिया की शिकार हो जाती हैं। उपचार और जागरूकता से महिलाओं को एनीमिया से उबरने में मदद मिलती है। कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद, कृष्णानगर शाखा की महिला संयोजिका कीर्ति तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

60 फीट बाजार व्यापार मंडल चुनाव में लाखन और विवेक के बीच कांटे की टक्कर

- जन हित उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की जानकीपुरम 60 फीट बाजार व्यापार मंडल चुनाव को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह
- अध्यक्ष पद के लिए मतदान 15 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 60 फीट बाजार स्थित महापदम स्वीट्स के प्रतिष्ठान परिसर में होगा
- मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश यादव के अनुसार नाम वापसी के बाद महामंत्री पद पर आर के यादव और कोषाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जन हित उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की जानकीपुरम 60 फीट बाजार व्यापार मंडल चुनाव को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह है। अधिकतर पदों पर निर्विरोध चुनाव हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए विवेक श्रीवास्तव और गरुनेन्द्र लाखन उर्फ़ डानी के बीच कांटे की टक्कर है। मतदान 15 फरवरी को होगा। हमेशा गुलजार रहने वाले 60 फीट बाजार में इन दिनों चुनावी हलचल काफी बढ़ गई है। व्यापारी हितों के लिए जन हित उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश प्रदेश के प्रमुख बाजारों में अपने संगठन को मजबूत कर रहा है। इस कड़ी में 60 फीट बाजार का चुनाव महत्वपूर्ण है। 60 फीट बाजार के साथ ही जानकीपुरम क्षेत्र के अन्य बाजार के व्यापारी भी इस चुनाव में सक्रिय रूप से सहभाग कर रहे हैं। जन हित उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश यादव के अनुसार नाम वापसी के बाद महामंत्री पद पर आर के यादव एवं कोषाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। अध्यक्ष पद के लिए विवेक श्रीवास्तव और गरुनेन्द्र लाखन उर्फ़ डानी के बीच मुकाबला है। अध्यक्ष पद के लिए मतदान 15 फरवरी को सुबह 11ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक 60 फीट बाजार स्थित महापदम स्वीट्स के प्रतिष्ठान परिसर में होगा। इस बीच अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विवेक श्रीवास्तव और गरुनेन्द्र लाखन उर्फ़ डानी ने मंगलवार को भी बाजार में व्यापारियों से जनसंपर्क किया।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा : यूपी के 13 जिलों में 15 सभाएं करेंगे राहुल गांधी, सात दिन में तय होगी 785 किमी की दूरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत प्रदेश में सात दिन में 785 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे। वह प्रदेश के 13 जिलों में 15 जनसभाएं करेंगे। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर अलग- अलग वर्ग के लोगों से संवाद करेंगे। लोगों की समस्याएं भी जानेंगे। राहुल गांधी के नेतृत्व में निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार से होते हुए 16 फरवरी को चंदौली जिले के नौबतपुर से प्रदेश में प्रवेश करेगी। पदयात्रा करते हुए चंदौली के पड़ाव में रात्रि विश्राम करेगी। 17 फरवरी को वाराणसी के गोलगड्डा मंदिर मार्ग से विश्वेसरगंज तिराहा होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद गोदौलिया चौराहे पर जनसभा होगी। इसके बाद राजपुरा चौराहे पर भी जनसभा होगी। 18 को भदोही के गोपीगंज चौक हंडिया होते हुए हबूसा मोड पर जनसभा, फिर यूनिवर्सिटी चौराहा होते हुए सोरांव में जनसभा, 19 को मऊआइमा से प्रतापगढ़ के भगवान चुंगी चौराहा होते हुए लालगंज चौक में जनसभा, फिर सांगीपुर होते हुए अमेठी पहुंचेगी, जहां रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी से यात्रा शुरू होकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गौरीगंज पहुंचेगी और बाबूगंज में जनसभा होगी। 20 फरवरी अमेठी के फुरसतगंज से रायबरेली के अम्बेडकर चौराहा होकर सुपर मार्केट के करीब जनसभा होगी। यहां से बछरावां होते हुए मोहनलालगंज के रास्ते में लखनऊ पहुंचेगी। यहां केकेसी, चारबाग, नाका चौराहा, रकाबगंज, राजा बाजार, मेडिकल कालेज चौराहा, चौक चौराहा, नींबू पार्क तिराहा होते हुए घंटाघर में जनसभा होगी। 21 फरवरी को उन्नाव बाईपास, शुक्लागंज होते हुए कानपुर के घंटाघर में जनसभा होगी। यहां से रनियां होते हुए जालौन जिले में पहुंचेगी। 22 को झांसी के रानी लक्ष्मी बाई चौराहा से यात्रा शुरू होकर बीकेडी चौराहा होते हुए मां पीताम्बरा देवी (दतिया) पहुंचकर मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता डा. सीपी राय ने बताया कि यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पार्टी नेताओं को अलग- अलग कमेटी बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दुष्कर्म के आरोपी को नगराम पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/संवाददाता। लखनऊ। हाल ही में सवालों के घेरे में खड़ी नगराम पुलिस ने एक सराही कार्य करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को शिकायत मिलने के बाद महज चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन के थाना नगराम क्षेत्र में सोमवार की रात 44 वर्षीय मंद बुद्धि महिला के साथ एक 25 वर्षीय युवक द्वारा अपनी हैवानियत का शिकार बनाया गया। शिकायत के बाद नगराम पुलिस मामला दर्ज कर पीड़ित महिला को मंगलवार की सुबह की परीक्षण के लिए भेज दिया इधर वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्रभानु वर्मा ने अपनी टीम के साथ मामले की छानबीन शुरू की और देर रात आरोपी अनिकेश को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच कर रहे वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्रभानु वर्मा के अनुसार आरोपी पुलिस को चकमा देकर शहर छोड़ कर भागने की फिराक में था लेकिन पुलिस की सक्रियता से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पकड़े गए आरोपी अनिकेश (25) ने पुलिस के सामने अपना जुर्म इकबाल किया है।

जल, जंगल और जमीन की सेवा की जाए : हीरालाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक

उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड गोमती बैराज गोमती नगर लखनऊ स्थित सभागार में अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी डॉ हीरालाल की अध्यक्षता में 97वीं बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न जनपदों के जिलाधिकारी तथा उनके नामित प्रतिनिधि व शासन के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का शुभारंभ प्राधिकारी के सचिव राजीव यादव ने करते हुये उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। प्राधिकारी की बैठक में 31 प्रस्तावों पर चर्चा की गयी तथा उन्हें पारित किया गया। उनमे मुख्य रूप से सरयू नहर परियोजना एवं अर्जुन नहर परियोजना में कराये जा रहे भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी की वित्तीय वर्ष 2010 से 2015-16 तक की आडिडेट बैलेंस सीट का अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी के पास वर्तमान में 81 वाहन जिसमें ज्यादातर 15 वर्ष पुराने हैं, प्राधिकारी द्वारा 15 वर्ष पुराने वाहनों को निष्प्रयोज्य करने हेतु नीलामी व स्क्रैप कराने के आदेश दिये गये। सरयू नहर परियोजना एवं अर्जुन नहर परियोजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न होने के कारणों को प्राधिकारी के समक्ष रखा गया, जिसमें प्राधिकारी द्वारा कृषकों की भूमि पर बनाये जाने वाली नालियों के निर्माण हेतु भूमि के बदले मुआवजा दिये जाने तथा कृषकों को खड़ी फसल के बदले मुआवजा दिये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कच्चे कार्य को मनरेगा के माध्यम से कराये जाने का प्रस्ताव पास किया गया। कार्यो में तकनीकी सहयोग हेतु निजी संस्थान, अर्द्धसरकारी, सरकारी संस्थान व एनजीओ से अनुबन्ध कर कार्य को कराये जाने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त माइक्रोएरिगेशन को बढ़ावा देने, स्प्रींकल सिंचाई जिसके माध्यम से कम पानी में फसलों की अधिक पैदावार की जा सकती है, को लेकर प्रदेश के किसानों को जागरूक करने पर बल दिया गया। जल, जंगल और जमीन की सेवा की जाए ताकि जलवायु परिवर्तन को रोका जा सके। बैठक में अनीता वर्मा सिंह विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, अंजली सोनी मुख्य वित्तीय सलाहकार, रजनीश प्रकाश चौधरी अधीक्षण अभियन्ता एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता संचालन राजीव यादव, अपर आयुक्त सचिव प्राधिकारी द्वारा किया गया।

राज्यसभा चुनाव : जया बच्चन सहित सपा के तीनों उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन, अखिलेश-शिवपाल रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राज्यसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की तरफ से तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर उनके साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद हैं। समाजवादी पार्टी ने अभिनेत्री जया बच्चन, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामजी लाल सुमन और यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को उम्मीदवार बनाया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मुख्य महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने सोमवार को प्रदेश पार्टी मुख्यालय पर राज्यसभा प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया। कुछ विधायक भी बुलाए गए, जिन्होंने प्रस्तावक बनने के लिए सादे कागज पर हस्ताक्षर किए। एक विधायक ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि जिस कागज पर साइन कराए गए थे, उस पर किसी प्रत्याशी का नाम नहीं लिखा था। जया बच्चन को पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। रामजी लाल सुमन 1977 में पहली बार फिरोजाबाद से लोकसभा चुनाव जीते थे। उसके बाद वर्ष 1989, 1999 और 2004 में भी लोकसभा चुनाव जीते। वे केंद्र की चंद्रशेखर सरकार में मंत्री भी रहे हैं। मौजूदा समय में वह सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद पर हैं। वह दलित जाति से हैं, उनके जरिये सपा यूपी में दलित मतदाताओं को साधना चाहती है। आलोक रंजन अखिलेश सरकार में यूपी के मुख्य सचिव रहे थे, वे जुलाई 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्त होने के बाद वे अखिलेश के मुख्य रणनीतिकारों में गिने जाते हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा महासचिव के पद से दिया इस्तीफा, भेदभाव का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पूर्व कैबिनेट मंत्री व एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्या ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर दलितों व पिछड़ों को उचित भागीदारी न देने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। लेकिन, अंदरखाने माना जा रहा है कि वे राज्यसभा के टिकट वितरण से नाराज चल रहे हैं। उनके इस्तीफे को सपा नेतृत्व पर दबाव की राजनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे त्यागपत्र में उन्होंने कहा है कि डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया समेत सामाजिक न्याय के पक्षधर महापुरुषों ने 85 बनाम 15 का नारा दिया था। लेकिन, समाजवादी पार्टी इस नारे को लगातार निष्प्रभावी कर रही है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी बड़ी संख्या में प्रत्याशियों का पर्चा व सिंबल दाखिल होने के बाद अचानक प्रत्याशियों को बदला गया। इसके बावजूद वह पार्टी का जनाधार बढ़ाने में सफल रहे। विधानसभा के अंदर पार्टी को 45 से 110 पर पहुंचा दिया। अखिलेश यादव को भेजे गए इस्तीफा पत्र में उन्होंने कहा कि जबसे मैं सपा में शामिल हुआ तब से ही पार्टी का जनाधार बढ़ाने की कोशिश की है। यही कारण है कि जिस सपा के पास पहले सिर्फ 45 विधायक थे वहीं विधानसभा चुनाव 2022 के बाद यह संख्या 110 हो गई। उन्होने कहा कि मैंने पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए अपने तरीके से प्रयास किए। इसी क्रम में मैंने आदिवासियों, दलितों व पिछड़ों को जो जाने-अनजाने भाजपा के मकड़जाल में फंसकर भाजपामय हो गए उनके सम्मान व स्वाभिमान को जगाकर व सावधान कर वापस लाने की कोशिश की। इस पर पार्टी के कुछ छुटभईये नेताओं ने इसे मौर्य जी का निजी बयान कहकर धार कुंद करने का प्रयास किया। मुझे हैरानी तब हुई जब पार्टी के वरिष्ठतम नेता इस पर चुप रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कुछ राष्ट्रीय महासचिव का बयान पार्टी का होता है जबकि मेरा बयान निजी हो जाता है। ऐसे में इस भेदभावपूर्ण और महत्वहीन पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं। मैं पार्टी महासचिव के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। कृपया इसे स्वीकार करें।

सपा को धन्यवाद भी दिया

त्यागपत्र में उन्होंने खुद को सपा का महासचिव और एमएलसी बनाने के लिए सपा अध्यक्ष को धन्यवाद भी दिया। खुद के सुझावों को न माने जाने की पीड़ा रखते हुए कहा कि जनवरी-फरवरी 2023 में उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जातीय जनगणना समेत अहम मुद्दों पर प्रदेश में रथयात्रा निकालने का सुझाव दिया था। लेकिन, इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्वामी प्रसाद ने त्यागपत्र में कहा है कि पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों को भाजपा के मकड़जाल से निकालने की कोशिश की तो पार्टी के कुछ छुटभैये और कुछ बड़े नेता इसे मौर्या का निजी बयान बताकर संघर्ष की धार को कुंद करने की कोशिश कर रहे हैं। यहां उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया है, लेकिन माना जा रहा है कि उनका इशारा सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, महासचिव शिवपाल यादव और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडे की ओर है। स्वामी प्रसाद लिखते हैं कि कुछ राष्ट्रीय महासचिव का हर बयान पार्टी का हो जाता है, जबकि उनका निजी, यह समझ से परे है। जबकि, उनके इन बयानों से ही दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का रुझान सपा की तरफ बढ़ा है। अगर राष्ट्रीय महासचिव पद में भी भेदभाव है, तो ऐसे भेदभावपूर्ण और महत्वहीन पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। अंत में उन्होंने कहा है कि पद के बिना भी वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके और अकादमिक अपेक्षाएं

प्रत्येक छात्रों की भलाई के समर्थन में एक अनूठी भूमिका होती है। छात्रों की सामान्य भलाई को बढ़ावा देने वाली प्रक्रिया और नीतियां विकसित करना स्कूल प्रशासकों की जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि शैक्षणिक मानक उचित हैं, वे तनाव कम करने की रणनीतियों को क्रियान्वित कर सकते हैं और सकारात्मक स्कूल माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। न केवल स्कूल प्रणाली, मीडिया स्वस्थ सीखने की आदतों को बढ़ावा देने, शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करने और अकादमिक सफलता के सकारात्मक व संतुलित चित्रण को प्रोत्साहित करने वाली पहल का समर्थन करके मदद कर सकता है।

बड़ी संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। जब हम परीक्षा तनाव पर नज़र डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान करके, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें। परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाए रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है। अपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री। बच्चों को अपनी देखभाल करना और उन्हें विश्राम कौशल सिखाना जरूरी है, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम, छोटी सैर और शांत संगीत।

एक्सप्रेस आलेख

गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलबुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी।

स्वतंत्रता आंदोलन में थी सरोजिनी नायडू की अहम भूमिका

योगेश कुमार गोयल

1908 में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया गया था लेकिन जलियांवाला बाग हत्याकांड से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह सम्मान वापस कर दिया था। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण लखनऊ में अपने कार्यालय में कार्य करने के दौरान उनका निधन हो गया। सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च 1949 में हुआ था।

आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 145वीं जयंती मना रहा है। सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की 'लेडी ऑफ द लेक' नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह 'द गोल्डन थ्रैशहोल्ड' 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें 'भारत कोकिला' कहा जाता था। उन्हें 'शब्दों की जादूगरनी' के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था। मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा. गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरोजिनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा. गोविन्दराजुलु के साथ हो गई। 1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था। महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलबुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए।

देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	पंचमी 12:13 तक
नक्षत्रः	रेवती 06:56 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	बुधवार
योगः	शुभा, 19:56
सूर्योदयः	07:04
सूर्यास्तः	18:06
चंद्रमाः	मीन राशि में
राहुकालः	12:35-13:58
विक्रमी संवत्:	2080
शक सम्वतः	1945
मासः	माघ
शुभ मुहूर्तः	12:13-12:57

जन एक्सप्रेस

नहीं है आता नाम !

लिस्ट हो रही जारी ।
नहीं है आता नाम ।।
लगातार है चर्चा में ।
चल रहा अभी काम ।।
है बनता है हक़ ।
हो रही पर देर ।।
अंदर से आवाज़ उठी ।
क्यों इतनी अंधेर ।।
हास्यास्पद है स्थिति ।
बिगड़ी ना पर बात ।।
थी छोटी सी इच्छा ।
ना हो वज्रपात ।।
आएगी खुशखबरी ।
है पर इंतज़ार ।।
किधर से भी हो सकता ।
जल्द चमत्कार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

क्या कत्ल में मेरे था वो भी शामिल,
कभी खँजर बदले तो कभी कातिल ।
शामिल था मै किश्तों में तेरी जिंदगी में,
कभी मुझे ख़ारिज किया कभी शामिल।
बड़े दिनों बाद रौशनी लौटी है शहर में,
आज पकड़ा गया है यारों मेरा कातिल।

लहरे थक गई है, सागर में मचलते हुए,
तलाशती है वो भी कहीं कोई शाहिल।
मेरे क़त्ल का इल्जाम न लगाना उस पर,
वो तो सिर्फ बेवफाई के जुर्म में है शामिल।
क़त्ल की आरज़ू भी इल्तजा भी मेरी ही थी,
बेहद मासूम है,भला कैसे होगा वो कातिल।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

किसी देश की महानता और उसकी नैतिक उन्नति का अंदाजा हम वहां जानवरों के साथ होने वाले व्यवहार से लगा सकते हैं

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए करें आंवले का सेवन

बदलते मौसम में शरीर की इम्यूनिटी अच्छी होना बेहद जरूरी है। इस मौसम में कमजोर इम्यूनिटी होने पर लोग अक्सर कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ बैलेंस डाइट बेहद जरूरी होती है। इम्यूनिटी के लिए आंवले जैसे पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को खाना चाहिए जिनमें विटामिन ष्ट के साथ कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स शामिल हों, ये तत्व न सिर्फ आपके शरीर की इम्यूनिटी को बेहतर कर सकते हैं बल्कि स्किन और बालों की क्वालिटी सुधारने में भी सहायक हो सकते हैं।

आंवला के साथ शहद और काली मिर्च बनाने का तरीका: इस मिक्स को बनाने के लिए आपको आधा किलो आंवला, 3 चम्मच कुटी हुई काली मिर्च और 100द्वद्य शहद चाहिए होगा। सबसे पहले आंवले में कांटे या छुरी की मदद से छेद करें और फिर इन्हें पानी में डालकर 10 मिनट के लिए उबालें। इसके बाद जब आंवले ठंडे हो जाएं तो इन्हें एक जार में भरकर इसमें शहद और कुटी हुई काली मिर्च मिलाकर 2 दिन के लिए ढककर रखें और फिर इन्हें खाने के लिए इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि रोजाना 1 आंवला ही खाएं। यदि आप नियमित शहद, आंवला और काली मिर्च के मिश्रण का सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर की इम्यूनिटी के साथ ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर हो सकता है और दिल की बीमारियों और हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

आंवले के साथ शहद और काली मिर्च खाने के 7 फायदे

- आंवले में विटामिन ष्ट के साथ अच्छी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो इम्यून सिस्टम को बेहतर करने में सपोर्ट करते हैं। इसके सेवन से बदलते मौसम में होने वाली कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है।
- शहद और आंवले में पाए जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं, वहीं काली मिर्च में पाया जाने वाला पोटैशियम और मैग्नीशियम शरीर मे ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।
- आंवले के साथ शहद और काली मिर्च के सेवन से वजन को कंट्रोल करना आसान हो सकता है। इसके साथ ही, काली मिर्च में पाया जाने वाला पिपेरिन शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है और इंफ्लेमेशन को कम करने में सहायक है।
- आंवले के साथ शहद और काली मिर्च का सेवन पाचन को सुधारने के साथ गैस और एसिडिटी को कम करने में मदद कर सकता है। इसके सेवन से गट हेल्थ बेहतर होती है।
- आंवले के साथ शहद और काली मिर्च के सेवन से थकान और कमजोरी का एहसास कम होता है।

एक्सप्रेस विशेष

पाकिस्तान की जनता ने इस बार का जनादेश अपनी सेना के खिलाफ दिया है

सुरेश हिंदुस्तानी

पाकिस्तान आज बर्बादी के कगार पर जा चुका है। हम जानते हैं कि इमरान के शासनकाल के दौरान जनता अपना पेट भरने के लिए सड़कों पर उतर आई। लूटपाट भी की, लेकिन राजनेताओं ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और पाकिस्तान की दुर्गति होती चली गई।

शासन की जिम्मेदारी होती है कि वह अपने देश की स्थिति को संभाले, परंतु पाकिस्तान में सरकार को संभालने की राजनीति ही की जाती रही है। जिसके कारण पाकिस्तान के ऐसे हालात बने। इतना ही नहीं वहां के राजनेता आतंकी आकाओं और सेना की कठपुतली ही बने रहे, जिसके चलते उनको सत्ता का सुख भी प्राप्त हुआ। पाकिस्तान की मौजूदा परिस्थितियां वहां के राजनीतिक नेताओं की देन हैं।

पाकिस्तान के बनने के पश्चात प्रारंभ से पैदा हुई उसकी राजनीतिक दुश्वारियां अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही हैं। सत्ता के संघर्ष के इस खेल में पाकिस्तान ने पाया कुछ नहीं, इसके विपरीत खोया बहुत है। अभी हाल ही में हुए चुनाव में पाकिस्तान के राजनीतिक आसमान में फिर से अस्थिरता के बादल उमड़ते घुमड़ते दिखाई दिए। पाकिस्तान की सेना और आतंकियों के संकेत पर जबरदस्ती पदच्युत किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए इस चुनाव में राह को कठिन बनाने की भरपूर राजनीति की गई। इसके बाद भी पाकिस्तान में एक बड़ी ताकत के रूप में उन्होंने अपना स्थान कायम रखा। इसे इमरान खान की लोकप्रियता ही कहा जाएगा कि उनके विरोधी दल ताल ठोककर मैदान में सामने खड़े थे, इसके बाद भी इमरान की पार्टी तहरीक ए इंसाफ सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आई। वहीं नवाज शरीफ की पार्टी मुस्लिम लीग नवाज दूसरे और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी तीसरे स्थान को ही प्राप्त कर सके। इसके यह भी निहितार्थ हैं कि इन दोनों से इमरान खान ज्यादा लोकप्रिय हैं। जैसा कि पाकिस्तान का चरित्र रहा है कि वहां प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाला व्यक्ति तब तक कुछ नहीं कर सकता, जब तक सेना और आतंकी आकाओं का आदेश नहीं मिल जाए। इसे इस रूप में कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पाकिस्तान की सत्ता का निर्धारण सेना के हाथ में ही रहता है। पाकिस्तान में कहने को ही लोकतंत्र है, सच मायनों में वहां सेना का तंत्र ही कार्य करता है। सेना के अधिकारी जब चाहें जैसा चाहें, निर्णय कर सकते हैं। वहां सेना के मुख्य अधिकारी सत्ता को गिराने का काम करते आए हैं। उल्लेखनीय है कि परवेज मुशर्रफ सेना के अधिकारी ही थे, जिन्होंने पाकिस्तान में तख्तापलट करते हुए शासन की बागडोर संभाली थी। इसी प्रकार अन्य भी कई उदाहरण हैं। यह पाकिस्तान की नियति बन चुकी है कि वहां अभी तक कोई भी राजनीतिक दल सत्ता का संचालन पूरे कार्यकाल तक नहीं कर सका है। क्योंकि वहां सरकार के कामों में सेना का हस्तक्षेप बहुत ज्यादा है। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान में सेना ने ज्यादातर शासन किया है। एक प्रकार से पाकिस्तान बनने के बाद से ही सेना की राजनीतिक सक्रियता रही है। जिसके कारण पाकिस्तान में लोकतंत्र होते हुए भी सैनिक शासन जैसा ही रहा है। इस बार के चुनाव में लोकतंत्र के हिसाब से इमरान खान काफी मजबूत दिखाई दे रहे थे, जो चुनाव के परिणामों ने भी स्पष्ट किया, लेकिन इमरान खान की पार्टी बहुमत के आंकड़े से बहुत दूर रही। इमरान खान की पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि उनकी पार्टी 150 से ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त कर रही है। यह आंकड़े मतों की गिनती होते समय प्रारंभिक रूप से दिखने लगे थे, लेकिन उसके बाद स्थिति अचानक से बदल गई। उसके जो उम्मीदवार आगे चल रहे थे, वे पीछे होते चले गए। इस चुनाव में एक बार फिर राजनीतिक विद्वेष की खाई और ज्यादा चौड़ी होती दिखाई दी। नवाज शरीफ की पार्टी ने अपने रास्ते साफ करने के लिए इमरान को जेल भेजने का कुचक्र रचा। इमरान को चार मामलों में सजा भी मिली है, जिसके कारण चुनाव के दौरान इमरान जेल में ही रहे। इसे चुनाव प्रचार से दूर करने की कवायद के रूप में देखा गया। इतना ही नहीं इमरान की पार्टी के नेताओं के सामने भी कई प्रकार के संकट खड़े किए गए। फिर भी इमरान को नहीं रोक सके। अब इमरान को रोकने के लिए एक बार फिर से पाकिस्तान गठबंधन सरकार बनाने की ओर कदम बढ़ा चुका है। यानी फिर से पाकिस्तान में ऐसा राजनीतिक भंवर बन रहा है, जिसमें पाकिस्तान निकलने की कवायद कर रहा था। पाकिस्तान में कहा यह भी जा रहा कि सेना के हस्तक्षेप के चलते इमरान को सत्ता के मुहाने पर आकर रोक दिया है। चुनाव परिणाम के बाद पाकिस्तान में इमरान के समर्थक सड़कों पर उतर आए और जमकर विरोध किया। इमरान समर्थकों की यह कवायद थम जाएगी, ऐसा फिलहाल तो नहीं लगता। इसलिए कहा यह भी जा रहा है कि पाकिस्तान में आगामी हालात राजनीतिक रूप से रस्साकशी वाले ही रहेंगे। जिससे फिर राजनीतिक अस्थिरता होगी और पाकिस्तान के बिगड़े हुए हालात और भी ज्यादा खराब होते जाएंगे, यह तय है। आज पाकिस्तान की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। पाकिस्तान में भुखमरी के हालात हैं। इसका एक बड़ा कारण पाकिस्तान में लोकतंत्र का गिरवी होना ही है। स्थिति यह है कि पाकिस्तान में राजनेता मौज कर रहे हैं और जनता दर दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर है।

भगवान बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने पर पथराव

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

* दो सिपाही समेत कई लोग घायल, गांव में फोर्स तैनातघटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा पहुंच कर मौका मुआयना किया। वहीं शांति व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर अधिकारियों को निर्देश जारी किए
* घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था कायम रहे इसको लेकर गांव में पीएसी के साथ ही पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।अराजकता फैलाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई होगी: एसडीएम डॉ. अश्वनी कुमार

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को पसगवां कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पैकीपुर में अराजकतत्वों ने आंबेडकर पार्क में भगवान बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इससे कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर कई थानों की फोर्स पहुंच गई। बताया जाता है कि आक्रोशित भीड़ को रोकने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। एसडीएम ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया, जिसके बाद मामला शांत हो सका।खलिहान की भूमि पर गांव की आरख बिरादरी के सदस्यों ने 22 जनवरी को श्री रामोत्सव को लेकर श्रीराम का झंडा लगाकर भंडारे का आयोजन किया था। सोमवार को आठ बजे गांव के दूसरी बिरादरी के लोगों ने उसी भूमि पर संत रविदास की मूर्ति स्थापित कर दी, जिसको लेकर दोनों पक्ष आमने आमने आ गए। इसी बीच पार्क में पहले स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को किसी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। भगवान बुद्ध की प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही एक पक्ष के लोग

आक्रोशित हो गए। विरोध प्रदर्शन करते हुए ईंट-पत्थर फेंकने लगे। दूसरे पक्ष से भी पत्थर फेंके गए। दोनों पक्षों में हुई पत्थरबाजी की घटना में कई ग्रामीण घायल हो गए। घटना के दौरान हेड कांस्टेबल आरिफ, गुलफाम को भी पत्थर लगे, जिससे वह घायल हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठियां भी फटकारीं। मौके पर पुलिस अधीक्षक खीरी, एएसपी पश्चिम नेपाल सिंह, एसडीएम डॉक्टर अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने मौके का जायजा लिया। मौके पर पीएससी तथा पुलिस को तैनात कर दिया गया। ईंट-पत्थर फेंके जाने से दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। इनमें शिवम, सियाराम, रोहित, सौरभ, दिनेश, महिला पुष्पा देवी पत्नी राजेश कुमार के पैर में ईंट का पत्थर लगा। पथराव में राकेश, माया प्रकाश, वेदप्रकाश भी जख्मी हुए हैं।बसपा जिलाध्यक्ष हेमराज वर्मा,जयवीर गौतम जिला प्रभारी,उमाशंकर गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष,विधान सभा प्रभारी शिवराम गौतम, जिला सचिव दिनेश पाल और सपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष क्रांति कुमार गांव में डेरा जमा रखा है।

फास्ट फॉरवर्ड

शौर्य सक्सेना भाजपा में हुए शामिल

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। मंगलवार को लखीमपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ0 इरा श्रीवास्तव के भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी में दमदार वापसी के बाद भाजपा में शामिल होने वाले पुराने कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। आज इसी क्रम में लखीमपुर के शौर्य सक्सेना ने पार्टी समर्पण प्रतिबद्धता दोहराते हुए भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।उल्लेखनीय है भाजपा समर्पित सिपाही के रूप में 2011 संवाद प्रकोष्ठ से पार्टी नीतियों को संवाद के

माध्यम जन जन तक पहुंचाने में विशेष योगदान देने वाले शौर्य सक्सेना ने क्रमशः जिला सहसंयोजक फिर संयोजक दायित्व का कुशल निर्वहन किया। पार्टी विचारधारा, उपलब्धियों एवं उद्देश्यों को आमजन तक पहुंचाने तथा लोगों को जोड़ने सम्बंधी विशेष प्रयासों को देखते हुए पार्टी ने श्री शौर्य को 2014 में बीजेपी आईटी विभाग खीरी जनपद में जिला सहसंयोजक का दायित्व दिया, उसके बाद से वह क्रमशः 2017 एवं 2020 में आईटी विभाग के जिला संयोजक के पद पर रहते हुए पार्टी नीतियों, उद्देश्यों एवं उपलब्धियों को लोगो तक पहुंचाकर पार्टी विकास में भगीरथ प्रयास किया। उसके बाद बीते नगर पालिका परिषद चुनाव में श्री शौर्य ने खुद को पार्टी से अलग कर लिया था।आज लखीमपुर खीरी जिला कार्यालय में जिले के पार्टी प्रभारी वासुदेव मौर्या, पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ0 इरा श्रीवास्तव,समस्त जिला पदाधिकारियो की उपस्थिति में पुनः पार्टी प्रतिबद्धता का संकल्प लेते हुए श्री शौर्य सक्सेना ने भाजपा सदस्यता ग्रहण की। श्री शौर्य के दोबारा भाजपा में शामिल होने पर जिला एवं नगर के युवाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

पंकज शर्मा के निधन पर ऋषि ने गहरा शोक प्रकट किया

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रदेश प्रचार मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा के सुपुत्र पंकज शर्मा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया श्री शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया की पंकज शर्मा पुत्र सर्वेश शर्मा ग्राम अहमदनगर जिला खीरी सोमवार को लखनऊ से गोला अपने घर वापस आ रहे थे। बस मैं तबियत बिगड़ गई अचानक बीमारी

के कारण निधन हो गया मंगलवार को पैतृक ग्राम अहमदनगर थाना हैदराबाद में अंत्योष्टि की गई। पंकज शर्मा को एनएनसी केडेट्स ने सालामी दी। पंकज शर्मा के निधन की खबर सुनकर उत्तर प्रदेश के विश्वकर्मा समाज में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों लोग अहमदनगर सर्वेश शर्मा के निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे। मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने शोक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की पंकज शर्मा होनहार, काबिल व कई बार लखनऊ प्रयागराज में सम्मानित किया गया।लखनऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।श्री शर्मा ने जोर देकर कहा पंकज शर्मा के निधन से विश्वकर्मा समाज को क्षति हुई है।जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। विश्वकर्मा समाज के युवक हमें समय समय पर हमेशा याद करेंगे। शोक सभा को विजय विश्वकर्मा,सुनील शर्मा, मो0 शूहेब अंसारी, सर्वेश शर्मा,धीरज शर्मा, राम नरेश विश्वकर्मा, प्रेम शर्मा,वेद प्रकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, राजीव शर्मा, मिश्रा शर्मा राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी मनरेगा/प्रतिनिधि केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी लि0 लखीमपुर आदि ने शोक सभा को सम्बोधित किया। सभी लोगों ने दो मिनट का मोन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।ऐसी संकट की घड़ी में दुःख सहन करने की शक्ति दे।

गोला विसभा में दूसरे दल के 119 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार को नगरपालिका सभागार में मुख्य अतिथि अमन गिरि विधायक, विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन नगरपालिका, जिला उपाध्यक्ष सुरजन लाल वर्मा पूर्व चेयरमैन भूमि विकास बैंक,जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा धर्मेन्द सिंह, वीरेन्द्र भूषण प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख बिजुआ के आतिथ्य मे गोला विधानसभा के दूसरे दलों के119 कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री

के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ भाजपा नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। लोहिया वाहिनी के नगर अध्यक्ष शिवम गुप्ता अपने साथियों सहित अल्पसंख्यक बी डी सी इकरार खान, शकील खान, कमाल खान सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, बिजुआ मण्डल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, मैलानी अध्यक्ष संजीव वर्मा मौजूद रहे।

इजराइल जाने के लिए खीरी से 52 श्रमिक चयनित

* लेबर दफ्तर में संपर्क कर अपना परिणाम जानें श्रमिक
* चयनित श्रमिकों का होगा मेडिकल टेस्ट, पुलिस वेरिफिकेशन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार को 23 जनवरी से 30 जनवरी के मध्य आईटीआई अलीगंज में इजराइल जाने के लिए इच्छुक श्रमिकों का दक्षता परीक्षण अयोजित किया गया था। उक्त परीक्षण में जिले के 52 चयनित श्रमिकों की सूची श्रम कार्यालय में उपलब्ध करा दी गई है। उक्त आशय की जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले श्रमिक अपने पहचान पत्र के साथ 02 दिवस में श्रम कार्यालय में संपर्क कर अपना परिणाम ज्ञात कर लें, जिससे चयनित श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट, पुलिस वेरिफिकेशन एवं अन्य कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराई जा सके।

पंजीकरण से छूटे श्रमिकों को एक मौका

ऐसे अन्य श्रमिक जो इजराइल जाने को इच्छुक हैं एवं जिन्होंने पूर्व में श्रम विभाग में इजराइल जाने के संबंध में पंजीकरण नही कराया है, वह अपने पहचान पत्र के साथ अपने जिले के श्रम कार्यालय में तत्काल संपर्क करें, जिससे फरवरी माह के अंत मे आईटीआई अलीगंज में आयोजित होने वाले द्वितीय दक्षता परीक्षण में शामिल होने का अवसर उन्हें प्राप्त हो सके। पूर्व में दक्षता परीक्षण दे चुके श्रमिकों को किसी भी दशा में पुनः अवसर नही दिया जाएगा।

जिले से इन श्रमिकों का हुआ चयन

श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि प्राप्त सूची के अनुसार बांकेगंज ब्लॉक से श्रमिक मुन्ना, फूलबेहड़ से दीपक, मुकेश, विजय, सोनू, अब्दुल, सर्वेश, मोबिन, विनोद, जयप्रकाश, बद्री, दिनेश, कुंभी गोला से प्रदीप, रत्नेश, रमेश, गोविंद, राजीव, लखीमपुर से सर्वेश राजू धर्मु,शिवपूजन मितौली से केशव राणा संदीप बृजभान राज किशोर संदीप गब्बर हरदीप रामकिशुन, धर्मेंद्र, राजेश, राधा किशन, चंद्रभान, अनिरुद्ध मोहम्मदी से संजीव, नकहा से रवि, निघासन से सतीश, संदीप, रामपाल, अनिल, राम प्रताप, धर्मवीर, अंशु, ध्रुव, रामस्वरूप, पलिया से राकेश पसगवां से अर्पित, प्रघात, रमियाबेहड़ से राज का चयन हुआ है।

निजी फाइनेंस कंपनी डकार गई 50 लाख रुपया एजेंटों के गले पड़ी मुसीबत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर सहित तहसील क्षेत्र में निजी फाइनेंस कंपनियों का मकड़जाल अरसे से फैला हुआ है। इसी प्रकार की कंपनियों के झांसे में आकर सैकड़ो लोग ठगे जा चुके हैं। इसी प्रकार का एक मामला और प्रकाश में आया है। जिसमें एजेंट का आरोप है कि कंपनी ने 90 लाख रुपए जमा कराया और 40 लाख रुपए वापस किया। आरोप है कि कंपनी 50 लाख रुपए डकार गई है।अब वह पैसा वापस नहीं करना चाहते हैं। खाताधारक एजेंट के गले की हड्डी बन चुके हैं। पीड़ित एक एजेंट की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।नैना देवी पत्नी सुशील कुमार निवासी कुकुहापुर पोस्ट शिश्नौर थाना मैलानी ने गोला पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसके पति सुशील कुमार श्रीवास्तव और ग्राम खंदनी पोस्ट ममरी थाना हैदराबाद निवासी आशीष वर्मा पुत्र दिनेश कुमार वर्मा फाइनेंस कंपनी में बतौर और एजेंट काम करते थे। कंपनी का काम खाता खुलवाना और पैसा जमा करना था।नैना देवी ने गोल पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसके पति ने कंपनी में 90 लाख रुपया जमा कराया था। जिसमें से 40 लाख रुपया खाता धारकों को वापस कर दिया गया परंतु 50 लाख रुपया शेष बचा जो कि अभी तक कंपनियों ने खाता धारकों को वापस नहीं किया है। खाता धारक उसके पति के पीछे पड़े हुए हैं। वह बहुत गरीब परिवार की महिला है। उसके पति ?3000 महीने पर सर्विस करते हैं।महिला का कहना है कि बकायदार उसके पति को अपमानित करते हैं और किसी समय कोई अप्रिय घटना भी घटित हो सकती है ।पीड़ित महिला ने आशीष वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आशीष वर्मा को हिरासत में लिया है और पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई है। पुलिस क्षेत्राधिकार रमेश तिवारी से जब इस संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरी जानकारी में नहीं है अब मुझे जानकारी हुई है तो मामला में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक का अपहरण कर मांगी 30 लाख की फिरौती, बाग में इस हालत में मिले, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में संदिग्ध हालात में सोमवार रात एक प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक लापता हो गए। रात में लगभग 12 बजे उनकी मां के पास 30 लाख रुपये फिरौती देने के लिए कॉल पहुंची, तो खलबली मच गई। देर रात ही अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के नेतृत्व में पुलिस शिक्षक की तलाश करती रही। मंगलवार सुबह शिक्षक एक बाग में पड़े मिले, जबकि उनकी बाइक भौराजपुर मार्ग पर मिली। पुलिस पूरे मामले को लेकर शिक्षक से पूछताछ कर रही है। सांडी कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज निवासी हर्षित शर्मा उर्फ लकी (31) संविलियन विद्यालय महितापुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। उनकी बहन समीक्षा शर्मा ने सोमवार देर रात पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात आठ बजे हर्षित बाइक से घर से निकले थे और देर रात तक वापस नहीं आए। हर्षित के मोबाइल से रात में 12 बजे उनकी मां के पास किसी की कॉल आई और 30 लाख रुपये की फिरौती लकी को छोड़ने के एवज में मांगी। इसकी जानकारी पुलिस को हुई तो रात में ही अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र क्राइम ब्रांच, सर्विलांस और एसओजी के साथ मौके पर पहुंच गए। देर रात लकी की बाइक पुलिस को भौराजपुर मार्ग पर पड़ी मिली। मंगलवार सुबह एसपी केसी गोस्वामी ने परिजनों से जानकारी ली। बाइक मिलने के स्थान का जायजा भी लिया। उधर, सुबह लगभग 9.30 बजे लकी ने ही अपने परिजनों को फोन कर लाहौरी पुरवा के निकट एक बाग में पड़े होने की जानकारी दी। इस पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए।

युवक ने फांसी पर लटक कर दे दी जान

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना गोला के ग्राम हरसिंहपुर मजरा भैठिया निवासी मुन्नालाल राजपूत के 22 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार राजपूत ने किसी अज्ञात कारणबश आम की बाग में फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। घटना की सूचना मृतक के पिता मुन्नालाल राजपूत ने कोतवाली गोला में देते हुए बताया कि उसके बेटे ने आम के बखग में अपने मफलर से लटक कर जान दे दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारणों का पता नहीं लग सका है।

लहरपुर तहसीलदार द्वारा लेखपाल को अपमानित किये जाने के कारण, लेखपालों ने किया कार्य बहिष्कार

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद। लहरपुर तहसीलदार द्वारा लेखपाल को अपमानित किये जाने को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए लेखपा संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के आवाहन पर महमूदाबाद के लेखपालों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर कार्य वहिष्कार किया। महमूदाबाद तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि कि जिला अध्यक्ष ने घोषणा की है जब तक लहरपुर से तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं किया जाता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि लेखपालों के साथ राजस्व निरीक्षक अभद्र व असंसदीय व्यवहार किए जाने पर लेखपालों ने तहसीलदार को न्याय दिलाने के लिए मांग पत्र दिया था । जिस पर तहसीलदार ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर लेखपाल संवर्ग के मान सम्मान को ठेस पहचाने, न्याय के सिद्धांत के विपरीत मांग पत्र पर प्रतिक्रिया दी थी, जिससे लेखपाल संवर्ग के मान सम्मान पर हुए आघात के चलते विगत मंगलवार से अनवरत लेखपाल संघ की लहरपुर तहसील के आवाहन पर पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने की आठवें दिन मंगलवार को लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष के आवाहन पर महमूदाबाद लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया और लहरपुर तहसीलदार को हटाए जाने की मांग की। धरना प्रदर्शन में लेखपाल ललितेश सिंह, ललित मौर्य, रमाकांत रावत, गुफरान, पूर्णेन्द प्रकाश, दान बहादुर, सुशील वर्मा सहित समस्त लेखपाल शामिल हुए।

भारतीय किसान मंच संगठन की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार: सुनील राजवंशी

जन एक्सप्रेस । रियासत अली सिद्दीकी

रामकोट(सीतापुर)। भारतीय किसान मंच के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने संगठन का विस्तार करते हुए हिमांशु राज को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया व शुभेंद्र कुमार को युवा मंच का जिला उपाध्यक्ष, रमन विस्वकर्मा को तहसील महासचिव महोली, लाला राम को जिला सचिव व गोबर्धन सिंह अर्कवंशी को जिला कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने कहा किसी भी पदाधिकारी के साथ व किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दास्त

नहीं किया जायेगा। किसानों के संघर्ष करने के लिये 24 घंटे तैयार है कोई जुल्म ज्यादती बर्दास्त नहीं की जायेगी। नवनियुक्त पदाधिकारी ने जिलाध्यक्ष को अश्वासन दिलाते हुये कहा समाज में किसानों व मजदूरों, युवाओं के प्रति संघर्ष करता रहूंगा जो मुझे जिम्मेदारी दी गयी है उसका निष्ठा के साथ संघठन को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा और हमारे जिले के किसी भी किसानों के साथ कोई जुल्म या अत्याचार हुआ तो बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा। हम और हमारा संघठन किसानों व मजदूरों, युवाओं के कंधे से कन्धा मिलाकर चलेगा। इनके मनोनयन पर प्रदेश सचिव शैलेन्द्र राज, लखनऊ मंडल अध्यक्ष रामलखन राठौर, सतेंद्र प्रताप अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी, अनिल राजवंशी, आशाराम मौर्य, नसीम खान, दिनेश मौर्य, आदि संगठन के पदाधिकारी व नेताओं ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

पुलिस परीक्षा वाले अभ्यर्थियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन को सम्बोधित ज्ञापन देकर 16 फरवरी भारत बंद आवाहन को लेकर चिन्ता व्यक्त की

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

उ0प्र0 बोर्ड परीक्षा व उ0प्र0 पुलिस सिपाही प्रतियोगी परीक्षा को लेकर अभिभावक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिनिधि, पुलिस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर सोलह फरवरी के भारत बंद आवाहन को लेकर चिन्ता व्यक्त की। व्यथित अभिभावकों के तौर पर हम चिंतित हैं और सोलह फरवरी को कर्मचारी और किसान संगठनों के देशव्यापी हड़ताल,बंद के आवाहन के खिलाफ आवाज उठाने को बाध्य है। संगठनों के विरोध जताने के अधिकार को स्वीकार करते हुए हम अपील करते हैं कि वे अपने आवाहन का स्कूल जाने वाले बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करें। यहाँ पर ये बताते चलें कि केन्द्रीय श्रमिक संगठनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने अपनी माँगों के समर्थन में सोलह फरवरी को देशव्यापी बंद और रेल/सड़क रोको प्रदर्शन की घोषणा की है। दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा, 17 व 18 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के दिन भारत बंद से विद्यार्थी और उनके अभिभावक दोनों चिंता में है। हमारे बच्चे परीक्षा की तैयारी (उ0प्र0 बोर्ड परीक्षा, उ0प्र0 पुलिस परीक्षा) बहुत मेहनत से कर रहे हैं। लेकिन वो अगर रेल,सड़क व्यवधान और परिवहन साधनों के ना होने से परीक्षा केन्द्र नहीं पहुँच पाये तो उनकी सारी कड़ी मेहनत बेकार चली जायगी। हम, अभिभावक एवं विधार्थीगण संगठनों से जोर देकर अपील करते हैं कि वे बोर्ड परीक्षाओं के दौरान अपने हड़ताल, बंद के निर्णय पर पुनर्विचार करें क्योंकि ये परीक्षा उनके विद्यार्थी जीवन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम से सम्बन्धित संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सीतापुर में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सम्बन्धित विभागों- शिक्षा विभाग, मलेरिया विभाग, क्षय रोग, आयुष विभाग, सूचना विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, नगर विकास विभाग आदि के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर डा0 हरपाल सिंह द्वारा जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के नोडल

अधिकारी डा0 दीपेन्द्र वर्मा के द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु आवश्यक उपायों जैसे स्वच्छ पानी की उपलब्धता, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, भूकंप की आपदा से निपटने हेतु प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली का उपयोग करने पर जोर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, शिक्षा और जागरूकता आदि पर ध्यान देने की आवश्यकता बतायी। डा0 दीपेन्द्र वर्मा के द्वारा विशेष रुप से भूकंप के दौरान किये जाने वाले आवश्यक उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया।

पालिकाध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में सभासदों ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा भाजपा का दामन

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर

सीतापुर। खैराबाद नगर पालिका के कई सभासदों ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ली। पालिकाध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में इन सभासदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व विशिष्ठ अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने सभासदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। मंगलवार को खैराबाद विकास खंड कार्यालय के सभाकक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व विशिष्ठ अतिथि खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा रहे। इस मौके पर खैराबाद नगर पालिकाध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता

हर समाज, हर वर्ग के उत्थान पर जोर दे रही सरकार

इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि भाजपा की नीतियों से हर कोई प्रभावित है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी अदित्यनाथ सरकार ने सबका साथ, सबका विकास करके लोगों का विश्वास जीता है। यही वजह है कि लोग अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। नगर पालिकाध्क्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि भाजपा सरकार बगैर भेदभाव के कार्य कर रही है। हर समाज, हर वर्ग के उत्थान पर जोर दे रही है। प्रदेश व देश का तेजी से विकास हो रहा है। यही वजह है कि लोग अन्य दलों को छोड़ भाजपा का दामन थाम रहे हैं। इस मौके पर नगर पालिकाध्क्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू,भाजयुमो जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, विधानसभा संयोजक जया सिंह, भाजपा नेता श्रवण शुक्ला, संदीप अवस्थी, अंशू मिश्रा, उमेश जायसवाल, दिलीप जोशी, नीरज अवस्थी, विवेक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

सभासदों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यहां पर पालिकाध्यक्ष बेबी गुप्ता के नेतृत्व में सभासद बसपा के प्रभु जी, सपा के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष सभासद मुर्सलीन, सभासद - मोहम्मद नसीम उर्फ हुस्ना, सभासद हसीन खॉ, सपा नेता रफीक गाजी, शराफत पूर्व सभासद ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

भाजपा के मिलन समारोह में नये कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

*** प्रभारी मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां बतलाई**

जन एक्सप्रेस। कालपी

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का कालपी विधानसभा स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन केन्द्रीय उधोग राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा व जनपद के प्रभारी कैबिनेट मंत्री धर्मवीर प्रजापति की मौजूदगी में आयोजित किया गया।इस मौके पर बिभिन्न दलों के पांच सैकड़ा लोगों ने अपने दल से त्यागपत्र दे कर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की गई। नये शामिल होने वाले व्यक्तियों को मंत्रियों व शीर्ष नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। ठक्कर बापा इंटर कालेज कालपी के प्रेम सरोवर सभागार में भाजपा के जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की अध्यक्षता आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी भारी संख्या में समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंचे।

कार्यकर्ताओं के मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से देश के करोड़ जनता लाभान्वित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से 500 साल की तमन्ना पूरी हुई है। अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने बताया क्या भारत के अलावा पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान किया जा रहा है। उन्होंने कहां से तीसरी बार देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के लिए सभी लोग पूरी ताकत से जुट जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने भाजपा में शामिल होने वाले नए कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत करते हुए कहा के अबकी बार 405 के नारे को पूरा करना है। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन में आज कालपी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में शामिल होने वाले पांच सैकड़ा कार्यकर्ताओं की सूची को प्रस्तुतीकरण किया। अरुण मल्होत्रा, अशोक बाजपेई, नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, हरगोविंद सिंह अरुण शुक्ला संतोष प्रजापति महिला नेतृत्व कुमकुम ने अपने-अपने संबोधन में भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताते हुए नए कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। जिलामंत्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। दिपांशु, अतुल सिंह चौहान, अरविंद राठौर, नवीन गुप्ता सुनील पटवा,ब्रम्हा सिंह यादव, अतुल गुप्ता सिंटू, राज योगिनी रजनी पाल, वंदना गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, दिग्विजय सिंह, कोमल सिंह चौहान श्री कृष्ण गौतम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्रकार को पितृ शोक, 92 वर्षीय पूर्व पशुधन प्रसार अधिकारी का स्वर्गवास



जन एक्सप्रेस/मथुरा/छाता। छाता नगर के सीनियर सिटीजन एवं पत्रकार सुशील भारद्वाज एवं पत्रकार खगोल भारद्वाज एडवोकेट के पिताजी डॉक्टर मुरारी लाल भारद्वाज 92 वर्षीय रिटायर्ड पशुधन प्रसार अधिकारी का गोलोकवास दिनांक 11 फरवरी दिन रविवार को अचानक हो जाने से अधिवक्ता एवं पत्रकार जगत में शोक व्याप्त हो गया है। इनके पिता पशु विभाग में पशुधन प्रसार अधिकारी के पद से जनवरी 1990 में रिटायर्ड होने के उपरांत सामाजिक गतिविधियों में सहयोग करते थे। वह लगातार 10 वर्ष जनपद पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष पद पर रहे। शोक व्यक्त करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ठाकुर फाल्गुन सिंह अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष किशन सिंह एवं संग्राम सिंह अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के संजय पिपरानिया महिंद्रा आचार्य विनोद व्यापार मंडल के संरक्षक कालीचरण गुप्ता, अध्यक्ष सुनील प्रधान, राकेश गुप्ता राजू पत्रकार, श्वेतांग पत्रकार आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिकाध्यक्ष ने नवनिर्मित सड़क का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। महोबा

नगर मे विकास को लेकर प्रयास कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा रामकथा मार्ग मे 10 लाख रूपये की लागत से बनी नवनिर्मित सीसी रोड का आज उद्घाटन किया गया। इस मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगो को जलभराव और गड्ढे युक्त रास्ते से निजात मिली है। जिसको लेकर स्थानीय लोगो मे खासी प्रसन्नता है और पालिका के कार्यो की प्रशंसा कर रहे है।

आपको बता दे कि महोबा नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 संतोष चैरसिया द्वारा नगर क्षेत्र मे विकास को लेकर किये जा रहे काम लगातार बढते जा रहे है। इसी क्रम मे शहर के रामकथा मार्ग स्थित 10 साल पुराने आम रास्ते की समस्या से जूझ रहे स्थानीय लोगो को इससे निजात मिली है। रामकथा मार्ग मे उक्त रास्ता जलभराव और कीचड़युक्त होने के चलते लोगो को समस्याओं से जूझना पड़ रहा था। खासकर यहॉ से गुजरने वाले राहगीरों और बच्चो को इस रास्ते के कारण कई बार चोटहिल तक होना पड़ है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगो ने अपने सभासद के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया था। ऐसे मे इसे गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 संतोष चैरसिया ने 10 लाख रूपये देकर इस रास्ते के निर्माण की शुरूआत की थी। अब यह रास्ता बनकर पूरा हो चुका है। इस रास्ते मे सीसी रोड और इंटरलॉकिंग का काम किया गया है। जिससे यहॉ के लोगो को जलभराव की समस्या से निजात मिल गई और एक अच्छा रास्ता उन्हे मिल पाया है। पूर्व मे यह रास्ता गड्ढो मे तब्दील था जिससे जल भराव होने के कारण जगह- जगह गंदगी और जल निकासी न होने से कीचड़ की समस्या हो रही थी। लेकिन अब इस रास्ता के बन जाने से स्थानीय लोग नगर पालिका के कार्यो की प्रशंसा कर रहे है। इस रास्ते का उद्घाटन पालिका अध्यक्ष डॉक्टर संतोष चैरसिया ने किया है। इस मौके पर उन्होने बताया कि उनका प्रयास नगर के प्रत्येक रास्तों का पक्का निर्माण कराना है जिसके लिए वो लगातार पहल भी कर रहे है।

कीचड़ और जलभराव से आहत नाली निर्माण की मांग को लेकर मुहल्लावासियों ने डीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र

जन एक्सप्रेस। महोबा

शहर के मुहल्ला रामनगर निवासी आधा सैकड़ा से अधिक नागरिकों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मुहल्ले मे शीघ्र नाली निर्माण करने की गुहार लगाई है।

जिलाधिकारी को दिये गये संयुक्त प्रार्थना पत्र मे कहा है कि बेमौसम हुई बरसात मे सम्पूर्ण रामनगर मुहल्ला जलमग्न हो गया है। जिससे बच्चो, महिलाओ और लोगो का घर से निकलना दूभर हो गया है। मुहल्ले मे 8 इंच से लेकर 10 इंच तक पानी भरा हुआ है। इस फैली गंदगी से संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा हो गया है। जिलाधिकारी को प्राथना पत्र सौप मुहल्ले मे शीघ्र नाली निर्माण की मांग की है। ज्ञापन देने वालो मे मुख्य रूप से श्रीमति गीता देवी, विनीता देवी, रामकुमारी, प्रकाश, बल्लू, दीपक, विनोद, मनीष, नफीस, नसीम आदि आधा सैकड़ा मुहल्लावासी सम्मलित थे।

मचान विधि से सब्जी की खेती ने दिखाई लखपति बनने की राह

जन एक्सप्रेस। चरखारी/महोबा

लघु किसान चार सौ वर्ग मीटर जमीन मे एक लाख की आमदनी सुनकर आश्चर्य होता है परंतु यह सत्य है उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र की महोबा झांसी तथा ललितपुर की महिला किसान उद्यमियों ने मचान विधि से सब्जी की खेती करके यह कर दिखाया है।

ला कैक्सा फाउंडेशन एवं डब्लू फोर प्रोग्रेस के सहयोग से एक्शन एड द्वारा संचालित आजीविका संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत मचान विधि से सब्जी की खेती करने वाली झांसी जनपद की महिला किसान उद्यमी देवा पत्नी रामनिवास बताती है की हमने परियोजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर मचान मे तीनों प्रकार जड़ तना एवं बेल वाली सब्जियां लगाई और प्राकृतिक खाद तथा कीटनाशकों का प्रयोग किया मैंने एक वर्ष मे 86000 रुपये की सब्जी तथा 16000 रुपये की प्याज कुल 104000 रुपये की सब्जी बीएचईएल के बाजार मे बेची है। इसी प्रकार महोबा के ग्राम चितइयाँ की रामकुमारी पति जीवन लाल, ललितपुर की रामदेवी पत्नी महेश ग्राम दावनी, जय कुँवर पत्नी बचूलाल महिला उद्यमियों ने इस विधि से सब्जी की खेती करके एक लाख रुपये से अधिक की आमदनी प्राप्त की है और परिवार मे पूरे वर्ष खाने को सब्जियां मिली है।

ललितपुर महोबा तथा झांसी जनपद के 45 गांवों मे 300 महिला किसान उद्यमियों द्वारा मचान विधि से सब्जी की खेती की जा रही है। संस्था की टीम द्वारा 20'20 मीटर, 400 वर्ग मीटर भूमि पर कुल 22480 रुपये की लागत से यहाँ की परिस्थितयो के अनुरूप, सीमित संसधानों तथा कम लागत मे महिला किसानों की आय बढ़ाने के साथ साथ परिवार को पोषक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तकनीकी रूप से इस मॉडल को तैयार किया गया था।

इस मॉडल की विशेषता यह है कि बुन्देलखण्ड की जलवायु, मौसम के अनुकूल छोटे बडे तथा मध्यम सभी किसानों के लिये उपर्युक्त है तथा प्राकृतिक आपदाओं, जोखिमों के प्रभाव को कम करता है और बरसात के मौसम मे फसल खराब नहीं होती है गुणवत्ता पूर्ण सब्जी का उत्पादन होने से बाजार मे रेट भी अच्छे मिलते है। परियोजना प्रभारी राजेन्द्र निगम ने बताया कि इस माडल को कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि एवं उद्यान विभाग तथा नाबार्ड के अधिकारियों द्वारा देखा गया और सराहा गया है और उनके द्वारा दिए गए तकनीकी सुझावों को भी शामिल किया गया है। संस्था द्वारा इस वर्ष महोबा झांसी तथा ललितपुर के कृषि विज्ञान केंद्र मे 100 महिलाओ को प्रशिक्षण दिया गया है। परियोजना क्षेत्र के आस पास के गांवों मे अन्य संस्थाओ के सहयोग से 78 किसानों ने मचान विधि से सब्जी की खेती प्रारंभ की है। मचान विधि से सब्जी की खेती का यह मॉडल अब सूखोनमुख बुंदेलखंड क्षेत्र के जनपद महोबा झांसी एवं ललितपुर के साथ साथ मध्य प्रदेश के लघु एवं लघु सीमांत किसानों की आजीविका का प्रमुख साधन बन रहा है।

यातायात पुलिस ने स्कूली वाहनों को चेक कर चालकों एवं स्कूल प्रबन्धकों को दी चेतावनी

जन एक्सप्रेस। महोबा

पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद महोबा मुख्यालय में संचालित विभिन्न स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों की स्थिति के अवलोकन हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के अनुपालन में प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा मुख्यालय महोबा में स्कूली वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान स्कूली वाहनों के चालकों को पुलिस ने विशेष दिशा निर्देश दिए हैं। चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के कागजात चेक किये गये हैं इसके साथ ही चालकों को स्कूली वाहनों के निर्धारित नियमों का पालन करने के भी निर्देश दिये हैं। चेकिंग के दौरान स्कूली बसों, वैन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, प्राथमिक उपचार किट आदि चेक किये। चालकों को निर्देशित करते हुए चेतावनी दी गई कि वाहन चलाते समय ईयर फोन न लगाये व मोबाइल फोन पर किसी से बात न करें। वाहनों के पीछे चालक का, स्कूल का नाम, प्रधानाचार्य और प्रबन्धक का नाम, फोन नम्बर, इमरजेन्सी नम्बर इत्यादि स्पष्ट रुप से अंकित करें। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कमी पायी जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

'साहब ब्लैकमेलर महिला से मेरी इज्जत-आबरू बचाओ'

जन एक्सप्रेस। महोबा

बीएसए कार्यालय में कार्यरत महिला के विरूद्ध व्यापारियों ने कार्यवाही की मांग को लेकर जिलाधिकारी महोबा को ज्ञापन सौपा है।

बीएसए कार्यालय में तैनात महिला कर्मी मनीषा दुबे पर सुशील गुप्ता पुत्र स्वं0 भागवत प्रसाद गुप्ता पहनावा गारमेंट तथा पतंजलि प्रतिष्ठान के संचालक ने व्यापारियो को साथ लेकर जिलाधिकारी को महिला पर गम्भीर आरोप लगाते हुए ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। सुशील गुप्ता द्वारा जिलाधिकारी महोबा को सौपे गये ज्ञापन मे कहा है कि गत दिनांक 9 फरवरी को महिला मनीषा दुबे मेरे व्यापारिक प्रतिष्ठान पतंजलि में अपरान्ह ढाई बजे के लगभग आयी और उस समय मेरा भाई दुकान पर बैठा था मै व्यापारिक कार्यो से बाहर था। मेरे बारे मे चरित्रहीन सम्बंधी अर्नगल बाते करती रही इसके बाद पहनावा गारमेंट की दुकान पर पहुँची और ऊपर खण्ड मे मेरा परिवार रहता है महिला मनीषा दुबे ने पहुँचकर तमाम अर्नगल बाते की और मेरे परिवार के समक्ष मुझे तथा मेरे कर्मचारियो को झूठे मुकद्मे मे फसाने तथा गुण्डे भिजवाकर मारपीट किये जाने जैसे धमकी भरे शब्द दिये है। ज्ञापन मे यह भी कहा है कि महिला की नियत मुझ व्यापारी को ब्लैकमेल करने की है। ज्ञापन मे कहा है कि प्रार्थी योग शिक्षक तथा शहर का प्रतिष्ठित व्यापारी है। प्रार्थी की छवि को किन कारणो से महिला धूल धूसित करना चाहती है अथवा उसकी नियत ब्लैकमेल करने की है। उक्त महिला के विरूद्ध जॉच कराकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

लोक अदालत प्रचार वाहन को जिला जज ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस। महोबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 9 मार्च 2024 को प्रातः 10 बजे से जनपद व प्रत्येक तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रत्येक जनपद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु मुख्यालय लखनऊ से प्रचार वाहन भेजा गया जो आज मंगलवार को जनपद महोबा पहुंचा। जनपद में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद न्यायाधीश, महोबा जे0पी0 यादव द्वारा आज मंगलवार को प्रातः 10 बजे प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा रवाना किया गया। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, महोबा राजीव कुमार पालीवाल, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा राकेश कुमार गौतम सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्ता आदि मौजूद रहे। प्रचार वाहन के द्वारा नगर में लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगो को आयोजित होने वाली लोक अदालत के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत मे समस्त शमनीय आपराधिक वाद, परक्राम्य लिखत की धारा-138 के वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दीवानी वाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, राजस्व वाद, वन अधिनियम के वाद, दीवानी, आपराधिक अपील, उपभोक्ता वाद, ट्रैफिक चालानी वाद, शॉप एडजस्टेबलिशमेंट एक्ट के चालानी वाद, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी वाद, नगर पालिका चालानी वाद, पुलिस एक्ट के चालानी वाद, विद्युत अधि0 के वाद, शहरी विकास अधि0 के वाद, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के चालानी वाद व आबकारी अधि0 के चालानी वादों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण किया जाना है। समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपने वादो को सुलह समझौते के आधार पर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत मे अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराकर इस अवसर का लाभ प्राप्त करें।

सामाजिक, आर्थिक समानता ही है न्याय यात्रा का उद्देश्य: प्रियंका पासवान

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

चौरी चौरा। राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित बैठक को संबोधित हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री प्रियंका पासवान ने कहा कि महिलायें समाज में मिल रही चुनौतियों का सामना करते हुए भी देश के सशक्तिकरण में अपनी मुख्य भूमिका निभा रही है। सुश्री पासवान ने कहा कि आज बदलते परिवेश में महिलाएँ हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के न्याय यात्रा के संदर्भ में डुमरी, डुमरी ख़ास, चौरीचौरा स्मारक, बनसहिया, चौरीचौरा नगर, फुटहवा चौराहा- में जनसंपर्क कर सर्वाधिक लोगों को न्याय यात्रा से जुड़ने के लिए अपील किया। प्रियंका पासवान ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़े-दलित-आदिवासी देश की आबादी का 74प्रतिशत हिस्सा हैं परंतु भारत के शीर्ष 2 सौ कंपनियों में ना तो मलिक है और ना ही प्रबंधन में सम्मिलित हैं,ये अकड़ा दर्शाता है कि ये इन वर्गों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा उपेक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिला दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यक-युवाओं - बेजरोगरों-किसान की लड़ाई हमारे नेता राहुल गांधी लड़ रहें है,इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उद्देश है कि देश में सामाजिक-आर्थिक समरसता हो, प्रियंका पासवान ने वीर शहीदों की स्थली चौरीचौरा स्मारक को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की राष्ट्रपति से माँग की। बैठक में मुख्य रूप से रूबी, सोनी, रुकैया, कोमल पासी, बबलू यादव, राजेंद्र यादव, सोनू पासवान, प्रभुनारायण कनौजिया, सुमेर भारती, संतोष पांडेय आदि मौजूद रहे।

सीएम योगी के जिले में स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां

*** शो पीस बने सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गांवों में विकास कार्यों व ग्रामीणों को उनके ज़रुरी कागजातों को शुलभ रुप से उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार ने पूरे देश की ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च कर ग्राम सचिवालय का निर्माण कराया परंतु ग्राम विकास विभाग के जिम्मेदारों की अकर्मण्यता से जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर्मभूमि गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज विकास खण्ड क्षेत्र कुछ ऐसे भी गांव है जहां की ग्राम सचिवालय में ताला बंद रहता और सचिवालय में नियुक्त ग्राम पंचायत सहायक घरों में बैठे सरकारी राजस्व की मौज उड़ाते हैं।

निर्माण से लेकर वर्तमान तक लटक रहा ताला

बताते चलें कि जनपद के कैंम्पियरगंज विकास खण्ड क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय और ग्राम पंचायत भवन सिर्फ शो पीस बने हुए है तो वहीं य ग्राम प्रधान और सचिव के मिली भगत से ग्राम सभा के विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर सरकारी धन की लूट-खसोट की गई है, और तो और ग्राम सचिवालय एवं सामुदायिक शौचालय में नियुक्त कर्मचारी घर बैठे मुफ्त का वेतन भजा रहे हैं।

दोषियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई - डीपीआरओ

जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि सहायक विकास अधिकारी पंचायत से मामले की जांच कराकर संबंधित दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, सरकार के मंशानुरूप कार्य नहीं करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।

बोले ग्रामीण, जिम्मेदारों ने की है जमकर लूट-खसोट

हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर गांव में जॉच हों जाय तो, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार समाने आ जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि जहां एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बहु बेटियों के लिए इज्जत घर और गांवों में अन्य जगहों से शादी-ब्याह में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय के निर्माण का अभियान चलाया था और हर ग्राम सभा में एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया और जो लोग ब्लाक पर नहीं पहुंच पाते थे उनके के हर ग्राम सभा में भी पंचायत भवन का निर्माण कराया की ग्राम सभा के लोग अपनी समस्या वहां पहुंचा सके लेकिन जब पंचायत भवन बन्द रहता हैं तो ग्राम सभा के लोग कहां जाए। ग्रामीणों ने बताया कि जब से सामुदायिक शौचालय निर्माण हुआ हैं तब से बन्द ही रहता है। मामला विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा पोवा का है। **इस संबंध में पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी कैंपियरगंज ने कहा कि मामला संज्ञान में आया हैं जांच कराकर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।**

गोसाईंगंज में एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत हुआ गुड़-खांड स्टॉल का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज-अयोध्या। एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत गोसाईंगंज रेलवे स्टेशन पर गुड़-खांड, गन्ने से निर्मित उत्पादों के स्टाल का शुभारंभ रेलवे स्टेशन के अधीक्षक महेंद्र मिश्रा ने फीता काटकर किया। स्टाल संचालक प्रीति सोनकर ने बताया कि गन्ने से तैयार किए गए खांड-गुड़, शक्कर, सिरका, मूंगफली, तिल गुड़ स्टाल से बिक्री किए जाएंगे। मटके वाली खांड को बिना कैमिकल के तैयार किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में पंकज सिंह (रेलवे सलाहकार समिति) राजेश सिंह, मोहनलाल मोदनवाल, दिनेश जायसवाल कटरा, संजय मास्टर, रेलवे के सभी स्टाफ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

डीएम ने 73 और भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट पंजीकरण का वितरित किया प्रमाण पत्र

*** अब तक 703 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना का प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है: डीएम**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना के 73 और आवेदकों भवन स्वामियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रकार अब तक कुल 703 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना से जोड़ा जा चुका है तथा और नये भवन स्वामियों को योजना से जोड़ने का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी भवन स्वामी अपने-अपने यहां आने वाले अतिथियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं, स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखें एवम् व्यवहार उत्तम रखें व घर जैसा वातावरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अयोध्यावासी होने के नाते सभी का कर्तव्य आतिथ्यभाव से अच्छी सुविधा अतिथियों को प्रदान करना है तथा **अतिथि देवो भव** के वास्तविक स्वरूप को चरितार्थ करना है और अयोध्या में पेइंग गेस्ट योजना को एक ब्रांड बनाना है। इस योजना से हमारे सांस्कृतिक सम्बंध प्रांगण होंगे। अतिथियों के प्रति व्यवहार अच्छा करें तो यहां से वे सुखद एहसास लेकर जाएंगे तथा पुनः वे आपके यहां आयेंगे इससे आप आर्थिक रूप से मजबूत होंगे और विचारों, संस्कृति आदि का आदान-प्रदान भी होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि पेइंग गेस्ट योजना में पंजीकृत किए गए समस्त भवन स्वामियों का डाटा यथा रूम संबंधी जानकारी, लोकेशन आदि दिव्य अयोध्या एप पर तत्काल ऑन बोर्ड कर दिया जा रहा है जहां से पर्यटक/श्रद्धालु बुकिंग कर सकते तथा टूरिस्ट गाइड भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस एप पर प्रशिक्षित गाइड पंजीकृत हैं अतः योजना से जुड़े भवन स्वामी एप पर उपलब्ध समस्त सुविधाओ की विस्तृत

जानकारी रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर पर्यटकों को उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि विगत कुछ समय में अयोध्या में व्यापक परिवर्तन हुए हैं, विश्व पटल पर अयोध्या तीव्र गति से एक वैश्विक पर्यटन नगरी के रूप में उभर कर आई है यहां पर व्यापक स्तर पर समस्त क्षेत्रों में विकास के कार्य हुए हैं एवम् बहुत सी परियोजनाएं प्रगति पर हैं तथा प्रस्तावित भी हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में चार कॉरिडोर यथा राम पथ, श्री राम जन्म भूमि पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ का कार्य पूर्ण हो चुका है। दशरथ पथ, सुग्रीव पथ का कार्य प्रगति पर है। लक्ष्मण पथ, क्षीर सागर पथ, अवध आगमन पथ का कार्य प्रस्तावित है। इसी के साथ ही अयोध्या धाम में विभिन्न मार्गों एवम् गलियों का चौड़ीकरण एवं उच्चीकारण किया जा चुका है। अयोध्या जनपद को अन्य जनपदों से जोड़ने वाले मार्गों को उच्चीकृत कर आधुनिक रोड फर्नीचर से सुसज्जित किया जा रहा है।

रिकार्ड समय में महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनकर तैयार हुआ एवम् संचालित हो रहा है इसे भविष्य में और भी विस्तारित किया जाएगा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के फेज वन के उच्चीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। इसी के साथ ही यहां के ऐतिहासिक भवनों, मठ-मंदिरों एवं घाटों, कुंडों आदि को उसी वास्तुकला एवम् सामग्री का प्रयोग कर संरक्षित करने एवम् उनका वही स्वरूप प्रदान करने का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। 84 कोसी, 14 कोसी एवम् पंचकोसी परिक्रमा के समीप किनारे स्थित पौराणिक कुंडों, ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित एवम् जीवंत करने का कार्य किया जा रहा है।

गौरतलब है कि अतिथि देवो भव की भावना से प्रेरित होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना उ0प्र0 सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। अयोध्या होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना के तहत ऐसे भवन स्वामी जिनके मकान में 2 से 5 तक अतिरिक्त कमरे हो वो इस योजना से जुड़ कर अतिरिक्त आय सृजित कर लाभ उठा सकते है। उनके कमरों की सुविधा के अनुसार यात्री श्रद्धालुओं के ठहरने पर प्रतिदिन प्रति कमरे 1500 से 2500 किराया प्राप्त होगा।

फास्ट फॉरवर्ड

सजग रहें, सावधान रहें, और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें: प्रशांत शुक्ला

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। अरुंधति भवन पश्चिम टेढ़ी बाजार मल्टीलेवल पार्किंग अयोध्या एवं गुप्तहरि गार्डन अयोध्या में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत हीरो मोटर कोर्प और न्यू इंडियन एक्सप्रेस के तत्वाधान में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त विशाल सिंह, द इण्डियन न्यू एक्सप्रेस की सीईओ लक्ष्मी मेनन के कर कमलों द्वारा शुरुआत किया गया। संचालन कवच कंपनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग भी मौजूद रहे कवच कंपनी के संरक्षक प्रशांत शुक्ला ने कहा हमारे देश में प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं, जिनमें से अनेक की मृत्यु हो जाती है या फिर वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। यह आंकड़े हमें चिंतित करते हैं, परंतु साथ ही साथ हमें यह भी संकेत देते हैं कि अगर हम सजग रहें, सावधान रहें, और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें, तो हम इन दुर्घटनाओं की संख्या को काफी हद तक कम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और हम सभी को इस दिशा में एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित करना।

अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से देवरानी-जेठानी की मौत

जन एक्सप्रेस/अयोध्या इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर गांव के मोड पर तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने जानवरों को खिलाने हेतु घास लेकर जा रही दो महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दिया, जिसके चलते रिश्ते में देवरानी जेठानी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद बोलेरो चालक मौके से भाग निकला। उधर घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची इनायत नगर पुलिस ने दोनों महिलाओं का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिल्कीपुर के चांदपुर निवासी 55 वर्षीय किस्मता पत्नी राजकुमार चौहान एवं 38 वर्षीय मंतूरा पत्नी राजबली चौहान मंगलवार को अपने घर से जानवरों को खिलाने हेतु खेत में घास काटने गई थी। अपरान्ह करीब 2-30 बजे दोनों महिलाएं घास का गट्ठर लेकर अपने घर घर को वापस जा रही थी और वह डीली गिरधर मोड़ तिराहे से अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रही थी, तभी अचानक कुमारगंज की ओर से मिल्कीपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रहे बोलेरो चालक ने दोनों महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दिया और उन्हें रौंदता हुआ भाग निकला। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर दोनों महिलाओं को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। मामले में मृतका के पति राजबली ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर जा रहे बोलेरो रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 42 एएन 7566 के चालक के विरुद्ध मुकदमा काम किए जाने है तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले में बोलेरो उपरोक्त तथा चालक अज्ञात के विरुद्ध धारा 279, 304 ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

सैकड़ो लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। विभिन्न पार्टियों तथा समाजसेवी संगठनों, अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों सहित सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी कार्यालय सहादतगंज में महानगर के मंडलों के लोगों को महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने तथा जिले की विधानसभा के लोगों को जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने पार्टी का ध्वज तथा पट्टिका पहना कर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। अयोध्या महानगर में इं अनिल मिश्र, बैंक मैनेजर देवेन्द्र तनेजा, व्यापारी सुमित माखेजा, हरीश लखमानी, अमित गोयल, पंकज रवेत्रापाल, इमरान खान, समाज सेवी प्रवीण दूबे, रोजी खान, बेला देवी, लक्ष्मी, अल्पसंख्यक समुदाय के इमरान खां, रमजान, सबरेज मिर्जा, लारैब जमीर, मिसम अब्बास, मिर्जाशुजा हसन, जुगवान अली, फैजी अब्बास, मो. रफी, सैयद अरदश अली, सफाअत खान, अतहर अली, चांद अली, फैसल खान, जावेद खान, जावेद खान, नफीस राझी, नसीम अख्तर, नदीम, साबिर हुसैन, अजली वारिस, मो. मुरशिद, सद्दाम खान, सुरैया, मो. इरशाद सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। अयोध्या जिले में सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व सचिव लाल चंद्र चौरसिया, प्रधान कुलदीप निषाद, हरिप्रसाद निषाद, समाजसेवी सुरेश निषाद, संतोष कुमार गुप्ता, राजू शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सबका साथ सबका विकास करते हुए सबका विश्वास हासिल करने के पथ पर अग्रसर हो रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता में उत्साह का माहौल है। महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। सभी के सहयोग पार्टी की विचार धारा और मजबूत होगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि देश की यह विकास यात्रा प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है। मोदी और योगी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। सभी का पार्टी में स्वागत है। जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा सरकार के सुशासन, गरीब कल्याण, दृढ़ इच्छाशक्ति, भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास निहित है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में देश ने अभूतपूर्व विकास देखा है। योजनाओं की श्रंखलाओं से अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाया गया है। भाजपा में शामिल होने के बाद लाल चन्द्र चौरसिया ने कहा मोदी तथा योगी की नीतियों से प्रभावित होकर अपने सर्मथकों के साथ सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निर्वहन करूंगा।

बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए विद्यालय में विशेष योग सत्र का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रखने के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 13 फरवरी को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे योग के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा के उपरांत नोएडा में कार्यरत मृत्युंजय योग स्टूडियो की डायरेक्टर मधु मिश्रा के द्वारा कक्षा 9 के सभी वर्गों के बच्चों के साथ योग का एक सेशन किया गया। मधु मिश्रा ने बच्चों को योग से होने वाले लाभ एवं योग के महत्व से परिचित करवाते हुए योगासन करवाए गए। योगा सेशन कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एम.ए.रूमी द्वारा मधु मिश्रा का ग्रीन वेलकम किया गया। प्राचार्य एम. ए. रूमी ने पौधे को भेंट करके उनका स्वागत

सत्कार किया।

प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर रेखा ठाकुर ने बच्चों से मधु मिश्रा का परिचय करवाया और बच्चों को बताया की आपने भी बलरामपुर से शिक्षा ग्रहण की है। योगा सत्र के दौरान मधु मिश्रा द्वारा बच्चों को विभिन्न योगा आसनों को करवाया गया। साथ ही उन्होंने बच्चों को परीक्षा के तनाव एवं अपनी पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बनाए रखने के नुस्खे भी दिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक अमन जयसवाल एवं रिजवाना सिद्दीकी द्वारा किया गया । योगा सत्र के बाद विद्यालय के प्राचार्य एम ए रूमी ने आगंतुक सुश्री मिश्रा का आभार प्रकट करते हुए बच्चों को नियमित योग अभ्यास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग हमारे स्वास्थ्य जीवन, लम्बी आयु एवं मन को एकाग्र करने में सहायता प्रदान करता है। सभी बच्चों को इसे अपनी दिनचर्या मे अनिवार्य रूप में अपनाने के लिए प्राचार्य ने बच्चों से अपील की गई। बच्चों ने इस योगा सेशन का आनंद उठाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर रेखा ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। योग कार्यक्रम के दौरान वली आलम सर, प्रितपाल सर एवं स्वर्णिम त्रिपाठी मौजूद रही।

सुरक्षा के दृष्टिगत अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम पर आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत एडीजी रेलवे, उ0प्र0 जय नरायन सिंह द्वारा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, लखनऊ विकास पांडेय, प्रभारी निरीक्षक राकेश राय थाना जीआरपी अयोध्या कैंट व आरपीएफ के अधिकारियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जीआरपी आरपीएफ बीडीएस व डॉग स्क्वाड टीम के साथ आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत आज अयोध्या धाम जं0 व सालारपुर रेलवे स्टेशन का भ्रमण निरीक्षण कर पुलिस प्रबंध के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए तथा तेलंगाना के दर्शनार्थियों द्वारा उच्च कोटि की कलाकृति भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

गैंगस्टर एक्ट अधिनियम में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाये जा रहे अपराध/अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना इब्राहिमपुर पुलिस द्वारा गैगंस्टर एक्ट के अपराध में वाछिंत अभियुक्त रिजवान पुत्र अब्दुल रऊफ निवासी हक्कानीपुर तलवापार थाना अलीगंज को डिहवा दौलतपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

पुलिस भर्ती परीक्षा में लापरवाही करने वाले पर की जाएगी कड़ी कार्यवाही: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। अंबेडकरनगर

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षित नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक आयोजित किया गया। अवगत कराना है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रदेश में लगभग 48 लाख परीक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे है। यह परीक्षा दो दिन चार पालियों में आयोजित की जाएगी। 17 फरवरी को प्रथम पाली 10:00 बजे से 12:00 तक, द्वितीय पाली 3:00 बजे से 5:00 तक तथा 18 फरवरी को प्रथम पाली में 10:00 बजे से 12:00 तक तथा द्वितीय पाली में

3:00 बजे से 5:00 तक आयोजित की जाएगी। प्रदेश की अब तक सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा आयोजित होने जा रही है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता द्वारा परीक्षा संबंधित, आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में इस हेतु कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें दो पालियों में परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक/ सेक्टर मजिस्ट्रेट/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों को उनके दायित्वों को गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा केंद्र व्यवस्थापक को सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, परीक्षा कक्षा में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छ वॉशरूम की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरस पालन किया जाए जिससे उक्त परीक्षा को सुचिता पूर्ण, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नकल विहीन कराया जा सके। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

भर्ती परीक्षा के समय लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। बैठक के दौरान समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

नदी में डूबे दूसरे मछुआरे का नहीं मिल सका शव एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी, रेस्क्यू जारी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव चौकी क्षेत्र के फजलपुर गांव से गोमती नदी में नव से मछली मारने के दौरान नदी में डूबे दूसरे मछुआरे का शव घटना के तीसरे दिन भी बरामद नहीं हो सका है। हालांकि प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम नदी में रेस्क्यू कर लापता युवक के शव की तलाश में जुटी हुई है।

बता दें कि फजलपुर गांव निवासी राम किशोर पुत्र सजाऊ गांव के ही राममिलन पुत्र राम आनंद के साथ गांव के पास से गुजरी गोमती नदी में रविवार की शाम करीब 6:00 बजे मछली का शिकार करने के लिए इदिलपुर घाट पर गए थे। मछली पकड़ने के दौरान दोनों लोग नदी में डूब गए थे और उनका मोबाइल छोटी नाव में घाट से करीबन 1 किलोमीटर दूर बरामद हुआ था। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में रिस्क शुरू कर दिया था जहां तलाश के दौरान राममिलन का शव तो बरामद हो गया था किंतु रामकिशोर का शव नहीं मिल सका था।

उत्तर रेलवे
आजादी का अमृत महोत्सव
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 08.03.2024को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	00902024 दिनांक 12.02.2024
2	निविदा संख्या	46Sr.DEN-III-LKO/2023-24
3	कार्य का नाम	सहायक मण्डल इंजीनियर-उत्तर रेलवे, वाराणसी के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे./पूर्व और पश्चिम के अनुभाग में वाराणसी और काशी यार्ड में कूड़ा बीनने और वनस्पति उखाड़ने का कार्य (1 वर्ष के लिए)
4	अनुमानित लागत	Rs. 44,91,218.08
5	धरोहर राशि	Rs. 89,800.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	23.02.2024
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	08.03.2024 15:00 बजे
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 474/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

दिव्यांगों के अभिभावकों को जागरूक करने के लिए आयोजित की गई गोष्ठी

जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम

संस्थान कर्मयोगी स्व.डॉ. कृपाशंकर तिवारी द्वारा स्थापित अखिल भारतीय विकलांग कल्याण समिति द्वारा संचालित मन्द बुद्धि मूक बधिर विद्यालय तुलसीनगर अयोध्या में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चंद्रेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में दिव्यांगजनों के अभिभावकों की जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सर्वेश पांडेय उपनिदेशक महिला कल्याण विभाग अयोध्या मंडल ने अभिभावकों को जागरूक किया कि कैसे हमें दिव्यांगों को एक प्रकार का बोझ न समझते हुए उनको भी एक सामान्य बच्चों की तरह ही देखभाल एवम बर्ताव करना चाहिए उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम उनके आस पास के वातावरण में उनके अनुकूल थोड़ा सा बदलाव करते हुए उनको सामान्य बच्चो की दिशा में जोड़ा जा सकता है उन्होंने अभिभावकों को दिव्यांग बच्चो के UDID Certificate के बारे में जानकारी दी कि यह कैसे बनता है और इसके क्या क्या लाभ है इस आई डी के उपयोग से बच्चे सरकारी बसों में फ्री में कहीं की भी यात्रा कर सकते है रेलवे में इसकी उपयोगिता , सरकारी नौकरी में इसकी उपयोगिता आदि बिन्दुओ पर वृहद प्रकाश डाला ।अभिभावकों को घर मे मूक बधिर बच्चों से कैसे बात करें कैसे समझाए उसके लिए कुछ सामान्य शाइन लैंग्वेज भी बताई गई ।मानसिक मंदित बच्चों के अनुकूल उनकी वस्तुओं में थोड़ा सा बदलाव करके उनके अनुरूप वातावरण बनाना चाहिए जिससे ऐसे बच्चे भी किसी पर आश्रित न रहें रोजमर्रा के काम वह स्वयं ही कर सके। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कैसे हमे

उनके साथ बाज़ार जाकर सामान खरीदना सिखाना चाहिए कैसे खुद पीछे रहकर उनको आगे करके सामना खरीदवाना चाहिए जिससे उनके अंदर जो झिझक है वो ख़त्म हो सके और वो भी एक सामान्य बच्चे की भाँति ही सामाज की मुख्य धारा से जुड़ सके ।संस्थान में दिए जा रहे रोजगार परक प्रशिक्षण जैसे मोमबत्ती बनाना , अगरबत्ती बनाना , पैकेजिंग करना, फ्लेमिंग करना आदि के बारे में भी अतिथि महोदय नें प्रकाश डाला ।अभिभावकों के प्रश्नों का मुख्य अतिथि ने बखूबी उत्तर दियाऔर यह भी कहा कि नित्य आने बच्चों को स्कूल आने की लिए प्रेरित करे ।उक्त अवसर पर प्रबंधक डॉ प्रदीप तिवारी ने आये हुए सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत सम्मान किया तथा विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती अनिता पाठक ने सभी अथितियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सबका अभिवादन किया । प्रधानचार्य अंकित मिश्र ने आये हुए आगन्तुको का सहृदय आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संस्थान ऐसे जागरूकता आयोजन आगे भी करता रहेगा ।इस अवसर पर विद्यालय के अभय द्विवेदी, दिनेशरॉय, सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, शरद तिवारी , सरिता शर्मा, रानी श्रीवास्तव , संदीप ,सचिन, कमल आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

भाजपा की डबल इंजन सरकार में महिलाएं हुई सशक्त : संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का सकंल्प लिया है और इस दिशा में तीव्र गति से कार्य हो रहा है उन्होनें कहा है कि आज महिलाओं हर

✻ गांधी प्रेक्षागृह में शक्ति वंदन अभियान को राज्यमंत्री ने किया सम्बोधित

क्षेत्र में सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है और महिलाओं को पूरा सम्मान दिया जा रहा है। उन्होनें इसके लिए देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये गये प्रयासों को उपलब्धि बताया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान के अन्तर्गत आज मंगलवार को गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की बदलते देश और बदलते प्रदेश की एक झलक आज यहा देखने को मिली जहा वहनों ने निर्वाधरूप से अपने अपने विचार रखे जिससे साफ जाहिर हुआ अब महिलाऐं देश व समाज को सशक्त करने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को आगे बढ़ रही है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 2014 के बाद महिला सशक्तिकरण की दिशा में इतने कार्य किये है जितने देश की आजादी के बाद रही सरकारों ने नही किये। उन्होनें उदाहरण देते हुए कहा की आज महिलाऐं पुलिस, पी0ए0सी0, सेना के अलावा सरकार के विभिन्न अहम सेवाओं में अपनी सेवाऐं दे रही है जो देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंनें महिलाओं आव्हान किया की देश व समाज के विकास में लगातार कार्य कर रही भाजपा को अपना समर्थन प्रदान करें। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा, सभासद रतन शुक्ला, सुनीता सिंह, शिखा वर्मा, पीओं डूडा जयासिंह, समूह अधिकारी बंदना सिंह, सहकारी बैंक के उपसभापति पूरनलाल गंगवार सहित अन्य वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो एवं स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से लखपति दीदी बनाये जाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शक्ति वंदन अभियान की जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री लेखराज भारती ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर उपाध्यक्ष शिव नरायन शर्मा एवं अमरीश शर्मा ऊर्फ अम्बू ,महामंत्री मनोज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाऐं मोजूद रही। कार्यक्रम ने राज्यमंत्री श्री गंगवार ने उत्कृष्ट कार्य करने हेतु महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान कियें।

नजीरगंज में शावकों के साथ घूम रहे मादा तेंदुआ की निगरानी के लिए लगाए गए दो कैमरे

✻ टीम को गन्ने के खेत के आसपास मिले तेंदुआ के पगमार्क

✻ तार फेंसिंग ना होने से आबादी की ओर रुख कर रहे वन्यजीव

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा

पूरनपुर। गन्ने के खेत में मादा तेंदुआ के साथ दो शावक होने की जानकारी के बाद वन विभाग की टीम ने गन्ने के खेत में कांबिंग की। वन विभाग की टीम को गन्ने के खेत के आसपास तेंदुआ के वापस जंगल की ओर जाने के पगमार्क मिले हैं। वन विभाग ने मादा तेंदुआ की निगरानी के लिए दो कैमरे लगाए हैं। पीटीआर में तार फेंसिंग ना होने के कारण अक्सर वन्यजीव जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं। जंगल में अतिक्रमण और प्रशासनिक कुप्रबंधन ने जंगल की दिनचर्या को तबाह कर दिया है। जंगल के अंदर झीलों और तालाबों पर भी मानव की पाशविक वृत्ति का कुप्रभाव देखा जा सकता है। इस कारण वन्यजीव जंगल से पलायन कर आबादी और जंगल से सटे खेतों में डेरा जमा रहे हैं। पीटीआर की हरीपुर रेंज क्षेत्र के नजीरगंज में मालिन कुंईया के जंगल से 2 किलोमीटर दूर गन्ने के खेत में मादा तेंदुआ के साथ दो शावक होने की जानकारी पर वन विभाग की टीम मंगलवार भी निगरानी में लगी रही। वन विभाग की टीम ने गन्ने के खेत में कांबिंग की। खोजबीन के बाद भी तेंदुआ और शावकों का कोई सुराग नहीं लगा। टीम को गन्ने के खेत के आसपास गेहूं के खेतों में तेंदुआ के जंगल की ओर वापस जाते हुए पगमार्क मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि तेंदुआ शावकों को लेकर पुनः जंगल की ओर वापस लौट गया है। मादा तेंदुआ और उसके शावकों की निगरानी के लिए वन विभाग की ओर से दो कैमरे लगाए गए हैं।मंगलवार देर शाम तक वन विभाग की टीम निगरानी में लगी रही। हालांकि टीम को तेंदुआ की कोई लोकेशन नहीं मिली।

> तेंदुआ के साथ शावक होने की जानकारी पर गन्ने के खेत में कांबिंग की गई। तेंदुआ की कोई लोकेशन नहीं मिली।जंगल की ओर वापस लौटते हुए पगमार्क मिले हैं। निगरानी के लिए दो कैमरे लगाए गए हैं। कंपार्टमेंट नंबर 84 और 85 में मादा भालू की निगरानी के लिए पांच कैमरे लगाए गए हैं।
> –वीरेंद्र सिंह रावत, रेंजर हरीपुर

पांच कैमरों से होगी मादा भालू की निगरानी

हरीपुर रेंज के जंगल में भालू के एक माह के बच्चे का शव मिलने के बाद मादा भालू की निगरानी तेज कर दी गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद वन विभाग की टीम ने हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट नंबर 84 और 85 में पांच कैमरे लगाए हैं। कैमरों से मादा भालू की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।वन विभाग की टीम मादा भालू के साथ अन्य बच्चे होने की आशंका को लेकर उनके स्वास्थ्य के प्रति भी गंभीर है।

पूरनपुर चीनी मिल मे किसानों ने पकड़ी 2.80 कुंतल गन्ने की घटतौली, हंगामा

✻ किसानों के एकत्र होते ही मौके से खिसक गया तौल लिपिक

✻ जीएम और सीसीओ के समझाने पर शांत हुए किसान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। गन्ने से भरी ट्राली का धर्मकांटे पर वजन कराने के बाद चीनी मिल के कांटे पर 2.80 कुंतल वजन कम होने पर किसान भड़क गए। घटतौली की जानकारी लगते ही गुस्साए किसानों ने चीनी मिल में हंगामा शुरू कर दिया। अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी पर चीनी मिल प्रधान प्रबंधक व सीसीओ मौके पर पहुंच गए।वार्ता के बाद बमुश्किल किसान शांत हुए।

पूरनपुर दि सहकारी चीनी मिल में अव्यवस्थाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है।सोमवार पिपरिया दुलई निवासी एक किसान ने गन्ना भरे वाहन का धर्म कांटे पर वजन कराया। धर्म कांटे पर गन्ने से भरे वाहन का वजन 115.70 कुंतल हुआ। सोमवार रात्रि लगभग 10:00 बजे किसान गन्ने से भरे वाहन को लेकर चीनी मिल पंहुचा।मिल के कांटे पर वाहन का वजन 112.90 कुंतल हुआ। 2.80 कुंतल वजन कम होने पर किसानों ने घटतौली का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।जानकारी पर चीनी मिल परिसर में मौजूद दर्जनों किसान एकत्र हो गए। तमाम आरोप लगाते हुए अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।किसानों को हंगामा करता देख तौल लिपिक मौके से खिसक गया। मामले की जानकारी पर चीनी मिल प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव वर्मा व सीसीओ भी मौके पर पहुंच गए। हंगामा कर रहे किसानों से वार्ता कर जांच का आश्वासन दिया।

> एक किसान ने 2.80 कुंतल गन्ने की घटतौली का आरोप लगाया था। मौके पर पहुंच कर जांच की गई।किसान धर्म कांटे की हाथ से लिखी हुई पर्ची लेकर पहुंचा था। कंप्यूटराइज्ड पर्ची न होने के कारण हाथ से लिखी हुई पर्ची में खुर्द-बुर्द किया जा सकता है। चीनी मिल का कांटा बांट माप निरीक्षक द्वारा प्रमाणित किया जाने के बाद सील किया हुआ है।जिसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी संभव नही है। घाटतौली का आरोप निराधार है।
> –दीप्ति देव वर्मा
> प्रधान प्रबंधक चीनी मिल पूरनपुर

फास्ट फॉरवर्ड

दुकान से मोबाइल लेकर भागा उचक्का

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन। दरना जमोहरा गांव में किराने की दुकान पर बैठी बृद्धा को बहकाकर मोबाइल फोन ले भागा बाइक सवार उचक्का। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित के द्वारा दी गई तहरीर व फुटेज के आधार पर पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। गांव निवासी अभिषेक यादव घर के बगल किराने की दुकान चलाते हैं। सुरक्षा के लिए दुकान में उन्होंने सीसीटीवी भी लगाया है। मंगलवार की दोपहर अभिषेक घर में भोजन करने गया था। दुकान पर उसकी दादी बैठी हुई थी। तभी एक युवक बाइक से दुकान पर आया। उसने दादी से अभिषेक को बुलाने को कहा। वह दुकान से बाहर आकर उसे बुलाने लगी। तभी युवक भीतर रखा कीमती मोबाइल झपट बाइक पर बैठ कर भाग गया। उचक्के की पहचान नहीं हो सकी। बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर सीसीटीवी में कैद है।

आनंद गुप्ता सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष व प्रमोद प्रदेश महासचिव बने

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लोहता गांव निवासी सपा के युवा नेता आनंद गुप्ता को समाजवादी लोहिया वाहिनी का जिला अध्यक्ष और मछलीशहर विधानसभा के भूसौला महापुर गांव निवासी प्रमोद यादव को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। यह न्यूक्ति समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम अखिलेश यादव के निर्देश पर किया गया। समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम करन निर्मल ने आनंद गुप्ता उर्फ पंकज को पार्टी के प्रति समर्पित निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए समाजवादी लोहिनी वाहिनी जौनपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। वही इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता विभिन्न सामाजिक आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा नेता प्रमोद यादव को समाजवादी लोहिया वाहिनी का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। समाजवादी पार्टी की नियुक्ति की। इस मौके पर महासचिव प्रमोद यादव व जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के लिए जन-जन के बीच जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे दोनों लोगों के मनोनयन की खबर मिलते ही सफाईयों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिसमें लोगों ने मिलकर बधाई दी है।

ज्ञान इंटरनेशनल में बच्चों ने बसंत पंचमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार बड़े धूम धाम से मनाया गया। कार्यकम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित किए तथा उनसे उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने बच्चों को बसंत पंचमी की बधाई देते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व के विषय में समझाया ।उन्होंने बच्चों को बताया कि अच्छी पढ़ाई एवम अच्छे रास्ते पर चलकर हम जीवन में कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी

बच्चों को बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया कि मां सरस्वती की कृपा सभी बच्चों पर हमेशा बनी रहें। साथ ही साथ उन्होंने यह पतंग उड़ाने का महोत्सव होने के कारण सभी बच्चों को सावधानी पूर्वक पतंग उड़ाने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक भी बच्चों के साथ उत्साहित नजर आए।

गन्ना कालेज को अनुदान सूची में शामिल करने के लिए विधायक और प्राचार्य ने सीएम से मुलाकात

✻ सीएम ने अनुदान पत्रावली का जल्द निस्तारण करने का दिया आश्वासन

✻ महाविद्यालय के विकास को बाधित करने का कुछ लोगों पर लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को अनुदान की सूची में शामिल कराने की कवायद तेजी से चल रही है। ताकि छात्र-छात्राओं को सरकारी दर पर शिक्षा उपलब्ध हो सके। इसको लेकर एक बार फिर पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट वार्ता की। उनसे अनुदान पत्रावली पर आदेश करने के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने पत्रावली का शीघ्र निस्तारण करने का भरोसा दिया है। नगर से करीब दो किमी. दूर बंडा रोड पर स्थित गन्ना कालेज वर्ष 1994 में स्थापित हुआ। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 तक महाविद्यालय में सिर्फ बीए की कक्षाएं संचालित हो रही थी। वर्ष 2016 में प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद सर्वप्रथम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में पंजीकरण कराया। इसके बाद बीकाम और वर्ष 2019 से छह विषय में एमए की कक्षाएं प्रारंभ कराई। एनसीसी, एनएसएस शुरू कराया। सरकार द्वारा बालिका छात्रावास स्वीकृत किया गया। तत्कालीन अपर प्रमुख सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग संजय आर भूसरेड़ी के प्रयास से 12.5 एकड़ भूमि महाविद्यालय को आवंटित हुई। महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। आरोप है कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के कारण महाविद्यालय के विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं।

दुकानदार की मौत पर बन्द रही कस्बे की दुकानें

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद। नगर पंचायत कजगांव के पानी टंकी बाजार में स्थित चाय की दुकान चलाने वाले सूरज शर्मा 25 वर्ष पुत्र स्वर्गीय विनोद शर्मा की सोमवार को दोपहर में मौत हो गयी ।सूरज काफी व्यवहारिक था ।उसकी मौत के बाद मंगलवार को कस्बे के दुकानदारों ने एक बैठक कर मृतक को शोक सभा आयोजित करके श्रद्धांजलि दी गयी ।उसके बाद शोक में सभी व्यापारियों ने अपनी दुकानों को बन्द कर दिया ।शोक सभा में अरविन्द कुमार पटेल,ह्रदय नरायन,लाल चन्द्र गुप्ता, दिनेश हलवाई, डून्नू मौर्या, गोलू सिंह,संदीप यादव, संदीप मौर्या, विनय गुप्ता, राम केवल यादव,सुरेंद्र विश्वकर्मा,सोनू कन्नौजिया,गौरव गुप्ता,बच्ची अंसारी,रमेश गौतम,रमेश गौड़,सुरज गौतम आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

मूल्यांकन सुचितापूर्ण और समय पर पूरा करें : प्रो. वंदना सिंह

✻ पीयू परिसर के सभी पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन कार्य शुरू

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह, परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मूल्यांकन की शुरूआत करायी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए समयबद्ध सुचितापूर्ण मूल्यांकन हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सुचिता पूर्ण एवं पूरी तन्मयता के साथ समय पर संपन्न करें जिससे परीक्षा परिणाम नियत समय पर घोषित किया जा सके। इस अवसर पर तकनीकी प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ0 अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूरी मूल्यांकन समिति अपने कार्य के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण पारदर्शी तरीके से समय पर संपन्न कराने हेतु तत्पर है। उक्त अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, सह समन्वयक मूल्यांकन प्रवीण कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव सह समन्वयक परीक्षा परिणाम समिति डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सत्यम कुमार उपाध्याय, सतीश सिंह, श्याम त्रिपाठी, लाल बहादुर, अंकुर यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम : जनता इस बार भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी : दिव्या गंगवार

जन एक्सप्रेस । हरीश वर्मा

बीसलपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 130-विधानसभा बीसलपुर में लगातार चल रहे जन पंचायतों के क्रम में आज मंगलवार को पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 05 चंदपुरा एवं सेक्टर 01 मुड़िया हुलास में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है, जबकि समाजवादी पार्टी आपसी भाईचारे की राजनीति करती है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने उत्तर प्रदेश में हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किए हैं। पीडीए की एकजुटता ही भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी। उन्होंने कहा भाजपा सरकार चुनाव के टाइम मतदाताओं को लुभाने का काम करती है। चुनाव जीतने के बाद भाजपा भूल जाती है। धरातल पर कोई भी विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। भाजपा केवल भाषण बाजी कर जनता को गुमराह करने का काम करती है। भाजपा जातिवाद में जनता को बताकर उसे तोड़ना चाहती है। सपा हमेशा हर वर्ग को साथ में लेकर कार्य करती है। सपा द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाएं आज भी दिखाई दे रही हैं। भाजपा सरकार ने उनका नाम बदलकर जनता को गुमराह करने का काम किया है। जनता को इस बार भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देना होगा तभी देश खुशहाल रह सकेगा। विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने मजबूत संगठन के बल पर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। जन पंचायत कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा, राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य हरपाल सिंह लोधी, चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, रामप्रताप गंगवार, यासीन अंसारी, बीडी प्रजापति, केदारनाथ गौतम, अभिषेक गंगवार, अमित गौतम सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'योगी सरकार अल्पसंख्यकों के विकास के लिए तत्पर'

✻ राज्यमंत्री ने 62 लाभार्थियों को सौंपा आवास की सांकेतिक चाभी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

विकास खण्ड शाहगंज के सोंधी स्थित सभागार में मंगलवार की दोपहर अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार दानिश आज़ाद ने पीएम आवास योजना के 62 लाभार्थियों को आवास की सांकेतिक चाभी वितरित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुएश्री आज़ाद ने कहा कि हमारा धर्म ये सिखाता है जो हमारे साथ खड़ा है हमे उसके साथ खड़ा होना होगा ।प्रदेश की योगी सरकार अल्पसंख्यकों की आधारभूत सुधाओं के लिए ठोस कार्य कर रही है। सरकार अल्पसंख्यक समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य ,रोजगार पर पूरा ध्यान दे रही है। अल्पसंख्यको के सर्वांगीण विकास के लिए योगी सरकार पूरी तरह तत्पर है। कार्यक्रम के आरम्भ मे ब्लाक के कर्मचारियों व जन प्रतिनिधियों ने मंत्री का पुष्प गुच्छ देकर व मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर बीजेपी अल्पसंख्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हैदर अब्बास,उपजिलाधिकारी शाहगंज शैलेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सोंधी जितेन्द्र प्रताप सिंह,एडीओ पंचायत रमेश यादव, ग्राम प्रधान कृपाशंकर राजभर,बाबर सिद्दीकी,मन्नू नेता उमेश यादव सचिव उमेश यादव,मीना रानी, सेराज अहमद,मो0 अफ़ज़ल,रिंकू सिंह आदि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अंत मे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी ने तथा संचालन कमलाकांत ने किया।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में 2 करोड़ के प्रस्ताव पर लगी मुहर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

✻ बैठक मे सदस्यों ने खेल के मैदान और पेंशन आवेदन के बीबी निस्तारण बालपुष्टहर का उठाया मुद्दा

विकास खण्ड रामपुर में स्थित सभागार मे क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई जिसमें 2 करोड़ रुपए के प्रस्ताव पर मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख राहुल सिंह ने सभी ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर पूरे ब्लाक मे 2 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराने का प्रस्ताव सदन मे रखा जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इसके अलावा बैठक मे क्षेत्र पंचायत सदस्य सैलानी राम खेमापुर ने एक तिहाई पेंशन आवेदन निस्तारित न होने का मुद्दा उठाए। 1200 आवेदनों मे अभी 400 आवेदन निस्तारण के लिए लंबित बता रहे हैं। एडीओ ग्रामपंचायत ने 10 दिन के अंदर आवेदन निस्तारित करने का आश्वासन दिया। फजुलहा के बीडीसी सुरेश यादव सुनील यादव जयप्रकाश यादव ने क्षेत्र के गांव मे खेल के मैदान की कमी का मुद्दा उठाया। इस पर बीडीओ रिचा सिंह ने बताया की विकास खण्ड के तीन गांवों मे बड़े खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं अन्य गावों मे भी ज़मीन तलाश कर खेल के मैदान बनाए जाएंगे आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जा रहे है एवम अवशेष ग्रामपंचायत से प्रस्ताव मांगे गए है। बैठक में सभी सदस्यों से प्रताव मांगा गया पिछली कार्यवाही पर चर्चा हुई । बैठक मे पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित नही रहे, एडीओ पंचायत अवध नारायण सीडीपीओ नही उपस्थित रहे ग्राम पंचायत अधिकारी अभय सरोज धर्मेंद्र आकाश यादव वरुण अल्का वर्मा दीपक सरोज ग्राम प्रधान संजय दुबे सेमुही प्रधान मनोज गौतम संजय गौतम रिंकू कौनजिया नन्हे यादव धर्मेंद यादव निरंजन उपाध्याय प्रधान संतोष पाण्डेय साधना चौहान आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य , ग्राम प्रधान एवम विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत मे ब्लाक प्रमुख राहुल सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया एवम् समापन की घोषणा किए।

फास्ट फॉरवर्ड

अनियंत्रित होकर खंती में पलटा ट्रैक्टर, दब कर चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में खेतों में पुआल काट कर लौट रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दब कर चालक की मौत हो गई। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनखेडा निवासी शैलेन्द्र (35) पुत्र गजराज पड़ोस के गांव नकोटनपुर पैरा (पुआल) का भूसा बनाने गया था। भूसा बनाकर वापस आते समय हसनखेड़ा गांव के समीप ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर मशीन सहित लगभग दस फिट गहरी खंती में जा गिरा। ट्रैक्टर के नीचे चालक भी दब गया। राहगीरों ने बड़ी मसक्कत के बाद उसे निकाला। पास के निजी अस्पताल ले जाने पर वहाँ के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की ख़बर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की लगभग दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। पति की मौत पर आरती का रो रोकर बुरा हाल है। हादसे से उसकी एक साल की बेटी श्रष्टि के सिर से पिता का साया छीन गया।

अधेड़ किसान ने फंदे से लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। चार दिन पूर्व बेटी के बिना बताए कहीं चले जाने आहत पिता ने घर के अंदर फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हुसैननगर पट्टी परशुरामपुर का है। गांव राजकुमार उर्फ नन्हकू पासवान (50) खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बीती 8 फरवरी को उसकी सबसे बड़ी बेटी शिवानी बिना बताए कहीं चली गई। उसका कोई पता न चलने पर उसने थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। उसे बेटी के किसी युवक के साथ भाग जाने की जानकारी हुई। जिससे आहत होकर उसने घर के अंदर गमछे के फंदे से लटक कर जान दे दी। उसका शव फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। भतीजे प्रकाश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस के अनुसार शिवानी के साथ गांव की एक और लड़की लापता है। शनिवार को शिवानी ने पिता के नंबर पर जिस फोन से बात की थी उसकी लोकेशन लुधियाना में मिली है। वहां पर पुलिस टीम भेजी गई है।

अलियापुर के स्कूली बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील के शिक्षाविभाग के अधिकारियों के निर्देशानुसार राजकीय हाईस्कूल आलियापुर के बच्चों को विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

राजकीय हाई स्कूल के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत विज्ञान से संबधिक तथ्यों की जानकारी देने के लिए राजकीय पॉलीटीनीक कानपुर का भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों ने राजकीय पॉलीटीनीक का भ्रमण करते हुए विभिन्न रोचक जानकारी प्राप्त की। राजकीय पॉलीटीनीक कानपुर के प्रधानचर्या ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए इंजिनियरिंग क्षेत्र में जाने के लिए अनेक प्रकार की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर स्कूल के 166 बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रधानाध्यापिका रामरानी पालीवाल की तरफ से सभी बच्चों व अध्यापक व अध्यापिकाओं के लिए भोजन की व्यवस्था कराई गई। इस अवसर पर प्रधानध्यापिका राम रानी पालीवाल, अध्यापिका ममता सिंह, रुचि आदि मौजूद रही।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कानपुर नगर के जिलाध्यक्ष राकेश बाबू पाण्डेय के नेतृत्व में मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर को डिजिटल एमडीएम में बच्चों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आदेश को वापस लेने के संबंध में एवं मानव संपदा पोर्टल पर संशोधन का विकल्प न होने के सन्दर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, बिल्हौर अध्यक्ष डॉ.पुष्पेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष राजकुमार अग्निहोत्री, बिधनू अध्यक्ष श्यामलाकांत दीक्षित, चौबेपुर अध्यक्ष अवधेश दीक्षित, ब्लाक मंत्री दीपेन्द्र शुक्ला राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडलीय महामंत्री संतोष तिवारी मौजूद रहे।

अभय पुरी बने समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण के नये जिला अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। समाजवादी पार्टी के हाई कमान के आदेश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों का फेर बदल किया गया है। और ने अध्यक्षों की सूची भी जारी कर दी गई है। इसी कड़ी में कानपुर ग्रामीण से अभय पूरी कोग्रामीण जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिसको लेकर उनके समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला है। इतना ही नहीं अभय पुरी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष चुने जाने की खुशी में उनके समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर जमकर स्वागत किया। बिठूर ध्रुव नगर वार्ड के सपा पार्षद आदर्श द्विवेदी उर्फ विभु ने कहां कि अभय पुरी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष चुने जाने से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। स्वागत कर्ता में पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह यादव, दीपक शुक्ला, पप्पू लाल यादव, दीपक गौड़, आशीष यादव, सनी यादव, सनी पाल, रिंकेश पाल के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में निदेशक प्रसार डॉ. आर. के. यादव ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र इटावा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, फर्रुखाबाद एवं कन्नौज के कृषि विज्ञान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति और केन्द्रों पर लगी प्रदर्शन इकाइयों की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कृषि वैज्ञानिकों से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान निदेशक प्रसार ने सभी केन्द्रों के अभिलेखों की जांच की और उपस्थिति रजिस्टर मंगाकर वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की हाजिरी देखी। उन्होंने केन्द्रों पर लगी प्रदर्शन इकाइयों वर्मी कंपोस्ट, मधुमक्खी पालन, अजोला, नर्सरी, क्रॉप कैफेटेरिया, नाडेप कंपोस्ट, नेपियर घास एवं प्रक्षेत्र पर लगी फसलों को देखने के साथ निदेशक प्रसार ने सभी प्रभारी/अध्यक्षों को प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि जनपद में ऐसी कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए जिससे किसानों की आय बढ़े। इसके लिए कृषि वैज्ञानिक पूरी तत्परता दिखाएं। जिससे सार्थक परिणाम सामने आ सके।

शातिर चोरों ने राम मंदिर को बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पुलिस से न डरने वाले चोर अब भगवान से भी नहीं डर रहे है। सोमवार देर रात चोरों ने मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। राम दरबार मंदिर में मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर दान पात्र में रखे रुपये चोरी कर लिए। इसके साथ ही मंदिर में पूजन के लिए रखे पीतल के बर्तन और घंटा भी चोर समेट ले गए। मंगलवार सुबह पुजारी ने पहुंचे, तो घटना की जानकारी हुई। दरअसल, पनकी थाना क्षेत्र के पावर हाउस सब्जी मंडी में श्री राम दरबार के नाम से मंदिर है। मंदिर की देखरेख करने वाली दशहरा मेला समिति के सदस्य विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि सोमवार शाम नौ बजे मंदिर के पुजारी मुख्य द्वार का ताला लगा कर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब लौटे तो मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा था।उन्होंने अंदर जाकर देखा, तो दान पात्र भी टूटा था। उसमें रखे एक महीने के दान के लगभग पांच हजार रुपये भी गायब थे। चोर मंदिर के गर्भ गृह में पूजा के लिए रखे पीतल के बर्तन और लगभग दो किलो पीतल का घंटा भी कर उठा ले गए थे। विद्यासागर मिश्रा की सूचना पर पहुंची पनकी पुलिस ने जांच की। पनकी थाना प्रभारी रवींद्र प्रताप सिंह ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

अगले पांच दिनों में हल्की बारिश के आसार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि पंजाब और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। गुजरात क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है जो समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र मराठवाड़ा पर है, और दूसरा विदर्भ के कुछ हिस्सों पर है। पश्चिमी विक्षोभ को मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में देखा जाता है, जिसकी धुरी समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर है। मौसम की इन गतिविधियों को देखते हुए बुधवार को कानपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, कौशांबी, सोनभद्र और मिर्जापुर आदि में बारिश की संभावना है। वहीं धूप निकलने से तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है जिससे लोगों को गलन भरी सर्दी से राहत मिलती दिख रही है।

अरौल भीषण दुर्घटना के बाद कानपुर परिवहन विभाग जागा 77 वाहन के चालान,10 वाहन सीज

*** परिवहन विभाग मारुति वैन पर क्या बैन लगा सकेगी?**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर। तहसील क्षेत्र के अरौल कस्बे में स्कूली वैन, ट्रक और लोडर से भिड गई थी जिसके चलते मौके पर ही एक बच्चे की मौत हो गई थी। और सोमवार को दूसरी बच्ची की भी इलाज के दौरान मौत हो गई उसमें 9 बच्चे गंभीर रूप से घायल कानपुर में विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा था। कानपुर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की शक्ती के चलते परिवहन विभाग जागा और मौके पर आरटीओ विदिशा सिंह अन्य सहयोगियों के साथ पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण करने के उपरांत वाहन स्वामियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है जिसमें सोमवार को 77 वाहनों का चालान किया गया है और 10 वाहन सीज किए गए हैं और यह अगले तीन दिनों तक छापेमारी चलती रहेगी उक्त जानकारी आरटीओ विदिशा सिंह ने बताया 2019 की गाइडलाइन के अनुसार ही विद्यालयों के प्रबंधकों को वाहनों को रखने का अधिकार होगा अगर वह नहीं रखेंगे तो उन पर भी कार्रवाई निश्चित होगी। उन्होंने बताया कि प्रबंधक और अभिभावक अगर सहयोग और साथ दें तो अच्छे वाहन ही बच्चों को आने-जाने के लिए आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी जांच के दायरे में लाया जाएगा जिन विद्यालयों में डग्गामार वाहन आ जा रहे हैं उन नंबरों के वाहन स्वामियों पर और प्रबंधन पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

तू डाल-डाल मैं पात-पात .....

अरौल मारुति वैन भीषण दुर्घटना कांड मे दो बच्चों की अब तक मौत हो चुकी है जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की शक्ति के चलते सड़क परिवहन विभाग ने कमर कस रखी है कि मारुति वैन को टोटल बैन करना है लेकिन मारुति वैन वाले भी कम नहीं है अगर सडक़ परिवहन विभाग डाल-डाल है तो वैन चालक/मालिक पात-पात है यह कहावत पूरी तरह से चरितार्थ हो चुकी है मारुति वैन चालक/मालिक ने गाड़ी के अंदर पर्दे लगाकर बच्चों को भरना शुरू कर दिया है और स्कूल के 20 मीटर पहले ही उतार देते हैं। और फर्राटा भरते हुए चले जाते हैं।

शौचालय के लिए छोड़ी गई जगह में अवैध कब्जा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर नगर पालिका में आए दिन कोई न कोई प्रशासन के कारनामे अखबारों की सुर्खियां बनता रहता है मंगल को अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा लगभग 2:00 बजे नगर पालिका पहुंची इससे लगता है कि कोई अधिकारी से पूछने वाला नहीं है और ना ही अधिकारी किसी कर्मचारी से पूछने की स्थिति में है जिसका परिणाम यह है बिल्हौर नगरपालिका के ठीक सामने रामलीला मैदान के समीप दो मंजिला मार्केट बनी थी उस समय जब निर्माण हुआ था तो बिल्हौर में सबसे बड़ी और आलीशान बिल्डिंग तैयार की गई थी इस बिल्डिंग में शौचालय निर्माण के लिए चिन्हित जगह पर कमरा बना दिया गया था उस स्थान पर सीट आदि नहीं लग सकी थी और उसका उद्घाटन हो गया था और सभी दुकानें किराए पर उठ गई थी वहीं पर दुकानदार शौच क्रिया के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है वर्षो बीत गए रेलवे लाइन के किनारे भागते रहते हैं अगर यह शौचालय निर्माण ठीक से उस समय हो गया होता तो आज जो अवैध कब्जा करके नगर पालिका प्रशासन के बाबू को पैसा जाता है। वह ना जाता होता इस समय कोई सामान रखकर उसमें ताला डाले हुए हैं और अपना काम करता है। आखिरकार नगर पालिका के मृतक आश्रित बाबू ने लूट का अड्डा बना दिया है चाहे कोई भी अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी आया हो इन लोगों ने अपनी ही कलाकारी से ही नगरपालिका मे काम करवाए हैं और अपना पेट भरते नजर आए हैं जनता को क्या सुविधा हो रही है क्या असुविधा हो रही है यह देखने को मिलता है कि शौचालय के लिए छोड़ा गया कमरा भी कब्जा करवा दिया है इस कमरे को लेकर पिछले अध्यक्ष और बाबू से कहा सुनी भी हो चुकी है लेकिन वह कैमरा का ताला ना खुला सके थे और ना अब खुलने की उम्मीद है क्योंकि अनुभवहीन अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी कभी जनता की समस्याओं के लिए कार्यालय से बाहर निकलते ही नहीं है वार्ड नंबर एक के सभासद अतुल तिवारी ने और विस्तार से जानकारियां दी कि किसी लकड़ी वाले ने कब्जा कर रखा है और बाबू के पास महीने में पैसा देता है और जब भी अधिकारी से कहा गया है कि आप समय से आए और समय से जाएं तो वह कहने लगी उन्होंने बताया कि उनको कानपुर में काम रहता है इसके चलते वह लेट आती हैं मैंने कई बार मांग की है लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया है। दुकानदारों को बड़ी ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है हम प्रयास करेंगे हर हालत में शौचालय जल्द बने।

ऐतिहासिक मेला मकनपुर में फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा है अस्पताल, डॉक्टर नदारद

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील ही नहीं कानपुर नगर और भारतवर्ष का ऐतिहासिक मेला मकनपुर जहां पर देश और विदेश से भी मेले में हिंदू और मुस्लिम पहुंचते हैं जिनकी तादाद लाखों की संख्या में मेले के दौरान हो जाती है। वहां पर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं इस वर्ष अच्छी नहीं रही ना डॉक्टर रहे और ना दवाइयां मिलीं ।बसंत पंचमी ऐसा त्यौहार है जब सबसे अधिक भीड़ मकनपुर मेला में दरगाह पर दर्शन करने के लिए लोग पहुंचे हैं इस वर्ष 14 फरवरी को बसंत पंचमी है जिसके दो दिन पहले से और 2 दिन बाद तक मिला कि अधिक भीड़ रहती है वहीं पर इस मेले में सोर्स विभाग स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है कई दिनों से फार्मासिस्ट की ड्यूटी कर रहे हैं डॉक्टर नदारत हैं आज दोपहर 5:00 बजे फार्मासिस्ट बृजेंद्र कुमार गुप्ता और सफाई कर्मचारी अजय मौजूद थे। डॉक्टर ड्यूटी के दौरान नहीं मिले वहीं पर मरीज ने बताया कि फार्मासिस्ट की दवा देते हैं और डॉक्टर नदारत रहते हैं भाजपा के पदाधिकारी नजीबुल बाकी ने बताया इस वर्ष डॉक्टरों की कमी की लोगों ने शिकायत की है कि डॉक्टर नहीं मिलते हैं सिर्फ वहां पर फार्मासिस्ट मिलते हैं और दवाइयां भी मरीजो को नहीं मिलती है प्राइवेट डॉक्टर और मेडिकल स्टोर का सहारा है।

रुद्रा ग्रीन्स अपार्टमेंट के सिक्योरिटी गार्ड कीं मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंहपुर कस्बे में कल्याणपुर बिठूर रोड स्थित रुद्रा ग्रीन्स अपार्टमेंट में बीती सोमवार की रात सिक्योरिटी इंचार्ज की अपार्टमेंट के तीसरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची बिठूर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को फोन पर सूचना दे दी है।

सूत्रों के मुताबिक मृतक राजकुमार तिवारी उम्र लगभग 39 वर्ष देवरिया जिले के तुलसी पर थाना खुकदू का रहने वाला था। वह यश कोठारी वंदना गंगा बैराज स्थित एक निर्माणाधीन निजी अस्पताल में चीफ सिक्योरिटी इंचार्ज के पद पर कार्य कर रहा था। उसी के साथ उसका रूम पार्टनर अनुभव त्रिपाठी भी अस्पताल में ही काम करता था। यह भी बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम को दोस्तों के बीच शराब पार्टी का प्रोग्राम हुआ था। सभी साथियों के जाने के बाद वह कर पार्क करने नीचे आया और फिर वापस नहीं पहुंचा। लोगों की माने तो इसी दौरान राजकुमार की तीसरी मंजिल की से नीचे गिरने की वजह से मौत हो गई है। वही बिठूर थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद मौके पर जब बिठूर पुलिस पहुंची तो रूम में मछली व दारू पार्टी होने के साक्ष्य मिले हैं। इसके अलावा बिठूर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं। लेकिन उसमें कुछ भी नहीं मिला। फिलहाल बिठूर पुलिस इसे हादसा ही मान रही है।

प्रा.आईटीआई सरसौल में किया रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में कानपुर नगर के द्वितीय चरण में मंगलवार को विकासखंड सरसौल महाराजपुर प्रा.आईटीआई सरसौल कानपुर नगर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिनिधि विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सुरेंद्र अवस्थी, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा विनय मिश्रा, आईटीआई लाल बंगला के प्रधानाचार्य चंदन कुमार चौरसिया, प्रबंधक गोपाल गुप्ता, नितिन गुप्ता, अरविंद कटियार, दिनेश सिंह, श्रवण कुमार शुक्ला, अरुण कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। लाल बंगला प्रधानाचार्य ने बताया कि मेले में 13 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागी 391 अभ्यर्थियों में से कुल 149 तकनीकी व गैर तकनीकी अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में विवेक शुक्ला, शक्ति निगम, बी.एस. श्रीवास्तव परम सिंह यादव, सुमित वर्मा, अमन कटियार, विभव शुक्ला, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहे उपकेंद्र भवन

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

विकास खण्ड के गांव जंसार में स्वास्थ्य विभाग के उपकेन्द्र की हालत दयनीय हो गयी है। जिससे केन्द्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को भी वहां बैठकर काम करने में समस्या होती हैं और वह क्षेत्र में रहकर किसी तरह काम करते हैं। वही जरूरतमन्दों को उपकेन्द्र पर स्वास्थ्य कर्मियों के न मिलने से समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जानकारी अनुसार विकासखण्ड के गांव जंसार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्मित भवन में करीब 10 साल पहले एक उपकेन्द्र खोला गया था। जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैनात एएनएम व सीएचओ आदि जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। लेकिन उपकेन्द्र भवन बनने के बाद देखरेख के अभाव में यह भवन जर्जर हो गया है। उपकेन्द्र भवन का गेट व दरवाजे तक क्षतिग्रस्त हो गये है। वही उपकेंद्र परिसर व आसपास झाड़िया हो जाने से आने वाले मरीजों व तीमारदार समेत स्वास्थ्य कर्मियों को भी खतरा बना रहता है। गांव के रामकिशन बताते है कि यहां पर छोटे बच्चो को टीका लगना होता है। भवन के चारों ओर झंडियां होने के साथ ही दरवाजे भी टूट चुके है।

इस संबध में चिकित्साधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया की उक्त भवन जर्जर हो चुका है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियो के पास जा चुकी है। जल्द भवन सही कराया जायेगा। बताया कि यहां पर सीएचओ सोनावती और एएनएम नेहा श्रीवास्तव की डयूटी लगती है, जिन्हे टीकाकरण करना होता है।

लिखित परीक्षा के लिए बनाए गये 129 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 की परिषद परीक्षा की परीक्षा पूर्व तैयारियों को लेकर प्रशासनिक समीक्षा के लिए मंगलवार को कैलाश भवन सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लिखित परीक्षा के लिए बनाए गये 129 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, 11 जोनो में विभाजित सभी परीक्षा केंद्रों के जोनल मजिस्ट्रेट, 21 सेक्टर में विभाजित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नोडल परीक्षा कानपुर नगर उपस्थित रहे। बताते चले कि 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलने वाली इस परीक्षा में संस्थागत एवं व्यक्तिगत हाई स्कूल के 50434 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट के 45687 सम्मिलित होंगे। सभी 129 परीक्षा केदो पर 7172 शिक्षक शिक्षिकाएं रहेंगे। जिसमें 2193 अध्यापक बेसिक शिक्षा परिषद के भी कक्ष निरीक्षक कार्य के लिए लगाए गए हैं। वहीं 129 परीक्षा केंद्रों पर 129 केंद्र व्यवस्थापक 129 अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक एवं 129 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा को नकल विहीन सुचिता पूर्ण शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

परीक्षा के लिए बनाया गया ऑनलाइन/ऑफलाइन कंट्रोल रूम

परीक्षाओं को कुशल पर्यवेक्षक के लिए विभागीय निर्देशों के अनुक्रम में एक ऑनलाइन कंट्रोल रूम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर नगर में तथा एक ऑफलाइन कंट्रोल रूम राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर नगर में स्थापित किया गया है। वही नकल विहीन परीक्षाओं के लिए 6 सचल दलों का गठन किया गया है जिसमें प्रत्येक सचल दल में एक प्रभारी सहित तीन अध्यापक/अध्यापिकाओं को सम्मिलित किया गया है।

आशु दिवाकर की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट ने की मंजूर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना चकेरी के किसान बाबू सिंह यादव की आत्महत्या मामले के आरोपी आशु दिवाकर की अग्रिम जमानत याचिका हाई कोर्ट इलाहाबाद में स्वीकृत कर ली है, आशु दिवाकर की ओर से हाई कोर्ट में उसका पक्ष रखने वाले वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता अखिलेश त्रिपाठी द्वारा इस बात की पुष्टि की गई है। ज्ञातव्य हो कि बीती 9 सितंबर 2023 को थाना चकेरी क्षेत्र में रहने वाले बाबू सिंह यादव नाम के किसान ने ट्रेन के सामने आकर खुदकुशी कर ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मृतक किसान बाबू सिंह की जेब से जो सुसाइड नोट मिला था उसमें कई अन्य के साथ चर्चित भाजपा नेता आशू दिवाकर का भी नाम था जिसमें लिखा गया था कि आशू दिवाकर समेत अन्य ने मिलकर करोड़ों की जमीन हड़प ली और उसे मरने के लिए मजबूर कर दिया। मृतक किसान की बेटी बिटान ने 10 सितंबर को थाना चकेरी में भाजपा नेता समेत शिवम सिंह चौहान, रईस, राहुल जैन, मधुर पाण्डे जितेंद्र यादव, बबलू यादव के खिलाफ़ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अभी भी लगातार भाजपा नेता आशू दिवाकर फरार चल रहा था जबकि पुलिस ने उसके घर पर 82 का नोटिस भी चिपका दिया था। हालांकि उसे पूर्व में ही गिरफ़्तारी पर कोर्ट से राहत मिली थी लेकिन बीते दिन हाईकोर्ट इलाहाबाद में उसकी अग्रिम जमानत याचिका पूर्ण रूप से स्वीकार कर ली गई।

आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाले आरोपी को पांच वर्ष की सजा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन मंगलवार को ए.डी.जे. 26 की न्यायिक कोर्ट द्वारा आत्म हत्या के लिए उकसाने और धमकाने के मामले में आरोपी को 5 वर्ष वा एक वर्ष की सजा सुनाने के साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है। जानकारी देते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्र ने बताया कि थाना महाराजपुर में वर्ष 2007 में आत्म हत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा अभियुक्त पवन यादव के विरुद्ध दर्ज किया गया था, इस मामले में अभियुक्त पर आरोप था कि मृतक पुलक सेन के साथ उसने अपना दिया हुआ कर्ज का पैसा वसूलने के लिए मारपीट करने के साथ ही उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया था, जिसके फल स्वरुप पुलक सेन ने रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या कर ली थी और सुसाइड नोट में अभियुक्त पवन यादव का नाम लिख गया था, मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया, जिसमें माननीय न्यायालय एडीजे 26 द्वारा अंतिम निर्णय देते हुए मंगलवार को आरोपी पवन यादव को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में 5 वर्ष की सजा दस हजार का अर्थदंड और धमकाने के मामले में एक वर्ष की सजा के साथ एक हज़ार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है।

राजन लाल का शिक्षा रत्न सम्मान-2023 के लिए हुआ चयन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश नवाचारी गतिविधियां समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र एवं सबसे बड़ा स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है। राष्ट्रीय नवाचारी टीम के द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान-2023 का आयोजन किया गया।उत्तर प्रदेश राज्य से राजन लाल का इस अवार्ड के लिए चयन हुआ है जो प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम विकासखंड-चौबेपुर जनपद-कानपुर नगर में पदस्थ हैं वह विद्यार्थियों के विकास के लिए बहुत से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

इस प्रतियोगिता का आयोजन-2023 में होना था पर कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के चलते इसे आगे बढ़कर 2024 में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम इसके लिए गूगल फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से पूरे देश से आवेदन प्राप्त किए गए जिनको चयन समिति द्वारा स्क्रूटनी एवं सार्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया और उनके कार्यों के दस्तावेज लिए गए। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं समूह टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी की गई। जिसमें जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले देश के सभी राज्यों के कुल 115 शिक्षकों का राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया।

यूएई पहुंचे पीएम मोदी, गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत, कहा, लगता है अपने घर आया हूं

राष्ट्रपति अल नाह्यान के साथ यूपीआई लॉन्च किया

* दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक हुई और कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अबू धाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की शाम दो दिवसीय यात्रा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। अबू धाबी हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बाद में दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक हुई और कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए खाड़ी देशों के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। उससे पहले वह यहां एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे।

भारत-यूएई के हर क्षेत्र में करीबी रिश्ते

यूएई के राष्ट्रपति के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा, ÷गर्मजोशी से स्वागत के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं जब भी आपसे मिलने यहां आता हूं, तो मुझे हमेशा लगता है कि मैं अपने परिवार से मिलने आया हूं। हम पिछले सात महीनों में पांच बार मिले हैं। यह बताता है कि हमारे कितने करीबी रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, ÷हमने हर क्षेत्र में प्रगति की है और हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच साझा भागीदारी है। बैठक में मौजूद भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा शामिल थे।

यूपीआई रुपे कार्ड सेवा का शुभारंभ किया

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान ने यूपीआई रुपेय कार्ड सेवा का भी शुभारंभ किया। राष्ट्पति नाहयान ने अबू धाबी में सेवा की शुरुआत करने के लिए अपने नाम के एक कार्ड कार्ड को स्वाइप किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि हमारे यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की शुरुआत से फिनटेक के एक नए युग की शुरुआत हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी का सातवां यूएई दौरा

2015 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह सातवां यूएई दौरा है। देश पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए समय निकालने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद का बहुत आभारी हूं। मैं एक उपयोगी (प्रोडक्टिव) यात्रा की उम्मीद कर रहा हूं, जो भारत और यूएई के बीच मित्रता को और मजबूत करेगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने क्या कहा

विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, दोनों नेता कई द्विपक्षीय समझौतों के आदान-प्रदान के गवाह बने। इनमें तत्काल भुगतान प्लेटफॉर्म यूपीआई (भारत) और एएएनआई (यूएई) को इंटरलिंक करने पर एक समझौता भी शामिल है। जो दोनों देशों के बीच निर्बाध सीमा पार लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगा। पिछले साल जुलाई में पीएम मोदी ने अबू धाबी यात्रा के दौरान भुगतान और संदेश प्रणाली को इंटरलिंक करने के लए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री के दौरे के पहले चरण में यूएई के नेतृत्व और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत होगी और अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी यूएई और कतर दो देशों की यात्रा पर हैं। यूएई में यात्रा के पहले चरण में शीर्ष नेतृत्व और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत, अबू धाबी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट शामिल हैं।

यूएई के प्रधानमंत्री के साथ होगी चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी अपने यूएई के समकक्ष मोहम्मद बिन राशिद के साथ भी चर्चा करेंगे। जिसमें दुबई के साथ बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने पर फोकस होगा। प्रधानमंत्री बीएपीएस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

'अहलान मोदी' कार्यक्रम में होंगे शामिल

प्रधानमंत्री आज अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में भारती समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को भारतीय समुदाय के द्वारा आयोजित किया गया है। इसे अहलान मोदी नाम दिया गया है। अरबी भाषा में इसका अर्थ हेलो मोदी होता है। पीएम मोदी 13-14 फरवरी को यूएई में रहेंगे। उसके बाद कतर जाएंगे।

20 लाख करोड़ रुपये का मार्केट कैप हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी रिलायंस

* भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत में 15 फीसद बनता है

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के शेयर आज 20 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण का लक्ष्य पार करने वाली पहली सूचीबद्ध भारतीय कंपनी बन गई। मंगलवार को कंपनी का स्टॉक बीएसई पर 1.89 प्रतिशत तक बढ़कर 52-सप्ताह के उच्च स्तर 2957.80 रुपये पर पहुंच गया। पिछले दो सप्ताह में ही शेयर का बाजार मूल्य एक लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। 29 जनवरी को यह 19 लाख करोड़ रुपये के स्तर को छू गया था। इस कैलेंडर वर्ष में अब तक, भारत के सबसे मूल्यवान स्टॉक की कीमत लगभग 14 प्रतिशत बढ़ गई है। रिलायंस के मार्केट कैप में हुई हालिया बढ़ोत्तरी से इसके मुखिया मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति केवल 2024 में ही 12.5 अरब डॉलर बढ़कर 109 अरब डॉलर हो गई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार वे सबसे अमीर भारतीय हैं और दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। मुंबई स्थित रिलायंस समूह तेल-से-दूरसंचार क्षेत्र में कारोबार करता है और बाजार में इसकी अपनी एक अलग पैठ है। आरआईएल ने अगस्त 2005 में 1 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण हासिल किया था और नवंबर 2019 में यह 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अब 20 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ, आरआईएल भारत में सबसे मूल्यवान कंपनी कंपनी बन गई है, जो टीसीएस (15 लाख करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (10.5 लाख करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (7 लाख करोड़ रुपये), और इंफोसिस (7 लाख करोड़ रुपये) जैसी अन्य कंपनियों से बहुत आगे है। दिसंबर तिमाही के लिए आरआईएल के वित्तीय परिणाम बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहे। रखरखाव गतिविधियों के कारण कंपनी का ओ2सी EBITDA तिमाही आधार पर 14प्रतिशत कम होकर 140.6 बिलियन तक गिर गया। हालांकि, जियो का EBITDA तिमाही आधार 1.4प्रतिशत बढ़कर 142.6 बिलियन रुपये हो गया, और रिटेल का EBITDA तिमाही आधार पर 8 प्रतिशत बढ़कर 62.7 बिलियन रुपये हो गया।

देश की सबसे बड़ी कंपनी है रिलायंस

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्री देश की सबसे बड़ी कंपनी है। मुंबई बेस्ड रिलायंस ग्रुप, ऑयल से लेकर टेलिकॉम और रिटेल सेक्टर में काम करता है। वहीं इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का नंबर आता है। टीसीएस का मार्केट कैप 15.07 लाख करोड़ है।

देश के सबसे अमीर आदमी हैं मुकेश अंबानी

फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर आदमी हैं। उनकी टोटल नेटवर्थ 9.38 लाख करोड़ रुपए है। वहीं अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी 6.64 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

लोक परीक्षा से जुड़े विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी को रोकने के लिए कुछ दिन पहले बजट सत्र में संसद द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक-2024 को पारित किया गया था, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि इस कानून का उद्देश्य तमाम सरकारी प्रवेश परीक्षाओं में धांधली रोकना है और धोखाधड़ी की जांच करना है। साथ ही सरकारी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता लाना है। गौरतलब है कि सोमवार को राष्ट्रपति ने इस विधेयक को मंजूरी दे दी थी। यह आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केंद्र सरकार द्वारा तय की गई तारीख पर लागू होगा। अधिनियम में सार्वजनिक परीक्षाओं का अर्थ केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकारियों द्वारा आयोजित परीक्षाओं से है। इनमें संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और भर्ती के लिए केंद्र सरकार के विभाग और उनसे जुड़े कार्यालय शामिल हैं। सार्वजनिक परीक्षा के दौरान उम्मीदवार की सहायता करना, कंप्यूटर नेटवर्क या संसाधनों के साथ छेड़छाड़ करना, शॉर्टलिस्टिंग या मेरिट सूची या रैंक को अंतिम रूप देने के लिए दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करना और फर्जी परीक्षा के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं। यह अधिनियम समय से पहले परीक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी का खुलासा करने और अनधिकृत लोगों को व्यवधान पैदा करने के लिए परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करने से भी रोकता है। इन अपराधों के लिए तीन से पांच साल तक की कैद और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना होगा।

इसके उद्देश्य क्या हैं?

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में कहा था कि पिछले कुछ वर्षों में प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों ने लाखों छात्रों और अभ्यर्थियों के हितों को प्रभावित किया है। इसे रोकना जरूरी है। ऐसा नहीं करना लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। बजट सत्र की शुरुआत पर दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। इस दिशा में सख्ती लाने के लिए नया कानून बनाने का निर्णय लिया गया है। विधेयक का मकसद परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकना है। संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और केंद्र सरकार के विभाग और भर्ती के लिए उनके जुड़े कार्यालय द्वारा कराई जाने वाली परीक्षाएं इस विधयेक के दायरे में आएंगी।

लोक परीक्षाओं के संबंध में अपराध

कानून में कहा गया है कि यह परीक्षा में होने वाली किसी भी अनुचित लिप्तता या मिलीभगत या साजिश पर रोक लगाता है। इन अपराधों को कारित करने पर तीन से पांच साल तक की कैद और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना होगा।

पश्चिम बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों ट्रेनी पायलट सुरक्षित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

भारतीय वायु सेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है, जो संभावित तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि सहित घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी। आईएएफ ने आधिकारिक कहा कि भारतीय वायुसेना का एक हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

पूर्व सीएम अशोक चव्हाण भाजपा में शामिल, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने करायी पार्टी में एंट्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। अशोक चव्हाण मुंबई में भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रकांत बावनकुले ने पार्टी में उनका स्वागत किया। अशोक चव्हाण के साथ ही कांग्रेस के पूर्व एमएलसी अमर रजुरकर ने भी भाजपा की सदस्यता ली। अशोक चव्हाण ने आज सुबह ही भाजपा में जाने की पुष्टि कर दी थी। अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अन्य सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद से ही चव्हाण के भाजपा में जाने की चर्चा थी।

'ये सैनिकों का अपमान'

शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने की खबरों पर कहा है कि अगर भाजपा अशोक चव्हाण को राज्यसभा भेजती है तो ये सैनिकों का अपमान होगा। दरअसल अशोक चव्हाण पर आदर्श हाउसिंग घोटाले को लेकर आरोप लगे थे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पीएम मोदी और देवेंद्र फडणवीस भी अशोक चव्हाण पर आदर्श हाउसिंग घोटाले को लेकर आरोप लगा चुके हैं और अब अगर उन्हें राज्यसभा भेजा जाता है तो ये सैनिकों का अपमान होगा। बता दें कि मुंबई में रक्षा मंत्रालय की जमीन पर आलीशान रिहायशी बिल्डिंग का निर्माण किया गया था। इस मामले में अशोक चव्हाण पर आपराधिक साजिश रचने और धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। हालांकि चव्हाण ने इन आरोपों से इनकार किया था।

'भाजपा के दबाव में बिखर रहे नेता'

शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि वह इससे बिल्कुल भी अचंभित नहीं हैं, लेकिन जो नेता अपनी ताकत से भाजपा से लड़ने की क्षमता रखते हैं, वे दबाव में बिखर रहे हैं। शरद पवार-एनसीपी प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने कहा कि चव्हाण एक और उदाहरण हैं कैसे भाजपा विपक्षी नेताओं पर दबाव बना रही है। वहीं अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा अपनी असली पहचान खो चुकी है और ये सभी कांग्रेस नेताओं को आयात कर रहे हैं।

केजरीवाल को मिली राहत, यूपी में दिल्ली सीएम के खिलाफ कार्यवाही पर रोक बरकरार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी। केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुल्तानपुर की एक ट्रायल कोर्ट में लंबित आपराधिक मामले में केजरीवाल को आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की।

क्या हैं केजरीवाल पर आरोप: केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व (आरपी) अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान के दौरान कथित तौर पर कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, ... देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा है कि उन्होंने किसी धर्म या जाति का नहीं बल्कि केवल एक राजनीतिक दल का जिक्र किया था और जन प्रतिनिधि अधिनियम की धारा 125 के प्रयोजनों के लिए किसी राजनीतिक दल को नागरिकों का एक वर्ग नहीं माना जा सकता है।

आय से अधिक संपत्ति मामले में डीके शिवकुमार की बढ़ी मुश्किलें, लोकायुक्त पुलिस ने दर्ज किया मामला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आय से अधिक संपत्ति की जांच सीबीआई से अपने पास स्थानांतरित करने की उम्मीद के बीच उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ लोकायुक्त अधिकारी ने कहा कि लोकायुक्त पुलिस इस मामले को सीबीआई से लोकायुक्त को स्थानांतरित करने की उम्मीद कर रही है। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि मंजूरी वापस लेने के राज्य सरकार के आदेश पर सीबीआई ने कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया हुआ है। अधिकारी ने कहा कि लोकायुक्त राज्य सरकार के आदेशों को बंधा हुआ है। राज्य सरकार के आदेश के अनुसार हमने मामला दर्ज किया है। हम अदालत के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं कि मामला हमें स्थानांतरित किया जाता है या नहीं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच करने में लोकायुक्त पर फिलहाल कोई रोक नहीं है क्योंकि अदालत ने कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि सीबीआई द्वारा मामले के दस्तावेजों को स्थानांतरित किए बिना, कुछ बुनियादी जांच को छोड़कर हम अभी बहुत कुछ नहीं कर सकते हैं। कुछ सार्थक जांच के लिए, हम उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार कर रहे हैं और हम कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि कर्नाटक कैबिनेट ने पिछले साल नवंबर में डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को मंजूरी देने के पिछली भाजपा सरकार के फैसले को वापस ले लिया था।

सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून पर रोक लगाने से इनकार, सरकार से मांगा जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून पर रोक लगाने से मंगलवार को दूसरी बार इनकार कर दिया। अदालत ने याचिका को इस मुद्दे पर लंबित मामलों की सूची में जोड़ते हुए निर्देश दिया कि सभी याचिकाओं पर आम चुनाव से कुछ दिन पहले अप्रैल में सुनवाई की जाए। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर की गई नई याचिका में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून के अमल पर रोक लगाने की मांग की गई थी। नए कानून के तहत प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाला पैनल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करेगा। पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल नहीं होंगे।

मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं से किए अपने तीन वादे तोड़े: खरगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार पर किसानों के आवाज को दबाने का आरोप लगाया है। खरगे ने केंद्र सरकार पर यह आरोप तब लगाया जब करीब हजारों की संख्या में किसान पंजाब से दिल्ली पहुंचे। खरगे ने बताया कि अधिकारियों ने किसानों को शहर में प्रवेश करने से रोका। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, कंटीले तार, ड्रोन से आंसू गैस, कीले और बंदूकें सबका है इंतजाम तानाशाही मोदी सरकार ने किसानों की आवाज पर जो लगानी है लगाम। याद है ना आंदोलनजीवी व परजीवी कहकर किया था बदनाम, और 750 किसानों की ली थी जान खरगे ने मोदी सरकार पर किसानों से किए तीन वादे तोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, 10 वर्षों में मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं से किए गए अपने तीन वादे तोड़े हैं:

- 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी
- स्वामीनाथन रिपोर्ट के मुताबिक लागत और 50 प्रतिशत एमएसपी लागू करना
- एमएसपी को कानूनी दर्जा।

मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा, अब समय आ गया है 62 करोड़ किसानों की आवाज उठाने का। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आज कांग्रेस पार्टी किसान न्याय की आवाज उठाएगी। हमारा किसान आंदोलन को पूरा समर्थन है। न डरेंगे, न झुकेंगे। किसानों के मार्च पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, %बातचीत के दौरान किसान नेताओं के एक्स हैंडल बंद किए जा रहे हैं। ये कैसा मुलाकात है? पिछले दो वर्षों में आपको समझ नहीं आया कि किसान क्या चाहते हैं? किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि मामला किया खारिज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजद नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर मानहानि मामले की शिकायत को खारिज कर दिया है। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन की पीठ ने अपने आदेश में कहा हमने शिकायत खारिज कर दी है। तेजस्वी यादव ने बीती 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर गुजरातियों के लेकर दिया अपना बयान वापस ले लिया था। बीती 5 फरवरी को कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। तेजस्वी यादव ने बीते साल मार्च में अपने एक बयान में कहा था कि अब की परिस्थितियों में सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी को माफ भी कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव के इस बयान के विरोध में गुजरात के रहने वाले हरेश मेहता ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था। हरेश मेहता का आरोप था कि तेजस्वी यादव के बयान से गुजरातियों का अपमान हुआ है। इसके बाद मामले की सुनवाई अहमदाबाद की कोर्ट में चल रही थी। शिकायत के बाद अहमदाबाद कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 202 के तहत जांच करायी थी। जांच के आधार पर कोर्ट ने तेजस्वी यादव को समन जारी किया था। इस पर तेजस्वी यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मामले को गुजरात से बाहर और प्राथमिक तौर पर दिल्ली शिफ्ट करने की मांग की थी।

आप का कांग्रेस को 1 लोकसभा सीट का प्रपोजल

कहा, दिल्ली में कांग्रेस एक भी सीट की हकदार नहीं, हम तो गठबंधन धर्म निभा रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने अब तक गोवा, असम और गुजरात से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को आप सांसद संदीप पाठक पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक के बाद ब्लॉक के साथ सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा की। संदीप ने बताया कि योग्यता के आधार पर कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एक भी सीट की हकदार नहीं है, लेकिन गठबंधन के धर्म को ध्यान में रखते हुए, उन्हें दिल्ली में एक सीट की पेशकश कर रहें हैं। हम प्रस्ताव देते हैं कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी 1 सीट पर और आप 6 सीटों पर लड़े।

कांग्रेस ने प्रस्ताव नहीं माना तो दिल्ली में जल्द 6 नामों का ऐलान करेंगे

संदीप ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने 2019 लोकसभा चुनाव में जीरो सीट, विधानसभा में जीरो सीटे, एमसीडी चुनावों में 250 में से सिर्फ 9 सीटें जीतीं हैं। इन आंकड़ों के अनुसार कांग्रेस एक भी सीट चुनाव लड़ने के लायक नहीं है। हम दिल्ली में 6 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

पंजाब में अकेले लड़ेगी आप

आम आदमी पार्टी ने पिछले महीने 24 जनवरी को ही ऐलान कर दिया था कि वह पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसके लिए अंदरूनी तौर पर क्कने पूरी तैयारी कर ली हैं। 13 लोकसभा सीटों पर 40 नामों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई है। किसी सीट पर 2 तो किसी पर 4 विकल्प भी रखे गए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)